■ साइबर अपराधों के खिलाफ बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए बनेगी एसओपी - 12

■ डब्ल्यूईएफ में वैश्विक दिग्गजों के सामने दमदार उपस्थिति के लिए तैयार भारत - 12

■ ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर लगाई रोक - 13

■ लिन चुन यी और आन से यंग बने इंडिया ओपन चैंपियन - 14

आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.58
सूर्यास्त 05.41

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:14 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

सोमवार, 19 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 156, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

हर-हर गंगे

मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में संगम पर अनुष्ठान करते संत।

आस्था का महासागर... संगम में 4.5 करोड़ ने लगाई डुबकी

● कड़ाके की ठंड में मौनी अमावस्या पर अयोध्या से लेकर काशी-मथुरा तक उमड़ा जनसैलाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मौनी अमावस्या पर कड़ाके की ठंड, घना कोहरा और शीतलहर भी श्रद्धालुओं को नहीं रोक सके। ब्रह्ममुहूर्त से ही संगम, गंगा, सरयू और यमुना के घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। संगम में 4.5 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है। स्नान, दान और मौन के इस महापर्व पर प्रदेश भर में हर-हर गंगे और हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे।

प्रयागराज में स्नान करने आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। प्रशासन के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे तक करीब 1.5 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके थे। दोपहर 12 बजे तक यह संख्या 3.15 करोड़ पहुंची, शाम होते-होते चार करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर नया रिकॉर्ड बना दिया। काशी में दशाश्वमेध, अस्सी और राजघाट समेत प्रमुख गंगा घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मथुरा और वृंदावन में यमुना घाटों पर भी जनसैलाब उमड़ा। कानपुर में महाराजपुर के ड्योढ़ी गंगा घाट पर भोर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। अन्य शहरों में भी लोगों ने पवित्र नदियों में स्नान किया।

सीएम योगी ने किया स्वागत: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौनी अमावस्या पर शुभकामनाएं देते हुए संगम में पवित्र स्नान के लिए आए अखाड़ों, संतों, साधकों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

पुलिस ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को रोका, साधुओं से हाथापाई, संत भड़के

प्रयागराज। माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के काफिले को पुलिस ने संगम तट पर जाने से रोक दिया। इस पर शंकराचार्य के शिष्यों और पुलिस के बीच तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस और शंकराचार्य के शिष्यों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। पुलिस ने उन्हें धक्का देकर पीछे हटाया। इस घटना से संतों में भारी नाराजगी फैल गई। पुलिस प्रशासन के मुताबिक मौनी अमावस्या के दिन मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया था। अपने काफिले के साथ संगम तट जा रहे शंकराचार्य को इसी कारण रोका गया था। अधिकारियों ने कहा कि शंकराचार्य से पैदल जाने का अनुरोध किया गया था।

ब्रीफ न्यूज

दिल्ली-एनसीआर में छायी जहरीली धुंध, एक्यूआई 440 के पार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में रविवार को जहरीले स्मॉग की मोटी परत छा गई, जिससे वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई। दिल्ली में सभी 39 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र 'रेड' श्रेणी में दर्ज किए गए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शाम 4 बजे दिल्ली का 24 घंटे का औसत एक्यूआई 440 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी की सीमा 400 से काफी ऊपर है। शनिवार को दिल्ली का एक्यूआई 400 था। गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जहां एक्यूआई एक दिन पहले के 394 से बढ़कर 458 पहुंच गया।

किश्तवाड़: आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के आठ जवान घायल

जम्मू। किश्तवाड़ जिले के सुदूर वन क्षेत्र में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच छिड़ी मुठभेड़ में आठ जवान घायल हो गए। आतंकवादियों को मार गिराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी भेजे गए हैं। सेना की जम्मू आधारित व्हाइट नाइट कोर द्वारा 'ऑपरेशन त्राशी-1' नाम से शुरू किया गया अभियान दोपहर को शुरू हुआ। 'व्हाइट नाइट कोर' ने बताया कि जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के तहत तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों का सोननार क्षेत्र में आतंकवादियों से सामना हुआ।

उत्तराखंड में आज से 'ई-डिटेक्शन' प्रणाली होंगे स्वत: चालान

देहरादून। उत्तराखंड परिवहन विभाग सोमवार से 'ई-डिटेक्शन' प्रणाली शुरू करने जा रहा है जिसके जरिए वाहन चलाने के लिए जरूरी वैध प्रमाणपत्रों के बिना प्रदेश में प्रवेश करने वाली गाड़ियों का स्वत: ई-चालान हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के सात टोल प्लाजा पर यह प्रणाली लगा दी गई है जो फास्टैग के जरिए वाहनों के पंजीकरण नंबरों को दर्ज करेगी, फिर परिवहन मंत्रालय के डेटाबेस पोर्टल 'वाहन' के जरिए उस गाड़ी के पंजीकरण, बीमा, प्रदूषण, रोड टैक्स और फिटनेस जैसे प्रमाणपत्रों का सत्यापन करेगी।

घने कोहरे से दृश्यता शून्य, सड़कों पर भिड़े 70 से ज्यादा वाहन, 11 की मौत

प्रदेश में लगातार दूसरे दिन बरपा कोहरे का कहर, 75 से ज्यादा लोग घायल हुए इन दुर्घटनाओं में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के ज्यादातर जिलों में लगातार दूसरे छाया घना कोहरा सड़कों पर जानलेवा साबित हुआ। शून्य दृश्यता के बीच हुए ताबड़तोड़ हादसों में 70 से ज्यादा वाहन सड़कों पर टकराए। इनमें 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक लोग घायल हुए हैं। कड़ाके की ठंड की वजह से भी जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा।

सबसे भीषण हादसा अमरोहा में हुआ, जहां घने कोहरे के बीच हाईवे पर 15 वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। वाहनों के आपस में टकराने के बाद क्षतिग्रस्त होकर खड़े जाने से सड़क बंद हो गई जिसकी वजह से घंटों तक यातायात ठप रहा। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद क्रेनें मंगवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को एक साइड खड़ा कराया, तब कहीं यातायात सुचारू हुआ। इसके अलावा कानपुर-अमेठी मार्ग पर कार-ट्रक भिड़ंत में दो, बाराबंकी और कासगंज में एक-एक व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई। शून्य दृश्यता की वजह से मुजफ्फरनगर हाईवे पर ट्रक-कार की भिड़ंत में एक, मैनपुरी में कोहरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा जाने से एक, हरदोई में सड़क पार करते समय वाहन की चपेट में आने से दो , बरेली में एक तथा शाहजहांपुर में बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

अमरोहा में घने कोहरे में टकराने के बाद सड़क पर खड़ी क्षतिग्रस्त गाड़ियां।

50 से अधिक जिलों में छाया रहा घना कोहरा

राजधानी लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या, बरेली, कानपुर समेत प्रदेश के 50 से ज्यादा जिले घने से अत्यंत घने कोहरे की चपेट में रहे। कई इलाकों में दृश्यता शून्य से 50 मीटर तक सिमट गई। सुबह के वक्त सड़कों पर खड़े वाहन भी आखिरी पल में नजर आए, जिससे टक्कर की घटनाएं बढ़ती चली गईं।

रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित

कोहरे का असर सड़क तक सीमित नहीं रहा। रेल और हवाई सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं। भारतीय रेल के अनुसार गोरखपुर, वाराणसी समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर 100 से अधिक ट्रेनें देरी से चलीं। लखनऊ एयरपोर्ट पर हालात और गंभीर रहे। यूएई और मुंबई से आने वाली कई उड़ानों को आधे घंटे तक आसमान में चक्कर लगाना पड़ा। दृश्यता बेहद कम होने के कारण कुछ फ्लाइट्स को दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

शीतलहर के प्रकोप से हरदोई सबसे ठंडा

बीते 24 घंटों में हरदोई 3 .5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों तक पहुंच गया है, जिससे शीतलहर और तीखी हो गई है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले तीन दिन तक ठंड और घना कोहरा बना रह सकता है।

घुसपैठियों की मदद कर राष्ट्रीय सुरक्षा से खेल रहीं ममता: मोदी

सिंगूर, एजेंसी

● प्रधानमंत्री का चुनाव अभियान जारी, सिंगूर की रैली में बोला तृणमूल कांग्रेस पर हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करके राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास और सुशासन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पश्चिम बंगाल में पार्टी के महाजंगल राज को समाप्त करना जरूरी है। हुगली जिले के सिंगूर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार सीमा पर बाड़ लगाने सहित महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों पर केंद्र के साथ सहयोग नहीं कर रही है।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग करते हुए तृणमूल सरकार को पत्र लिख रही है, लेकिन राज्य सरकार ने कुछ नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार राज्य से अवैध प्रवासियों को बाहर करेगी। भाजपा को आपका वोट बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालने में मदद करेगा। मोदी ने राज्य में डबल इंजन वाली सरकार बनाने के लिए सत्ता परिवर्तन की अपील करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस के महाजंगलराज को समाप्त करना आवश्यक है। पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य में टीएमसी का सिंडिकेट राज बेखौफ चल रहा है। भाजपा सरकार इसे खत्म करेगी। उद्योग और निवेश तभी आएंगे जब कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधरेगी। मोदी ने कहा, लोगों को भाजपा को वोट देना चाहिए, ताकि संदेशखलि में भूमि हड़पने और बलात्कार की घटनाएं दोबारा न हों।

असम को 6,957, सिंगूर को दी 830 करोड़ की परियोजना

मोदी ने रविवार को सिंगूर में 830 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। असम के नगांव जिले में 6,957 रुपये की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। मोदी ने यहां कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने पूर्वोत्तर राज्य असम में अपने शासन के दौरान वोट के लिए घुसपैठियों को जमीन सौंप दी।

बम की सूचना पर विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

● इंडिगो के सुरक्षा अधिकारी ने थाना सरोजनीनगर में दर्ज कराई रिपोर्ट

लखनऊ। लखनऊ के चौधरी चरण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली से पश्चिम बंगाल के बागडोरा जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में बम की सूचना पर यहां इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। पुलिस ने बीडीएस, डॉग स्क्वायड और दमकल टीम के साथ जांच की लेकिन बम मिलने की पुष्टि नहीं हुई।

विमान के बाथरूम में एक टिश्यू पेपर जरूर मिला, जिस पर लिखा था कि फ्लाइट में बम है। इंडिगो के सुरक्षा अधिकारी विपिन ने थाना सरोजनीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंडिगो एयरलाइंस की यह फ्लाइट 6ई-6650 रविवार सुबह दिल्ली से बागडोरा जा रही थी। बम की सूचना से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। विमान की सुबह करीब 9:15 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई गई।

शिंदे के हारे उम्मीदवार ने भाजपा के विजेता प्रत्याशी के घर डाली डकैती

● अपने चुनाव में खर्च हुए 55 लाख की वसूली के लिए की वारदात, राकांपा प्रत्याशी को भी धमकी

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक नगर निगम चुनाव में शिवसेना (शिंदे गुट) के एक पदाधिकारी ने अपनी मांग के चुनाव हारने के बाद चुनाव खर्च की वसूली के लिए भाजपा के विजेता निर्वाचित प्रत्याशी के घर डकैती डाल दी।

पुलिस ने शिंदे गुट के नेता पवन पवार और उसके भाई सहित करीब 15-17 लोगों पर दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पवन की मां आशा चंद्रकांत पवार ने चुनाव लड़ा था। हारने के बाद पवन पवार ने अपने भाई और साथियों समेत चुनाव खर्च वसूलने के लिए भाजपा के जीते उम्मीदवार शरद मोरे के घर में घुसकर मारपीट की और डकैती डाली। पवन ने राकांपा के हारे प्रत्याशी से भी रंगदारी मांगी और हत्या की धमकी दी।

आप सांसद संजय, पप्पू यादव समेत 8 पर केस

वाराणसी, एजेंसी

● मणिकर्णिका घाट की एआई से बनी फर्जी तस्वीरें वायरल करने का आरोप

वाराणसी पुलिस ने मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के बारे में सोशल मीडिया पर एआई से निर्मित तस्वीरें, वीडियो और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने के आरोप में आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह और कांग्रेस नेता पप्पू यादव व जसविंदर कौर सहित आठ लोगों के खिलाफ आठ प्राथमिकी दर्ज की हैं।

एसीपी अतुल अंजान त्रिपाठी के मुताबिक मणिकर्णिका घाट को लेकर भ्रामक वीडियो और एआई से बनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में थाना चौक में आठ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। एसीपी ने बताया कि इसके बाद भी एक और भ्रामक वीडियो वायरल किया गया, जो एआई से बना था। इसके साथ एआई से बनी तस्वीरें भी साझा की गईं, जिससे लोगों में भ्रम और गुस्सा फैला। आरोपियों में पोस्ट करने, उसे रीट्वीट करने और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने कहा, यह काम सिर्फ भ्रामक सूचना फैलाने का नहीं है, बल्कि धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास भी किया गया, जो दंडनीय अपराध है।

सिर्फ मैं नहीं, साधु भी कर रहे हैं विरोध : संजय सिंह

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद संजय सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री के क्षेत्र में मणिकर्णिका घाट को तहस नहस किया गया, मंदिरों को तोड़ा गया, काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराने वाली माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भी तोड़ी गई जिसका विरोध काशी के साधुओं और अहिल्याबाई होल्कर के परिवार ने किया। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने भी विरोध दर्ज कराया। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा, मंदिर तोड़ने वाले पापियों पर कारवाई करो, मुझे डराने की कोशिश मत करो।

आरटीआई: मुवक्किलों के लिए सूचना नहीं मांग सकेंगे वकील

नई दिल्ली, एजेंसी

● केंद्रीय सूचना आयोग ने लागू की व्यवस्था, कहा- यह कानून के मूल उद्देश्य के अनुरूप नहीं

वकील अपने मुवक्किल के लिए किसी भी मामले से संबंधित जानकारी आरटीआई के तहत नहीं मांग सकेंगे। केंद्रीय सूचना आयोग की ओर से यह व्यवस्था लागू की गई है। आयोग ने इसके साथ टिप्पणी की है कि यह परिपाटी पारदर्शिता कानून के मूल उद्देश्यों को विफल कर देगा।

आयोग ने इसी के साथ हरियाणा के नवोदय विद्यालय में फलों और सब्जियों की आपूर्ति के अनुबंध को समाप्त करने संबंधी विवाद में एक अधिवक्ता की दूसरी अपील खारिज कर दी। केंद्रीय सूचना आयोग ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा, वकील मुवक्किल की ओर से दायर मामलों में जानकारी नहीं मांग सकता है। हाईकोर्ट ने कहा था कि पाबंदी न होने पर हर वकील मुवक्किल की ओर से सूचना प्राप्त करने के लिए अधिनियम के प्रावधानों का सहारा लेगा जो आरटीआई के उद्देश्यों को अनुरूप नहीं होगा।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो और नक्सली मारे गए

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जारी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में रविवार को दो और नक्सलियों को मार गिराया। शनिवार को भी इसी क्षेत्र में चार नक्सली मारे गए थे।

पुलिस के मुताबिक ताजा मुठभेड़ जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के जंगलों में सुबह हुई, जहां सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम नक्सलरोधी अभियान चला रही है। मारे गए दोनों नक्सलियों की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को मारे गए नक्सलियों की पहचान दिलीप वेदजा, मदवी कोसा, लक्खी मदकम तथा राधा मेट्टा के रूप में हुई है।

स्वास्थ्य क्षेत्र | योगी ने किया यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन, बोले – प्रदेश पर 35 करोड़ लोगों की सेहत की जिम्मेदारी

हेल्थकेयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी हब बनेगा यूपी : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजधानी लखनऊ में यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश अब केवल 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य नहीं रहा बल्कि 35 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जिम्मेदारी उठाने के साथ देश और पड़ोसी राज्यों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है।

सरकार उत्तर प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर इनोवेशन और फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का राष्ट्रीय व वैश्विक हब बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है।

परिणाम जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर केवल 40 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज पूरी तरह क्रियाशील हैं। इसके साथ दो एम्स, 100 से अधिक जिला अस्पताल, सैकड़ों सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की मजबूत शृंखला खड़ी की गई है, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लागू होने से पहले गंभीर बीमारी गरीब परिवारों के लिए अभिशाप बन जाती थी। लेकिन आज उत्तर प्रदेश में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से प्रति परिवार 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज संभव हुआ है। जो पात्र परिवार इस योजना से वंचित रह गए, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कवर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुधारों का सीधा असर मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी के रूप में सामने आया है। संस्थागत प्रसव राष्ट्रीय औसत के समकक्ष पहुंच चुका है।

मेडिकल डिवाइस और फार्मा सेक्टर युद्धस्तर पर किया जा रहा विकसित

मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क का विकास युद्धस्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' से आगे बढ़कर 'मेक फॉर द वर्ल्ड' का है और निवेशकों को उत्तर प्रदेश आने के लिए खुला आमंत्रण दिया।

यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण, पुस्तक का भी विमोचन

मुख्यमंत्री ने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म क्लिनिकल ट्रायल, मेडिकल डिवाइस और फार्मा रिसर्च से जुड़ी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन, पारदर्शी और समयबद्ध बनाएगा। इंस्टीट्यूशनल एथिक्स कमेटी की एसओपी पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश : असीम अरुण

तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्सपो-2026 का समापन, वक्ताओं ने कहा- यूपी उत्पादन का पॉवर हाउस, एमएसएमई विकसित भारत की नींव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि फ़ूड सेक्शन कभी आउटडेटेड नहीं होता। हम इसकी बेहतरी को काफी कुछ कर रहे हैं। आज जापान को पीछे छोड़ भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। हम समाज की विषमताओं को दूर करने के लिए प्रयास भी कर रहे हैं। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की ओर से गोमतीनगर के रिंगेलिया ग्रीन्स में आयोजित तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्सपो-2026 के समापन अवसर पर रविवार को बतौर मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा कि कम दाम में हर परिवार तक भोजन पहुंचना हमारी चुनौती है। हमें देखना होगा कि ज्यादा से ज्यादा फ्रेश खाना हमारी प्लेट में आए उन्होंने सावधान किया कि पैक खाने में केमिकल होता है, जिसकी वजह से बीमारियां बढ़ रही हैं। हमारे बच्चे पैक खाने की तरफ आकर्षित हैं, यह हमारे लिए गंभीर चिंता की बात है।

लखनऊ : इंडिया फूड एक्सपो 2026 के समापन अवसर पर सम्मानित होने वाले लोगों का ग्रुप, इस मौके पर उपस्थित समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री असीम अरूण व मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टेट ट्रांसफर्मेशन कमीशन मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे। अमृत विचार

प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव व स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने इस मौके पर कहा कि आईआईए ने अलग-अलग शहरों में चार कार्यक्रम कर अच्छा काम किया। एमएसएमई से जुड़े लोगों को इससे ज्यादा फायदा होगा। यूपी में 98 लाख एमएसएमई हैं, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। यूपी के लिए फूड प्रोसेसिंग और एमएसएमई में सबसे आगे है। यूपी उत्पादन का पॉवर हाउस है। लोक निर्माण विभाग के पूर्व प्रमुख अभियंता और वाराणसी के विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांव में रहती है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की पंक्ति में खड़ा करना है। ऐसे में एमएसएमई को आगे बढ़ाना है। आईआईए के वूमेन इंटरप्रेन्योर सेल की चेयरपर्सन आनंदी अग्रवाल ने कहा कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में फ़ूड इंडस्ट्री पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें बैंकों के अधिकारी और सीनियर आर्किटेक्ट भी मौजूद रहे। आज बेकरी सेक्टर पर विस्तार से चर्चा करते हुए यह सिखाया गया कि अपने बिजनेस को कैसे आगे बढ़ाया जाए। आईआईए के पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि 40 साल पहले कुछ लोगों ने आईआईए को बनाया था। पूरी टीम की लगातार मेहनत का नतीजा है। आईआईए के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट आलोक अग्रवाल ने कहा कि एमएसएमई रोजगार उपलब्ध कराती है। आईआईए लगातार विकसित भारत के लिए काम करता है। एमएसएमई आर्थिक और सामाजिक योगदान देता है और यह विकसित भारत की नींव है।

इंडिया फूड एक्सपो में इन्हें मिला सम्मान

मंत्री असीम अरुण ने एक्सपो में लगे 115 स्टालों में से 11 सर्वश्रेष्ठ स्टालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पहला पुरस्कार समृद्धि पैकेजिंग के सक्षम को, दूसरा पुरस्कार एशियन थाई फूड के नमन को, तीसरा पुरस्कार लखनऊ के भरतिया फूड को, चौथा पुरस्कार अरोरा फूड इंडस्ट्रीज के यूनिक अचार को, पांचवां पुरस्कार अवध प्रीमियम को, छठा पुरस्कार होटल प्रोडक्ट बनाने वाले मून स्टार को, सातवां पुरस्कार एफोटेबल प्रिंटर्स को, आठवां पुरस्कार रेगालिया ग्रीन्स को, नवां पुरस्कार ग्रास रूट फाउंडेशन की अपर्णा मिश्रा, 10वां पुरस्कार जिम होटल प्रोडक्ट्स को और 11वां पुरस्कार गायत्री इन्फ्राटेक बिल्डिंग साल्यूशंस को दिया गया।

महिलाएं निर्णय और रिस्क लेना सीख लें तो व्यापार आसान : आनंदी अग्रवाल

अमृत विचार, लखनऊ : आईआईए के वूमेन इंटरप्रेन्योर सेल की चेयरपर्सन आनंदी अग्रवाल ने बताया कि एमएसएमई में बड़ी संख्या में महिलाएं हैं जो अपनी यूनिट्स संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि 30 साल पहले इंफ्रास्ट्रक्चर इतना बड़ा नहीं था लेकिन अमूल दूध और लिज्जत पापड़ ने फिर भी अपना स्थान बनाया।

आनंदी अग्रवाल

लखीमपुर में शिक्षा प्राप्त करने के बाद अनंदी अग्रवाल की शादी हुई तो ससुर और पति का मेटल्स का बिजनेस था। ससुराल से सपोर्ट मिला तो वह भी बिजनेस में रम गईं। उन्होंने बताया कि इधर महिलाएं बड़ी तेजी से बिजनेस की तरफ कदम बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को निर्णय लेना और रिस्क लेना दोनों ही सीखना होगा, उसके बाद तरक्की से कोई रोक नहीं सकता।

आनंदी अग्रवाल ने ग्रेजुएशन में कम्प्यूटर को विषय में लिया था लेकिन ससुराल में बिजनेस में सहभागिता का विकल्प मिला तो उसे इस अंदाज में अपनाया कि आईआईए ने अपनी वूमेन विंग का काम मुझे सौंपा।

उन्होंने कहा कि अपने घर का किचेन संभालने वाली एक महिला ने 200 करोड़ का बिजनेस स्थापित कर यह साबित किया है कि छोटा बिजनेस भी ब्रांडिंग की वजह से महत्वपूर्ण हो जाता है।

भूल सुधार

18 जनवरी के बरेली सहित अन्य संस्करणों में 'बरेली में बनेगी राज्य की पहली इंडस्ट्रियल टाउनशिप' शीर्षक से प्रकाशित समाचार में मानवीय भूलवश बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का नाम मणिका नंदन प्रकाशित हो गया, जबकि उनका सही नाम ए. मनिकण्डन है।

न्यूज ब्रीफ

विधानमंडल के इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश की विधानमंडलीय परंपरा और सांस्कृतिक गौरव के इतिहास में रविवार को एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना की उपस्थिति में विधान भवन के भव्य गुंबद पर अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग तकनीक के माध्यम से ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस भव्य प्रस्तुति में प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक चेतना और राजनीतिक यात्रा का सजीव व दृश्यात्मक चित्रण किया गया। आधुनिक तकनीक और रचनात्मक प्रस्तुति के समन्वय से तैयार इस कार्यक्रम ने दर्शकों को प्रदेश की ऐतिहासिक यात्रा से जोड़ते हुए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया।

मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अमृत विचार, लखनऊ : विद्युत मजदूर संगठन ने चयनित अवर अभियंताओं की लंबित मांगों को लेकर ऊर्जा प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन का कहना है कि चयनित अवर अभियंताओं को अवर अभियंता पद से आगमन बिंदु मानते हुए वर्ष 2024 में 9 वर्ष की अनवरत सेवा पूर्ण होने पर प्रथम वित्तीय स्तरोन्नयन-एसीपी का लाभ दिया जाना चाहिए था, लेकिन यह लाभ अब तक नहीं दिया गया है। इतना ही नहीं, अवर अभियंताओं की नई ज्येष्ठता सूची भी अभी तक जारी नहीं की गई है। चेतावनी देते हुए संगठन के अध्यक्ष विमल कुमार पाण्डेय ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक विचार नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होगा।

सरकार ने माफिया तो जनता ने गंदगी मुक्त बनाया प्रदेश : योगी

2,09,421 लाभार्थियों को भेजी गई पीएम शहरी आवास की पहली किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 2 लाख 9 हजार 421 लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त की धनराशि भेजी। उन्होंने कहा कि सरकार ने माफिया को दूर किया और आपने गंदगी को, इससे प्रदेश आगे बढ़ गया। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि नोडल अधिकारी तैनात कर सुनिश्चित किया जाए कि लाभार्थी के साथ किसी स्तर पर कोई गड़बड़ी न हो, निर्माण सामग्री समय पर और उचित दर पर मिले तथा किस्तें समयबद्ध जारी हों।

- लाभार्थी के साथ गड़बड़ी न होने के सख्त निर्देश

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रविवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2,094 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी गई है। प्रथम किस्त के रूप में प्रत्येक लाभार्थी को एक लाख रुपये मिलेंगे। 75 प्रतिशत निर्माण पूरा होने पर दूसरी किस्त एक लाख रुपये और अंतिम किस्त 50 हजार रुपये की दी जाएगी। इस तरह प्रत्येक परिवार को कुल ढाई लाख रुपये की सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वाधिक लाभार्थी गाजियाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, प्रतापगढ़, अलीगढ़, बिजनौर, कुशीनगर, प्रयागराज, अयोध्या और महाराजगंज शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इनमें लखनऊ की आशा देवी, स्नेह तिवारी, मीरा व हसीबुन, उन्नाव की पिंकी राठौर, सीतापुर की माया देवी, रायबरेली की गीता पाल, हरदोई की राम बेटी तथा लखीमपुर खीरी की राम सहेली शामिल रहीं।

कार्यक्रम को केंद्रीय नगर विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा, राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सदस्य बृजलाल, राज्यसभा सदस्य संजय सेठ आदि उपस्थित रहे।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी को आवास स्वीकृति पत्र सौंपते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

पीएम मोदी को लिखें धन्यवाद पत्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर आवास योजना की पहली किस्त मिलना लाभार्थियों के लिए विशेष सौगात है। मुख्यमंत्री ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए उनसे प्रधानमंत्री को धन्यवाद पत्र लिखने का आह्वान किया।

6 से 20 फरवरी तक होगी 13 जिलों की अग्निवीर भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में होगा आयोजन
- रिक्रूटिंग जोन उप्र और उत्तराखंड के तहत होगी रैली

अमृत विचार : रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय) लखनऊ अंतर्गत 13 जिलों की अग्निवीर भर्ती रैली 6 फरवरी से 20 फरवरी तक होगी। छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर (टेक्निकल), अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल और अग्निवीर (ट्रेड्समैन) की भर्ती रैली कराई जाएगी।

यह रैली उत्तर प्रदेश में रैलियों की श्रृंखला में छठी होगी। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्होंने जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (एआरओ) लखनऊ के तहत 13 जिले औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। सभी अभ्यर्थियों को अलग-अलग एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों को नए जारी किए गए एडमिट कार्ड पर बताई गई तारीख और समय पर 2 बजे (आधी रात) एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रिपोर्ट करना होगा।

तिथियां घोषित

- 6 फरवरी – एआरओ लखनऊ के तहत 13 जिलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) की रैली
- 7 फरवरी – एआरओ लखनऊ के तहत 13 जिलों की अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल की रैली।
- 8 फरवरी – औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, चित्रकूट, उन्नाव, बांदा व लखनऊ की सभी तहसील की अग्निवीर टेक्निकल की रैली
- 9 फरवरी – बाराबंकी, गोंडा, हमीरपुर, कानपुर नगर, महोबा और फतेहपुर की सभी तहसील की अग्निवीर टेक्निकल की रैली
- 10 फरवरी – कानपुर नगर के कानपुर, घाटमपुर, नरवल और बिल्हौर तहसीलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली
- 11 फरवरी – फतेहपुर के बिंदकी, फतेहपुर, खागा व लखनऊ के मलिहाबाद, बीकेटी, लखनऊ, मोहनलालगंज और सरोजिनी नगर तहसीलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली
- 12 फरवरी – चित्रकूट के कर्वी, मऊ, मानिकपुर और राजापुर और कानपुर देहात के रसूलाबाद, डेरापुर, अकबरपुर, सिकंदरा, मैथा और भोगनीपुर की तहसीलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली
- 13 फरवरी – हमीरपुर की तहसील हमीरपुर, राठ, सेरीला, मौदहा व उन्नाव के सफीपुर, हसनगंज, उन्नाव, पुरवा, बीघापुर और बांगरमऊ के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी
- 14 फरवरी – गोंडा के अंतर्गत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर, कर्नलगंज व बांदा के बबेरू, बांदा, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसीलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली।
- 15 फरवरी – कन्नौज के छिबरामऊ, कन्नौज, तिर्वा, हसेरन और महोबा के कुलपहाड़, चरखारी, महोबा की तहसीलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली
- 16 फरवरी – औरैया के बिधूना, औरैया, अजीतमाल और बाराबंकी के फतेहपुर, रामनगर, नवाबगंज, सिरसाउली, गौसपुर, रामसनेहीघाट और हैदरगढ़ के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली

यह समय निवेश के लिए स्वर्णिम काल : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों व मेडिकल कॉलेज को सौंपे भूमि आवंटन पत्र

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में यह समय निवेश के लिए स्वर्णिम काल है। नीति स्थिरता, सुशासन, मजबूत कानून व्यवस्था और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण प्रदेश आज राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक निवेशकों के लिए भी सबसे भरोसेमंद गंतव्य बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों और मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि आवंटन पत्र प्रदान करते हुए यह बात कही। योगी ने संवाद करते हुए कहा कि पिछले साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश ने औद्योगिक परिदृश्य में ऐतिहासिक बदलाव किया है। 'उद्योग प्रथम, निवेश प्रथम' की नीति के चलते यूपी वैश्विक निवेशकों के लिए स्थिर, सुरक्षित और विश्वसनीय राज्य के रूप में स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से अब तक 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। शीघ्र ही पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को भी जमीन पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर सुरक्षा माहौल ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने इन्हें दिए भूमि आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री ने इंडिया चिप प्रा. लि., एसेंट सर्किट प्रा. लि., अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को औद्योगिक इकाइयों व बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि आवंटन पत्र सौंपे। निवेशकों ने प्रदेश में मिल रहे सहयोग और तेज निर्णय प्रक्रिया के लिए सरकार का आभार जताया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में यूपी से होंगे 20 प्रस्तावक, मुख्यमंत्री समेत दोनों उप मुख्यमंत्री भी सूची में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में उत्तर प्रदेश से कुल 20 प्रस्तावक शामिल होंगे। इनमें 10 प्रदेश परिषद के सदस्य और 10 राष्ट्रीय परिषद के सदस्य होंगे। पार्टी संगठन के स्तर पर इसे यूपी की राजनीतिक और सांगठनिक ताकत के रूप में देखा जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रस्तावकों की सूची में सरकार, संगठन और संसद तीनों स्तरों के वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है, ताकि यूपी की एकजुट और मजबूत उपस्थिति राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज हो सके। प्रस्तावकों में शामिल प्रमुख नाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक प्रमुख रूप से हैं। इसके अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, विधायक, मांठ (मथुरा) राजेश चौधरी, सांसद, नोएडा डॉ. महेश शर्मा, यूपी के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व सांसद, अमेठी स्मृति ईरानी, सांसद, बांसगांव कमलेश पासवान प्रमुख हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव में यूपी से 20 प्रस्तावकों का होना यह दर्शाता है कि संगठन में प्रदेश की भूमिका निर्णायक बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी भाजपा का सांगठनिक संतुलन, सरकार और संगठन के बीच समन्वय, राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावी भूमिका निभा रहा है। यह भी माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया में यूपी की यह मजबूत भागीदारी आगामी लोकसभा चुनावों की रणनीति से भी जुड़ी हुई है।

नई व्यवस्था | श्वानों के लिए बनेंगे आश्रय स्थल, पशु चिकित्सालयों पर होगा बधियाकरण व टीकाकरण

ग्रामीण इलाकों में क्षेत्र पंचायतें पकड़ेंगी श्वान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरकार ने क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों में श्वानों को पकड़ने व उनके संरक्षण के नियम बना दिए हैं। श्वानों को पकड़ने की जिम्मेदारी क्षेत्र पंचायतों को दी गई है। क्षेत्र पंचायतें ग्राम पंचायतों पर क्लस्टर बनाकर आवारा श्वानों को पकड़ेंगी। उन्हें रखने के लिए जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायतों पर श्वान गृह (आश्रय स्थल) बनाए जाएंगे। सूचना देने और मॉनीटरिंग करने के लिए जिले स्तर पर कंट्रोल रूम बनेगा।

पकड़े गए श्वानों का बधियाकरण एवं टीकाकरण के लिए एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) का क्रियान्वयन पशु चिकित्सकों से समन्वयक बनाकर किया जाएगा। क्षेत्र पंचायतें चिह्नित श्वानों को पशु केंद्रों पर ले जाएंगी। श्वानों को पकड़ने व उन्हें ले जाने के लिए ग्राम पंचायत से समन्वयक बनाकर कैटल कैचर खरीदा जाएगा। आश्रय स्थल का निर्माण जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत अपनी धनराशि से कराएंगी। दरअसल, ग्रामीण इलाकों में श्वानों को पकड़ना, उनका बधियाकरण एवं टीकाकरण करना, घायल व बीमार हालत में रखने जैसे कोई नियम व इंतजाम नहीं थे। श्वानों द्वारा लोगों को काटने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं, जिसका सरकार ने संज्ञान लेकर शासनादेश जारी किया है।

इन विभागों को जिम्मेदारी

- ग्रामीण विकास विभाग
- पशुपालन व पंचायती राज विभाग
- स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग
- बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग
- समाज कल्याण विभाग

बनेगी 'जिला ग्रामीण क्षेत्र श्वान प्रबंधन समिति'

श्वानों के आक्रमक व्यवहार के लिए प्रभावी प्रबंधन उठाए जाएंगे। इन्हें गांव-गांव चिह्नित करते हुए बधियाकरण एवं टीकाकरण की कार्ययोजना बनेगी। संचालन व मॉनीटरिंग के लिए हर जिले में जिला ग्रामीण क्षेत्र श्वान प्रबंधन समिति बनेगी। इसके उपाध्यक्ष सीडीओ और सदस्य डीपीआरओ होंगे। खंड विकास अधिकारी नोडल होंगे। इनके द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वयक, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जाएगा।

माघमेला में साधु-संतों के साथ फिर दुर्व्यवहार

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में माघ मेला क्षेत्र में पिछले वर्ष की तरह ही इस बार भी साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य है। यह घोर निन्दनीय है। सदियों से चली आ रही शाही-स्नान की अखंड सनातनी परंपरा में गत वर्ष भी इसी सरकार द्वारा विघ्न डाला गया था।

सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है। उन्होंने कहा कि मुख्य को हर जगह 'मुख्य' बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अहंकारी भाजपाई शासन और प्रशासन अपने से बड़ा किसी को नहीं मानता है। यदि प्रदेश के गृह सचिव मनमानी कर रहे हैं तो भी गलत है और अगर किसी के निर्देश पर कर रहे हैं तो और भी गलत है। पूरे मामले की जांच हो।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने काशी में कॉरिडोर के नाम पर मणिकर्णिका घाट पर तोड़ फोड़ पर कहा कि मुख्य' कह रहे हैं 'कुछ नहीं हुआ'। दूसरी तरफ़ 'अपर' बिन आंख मिलाए, गोलमोल-टालमटोल अंदाज में कह रहे हैं 'कुछ था'। झूठ के संग यही सबसे बड़ी समस्या होती है कि उसके दो रूप हो सकते हैं।

न्यूज ब्रीफ

ट्रांसफार्मर का तेल व क्वायल चोरी, केस

अयोध्या, अमृत विचार : पॉवर कॉर्पोरेशन के जेई ने ट्रांसफार्मर का तेल व क्वायल चोरी करने के आरोप में अज्ञात पर केस दर्ज कराया है। विद्युत उपकेंद्र नाका दुर्गापुरी के जेई राजेश प्रसाद ने थाना कैंट पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 जनवरी की रात 12 .30 बजे विद्युत उपकेंद्र नाका दुर्गापुरी से पोषित मऊशिवाला फीडर ट्रिप हो गया था। इसके बाद 11 जनवरी की सुबह सूचना मिली कि पैगापुर नहर पर लगे 250 केवीए ट्रांसफार्मर का तेल एवं क्वायल चोरी हो गया है। इससे सप्लाई बाधित है। इसकी शिकायत टोल फ्री नं . 112 पर की गई, पुलिस ने आकर जांच भी की। थाना प्रभारी कैंट संदीप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

20 व 21 को बाधित रहेगी जलापूर्ति

अयोध्या, अमृत विचार : वाटर ट्रीटमेंट प्लांट योजना फेज वन में शामिल अशर्फी भवन स्थित जलकल कैंपस में अवर जलाशय निर्माण प्रस्तावित है। यहां आने वाली लाइनों को शिफ्ट किया जाना है। इस शिफ्टिंग के लिए 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से 21 जनवरी को शाम चार बजे तक जलाशय से जलापूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता संजय शुक्ला ने उपभोक्ताओं से कहा कि इस अवधि के लिए पेयजल स्टोर कर लें। 21 जनवरी को चार बजे जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

240 श्रद्धालुओं ने किया श्रीराम संकीर्तन

अयोध्या, अमृत विचार : मध्यप्रदेश के बालाघाट स्थित श्री सिद्धपीठ विष्णुधाम मन्दिर से जुड़े 240 श्रद्धालुओं ने रविवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में श्रीराम नाम संकीर्तन किया। ट्रस्ट की ओर से आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल के अनुसार तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पतराय ने सभी को भेंट और प्रसाद दिया। नरेन्द्र महाराज के नेतृत्व में आए इस दल ने संकीर्तन के पश्चात प्रभु श्रीराम का दर्शन, पूजन किया।

तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

पूराबाजार, अमृत विचार : पूराकलंदर पुलिस ने रविवार को एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पूराकलंदर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार दोपहर में गश्त के दौरान पुलिस टीम को जीवपुर के पास एक युवक संदिग्ध दिखाई पड़ा। तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस बरामद हुआ। युवक की पहचान सचिन निषाद निवासी मऊ शिवाला पलिया थाना कैंट के रूप में हुई।

स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेले का आयोजन

शाहगंज, अमृत विचार : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा मे रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार में प्रभारी चिकित्साधिकारी मो . इरशाद, फार्मासिस्ट कनिक राम चौधरी, एएनएम सीमा, संतोष, नेत्र परीक्षण अधिकारी जितेंद्र नाथ मौजूद रहे। 52 मरीजों का पंजीकरण करके उपचार किया गया। अधिकतर मरीज मौसमी जुखाम, बुखार और सांस की बीमारी से पीड़ित थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा मे भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। यहां डॉ . अंजली गुप्ता, फार्मासिस्ट दुर्गेश पांडे, प्रदीप गुप्ता, वार्ड बॉय रईश हैदर, लैब टेक्नीशियन मोहम्मद सईद और सहयोगी स्टॉफ से 30 मरीजों को चिकित्सीय सलाह देने के साथ दवा दी।

अफसरों के हस्तक्षेप पर आठ दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

सोहावल, अमृत विचार : अफसरों के हस्तक्षेप के बाद रौनाही थाना क्षेत्र के चिर्रा मोहम्मदपुर की पीड़ित महिला की तहरीर पर घटना के आठ दिन रिपोर्ट दर्ज की गई। चिर्रा मोहम्मदपुर की कौसर जहां (45) पत्नी शिबानी खान का कहना था कि उनकपति ड्राइवर है, अक्सर घर से बाहर रहता है। घर में महिला अपने बच्चे के साथ अकेली रहती है। आरोप है कि विपक्षी बजलुर्र रहमान, मिस बाहुर रहमान उर्फ रुहानी ने घर में घुसकर सीमेंट शेड तोड़ दिया, मारा पीटा। गुहार पर आवाज सुनकर गांव वालों के दौड़ने पर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते भाग गये। पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय थाने में शिकायत करने पर पुलिस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बजाय कई दिनों तक टरकाती रही। थाना प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज ने बताया पीड़िता की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मौनी अमावस्या : 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने किये रामलला के दर्शन

सरयू में लगाई आस्था की डुबकी, हनुमानगढ़ी में भी लगी कतार

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: मौनी अमावस्या पर राम नगरी में भी श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्ममुहुर्त में रविवार सुबह चार बजे से सरयू नदी में स्नान किया। राममंदिर में 2.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किया। हनुमानगढ़ी मंदिर में भी लम्बी कतार रही।

श्रद्धालुओं ने नागेश्वर नाथ, कनकभवन में भी दर्शन-पूजन और दान पुण्य किया। अमावस्या के पवित्र तिथि पर सरयू के तट पर साधक संत मौन व्रत रखकर अनुष्ठान पूर्ण कर रहे हैं। कहा जाता है कि मौनी अमावस्या को पवित्र नदियों में स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट होते है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार संगम स्नान के बाद सरयू स्नान को पुण्य अर्जन का सबसे बड़ा साधन मानते हैं। जिसके मान्यता से ओतप्रोत प्रयागराज में संगम स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरयू नदी में डुबकी लगाने पहुंचे। रामपथ और जन्मभूमि पथ पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुए सुरक्षा अधिकारी ग्राउंड जीरो पर उतर कर मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहे थे। इसके साथ ही सुरक्षा की सभी एजेंसियां लगाई गईं।

एसपी सुरक्षा बालरामाचारी दुबे ने बताया कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के दृष्टिगत अयोध्या में दर्शनार्थियों काफी अधिक संख्या आ रही है, जिसको लेकर राम मंदिर में सुरक्षा की सभी एजेंसियां और एसएसएफ, पीएसी, सीआरपीएफ लगी हुई है। और सभी दर्शनार्थियों को सुविधा पूर्वक दर्शन कराया जा रहा है। सुरक्षा के जो मानक है उसको भी ध्यान में रख के हम लोग चारों तरफ जवान तैनात हैं। दर्शन मार्ग पर परिसर में भी अच्छी बैरीकेटिंग की गई है। लोगों को निर्धारित लेन में चलने के लिए बताया जाता है। पीएफसी पर उनके समान जमा कराने के बाद दर्शन के लिए आगे भेजा गया। बताया कि प्रवेश और निकास के मार्गों को अलग-अलग रखा गया है।

मौनी अमावस्या पर्व पर सरयू में डुबकी लगाते श्रद्धालु।

श्रृंगी ऋषि धाम में लगाई डुबकी

गोसाईगंज, अमृत विचार : मौनी अमावस्या के पर्व पर श्री श्रृंगी ऋषि धाम में तड़के चार बजे से ही हजारों श्रद्धालु ठंड और घने कोहरे के बावजूद मां सरयू में आस्था की डुबकी लगाने पहुंच गए। पूरा धाम जय श्री राम,जय सरयू महारानी, जय श्रृंगी ऋषि बाबा के जयकारों से गूंज उठा।श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान के बाबा बाबा श्रृंगी ऋषि गुफा मंदिर, माता शांता, भगवान भोलेनाथ, शनिदेव, राम-जानकी मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। श्रृंगी ऋषि धाम के महंत महेंद्र दास गोस्वामी ने मौनी अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर संदीप सिंह, विमल गोस्वामी, राजकुमार सिंह, राजेंद्र पांडे सहित अनेक साधु-संत एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रही रोक

अयोध्या। अमृत विचार : मौनी अमावस्या स्नान को लेकर रामनगरी कड़ी सुरक्षा के घेरे में रही। सरयू स्नान घाट से लेकर रामपथ व प्रमुख मठ मंदिरों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए थे। रामनगरी में वाहनों के प्रवेश पर रोक रही, बाहर से आने वाले वाहनों को शहर के किनारों पर बने पार्किंग स्थलों पर रोका गया। शहर के अंदर भी यातायात डायवर्जन लागू रहा। स्नान घाट व नदी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एसडीआरएएफ, जल पुलिस, पीएसी बाढ़ राहत दल की टुकड़ियां तैनात रही, जो सीटी बजाकर व पीएएस के माध्यम से एनाउंस कर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकती रही। रामपथ समेत नागेश्वरनाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन व अन्य प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रही। राम की पैड़ी पर बने मेला कंट्रोल रूम में सीसीटीवी के माध्यम से मेला क्षेत्र की निगरानी की गई। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में पुलिस, पीएसी, अर्धसैनिक बलों के साथ एटीएस की भी तैनाती की गई थी। सभी जोन व सेक्टर प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में तैनात हैं। भीड़ प्रबंधन के आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

कुमारगंज अयोध्या।

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ 10 बिंदुओं पर हुई शासन में हुई शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संयुक्त सचिव विनोद कुमार सिंह ने अयोध्या मंडल के आयुक्त को जांच सौंपी है।

देवरिया जनपद अंतर्गत भगवानपुर थाना रामपुर कारखाना निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट बृजेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री को संदर्भित शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह द्वारा अपने चहेतों को मुख्य पोस्ट पर रखकर धन का बंदर बांट किया जा रहा है। नियमों की अनदेखी करते हुए स्थानीय स्तर पर विभिन्न महाविद्यालय में डीन बना दिए हैं, जिससे सरकारी पैसे एवं नियमों का दुरुपयोग किया जा सके। 10 बिंदुओं पर की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि कुलपति द्वारा नियुक्तियों में बड़ी मात्रा में आरक्षण घोटाला किया गया है, जिससे अपने चहेतों को बड़ी संख्या में खुलेआम अपने निजी सचिव डॉ. जसवंत सिंह द्वारा पैसे लेकर नियुक्तियां की गई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय में शासन यूजीसी के नियम विरोध अपने चहेतों को पैसे लेकर सहायक प्राध्यापक, प्राध्यापक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियम विरुद्ध जोड़कर सह प्राध्यापक बना दिया जाना। जैसे डॉ. संजीत कुमार सिंह को अपूर्ण डॉक्यूमेंट रहते हुए भी सीधे प्राध्यापक बना दिया जाना एवं अन्य बहुत से शामिल हैं। इसके अलावा कृषि महाविद्यालय के डॉ. डी के सिंह डीन जो कि विश्वविद्यालय के वरिष्ठता में बहुत पीछे हैं तथा आजमगढ़ कॉलेज में सह अधिष्ठाता के पद पर कार्यरत हैं, को विश्वविद्यालय में लाकर वहां सबसे महत्वपूर्ण पद दे दिया जाना एवं बहुत ही जूनियर डॉ. राम बदुक सिंह को विश्वविद्यालय में निदेशक प्रसार बना दिया जाना शामिल है। अन्य शिकायत में प्रमुख रूप से दिव्यांग व्यक्ति डॉ. विनोद सिंह को विश्वविद्यालय का सुरक्षा प्रभारी स्टेट ऑफिसर के साथ-साथ बहुत सारे पद दे दिया जाना। बलदाऊ वाटिका का उद्घाटन राज्यपाल द्वारा 13 फरवरी 2025 को कराया गया, जिसमें करोड़ों रुपये खर्च कर दिया गया। पूर्व निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डॉ. एके सिंह द्वारा चलाए गए परियोजना में भारी लूटपाट कर 223 लाख रुपये का राजकीय नुकसान किया गया, जिसमें कुलपति बराबर के हिस्सेदार थे। कुलपति की पत्नी का विश्वविद्यालय कैंपस स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में 50- 50 लाख रुपये की एफडी बनाया जाना एवं वाराणसी कुलपति द्वारा जमीन खरीदना धन के बंदरबांट का ही एक उदाहरण है। इसके अलावा कृषि विज्ञान केन्द्रों में चल रहे परियोजनाओं को केवल कागजों में ही सीमित रखना और करोड़ों रुपये की बंदरबांट शामिल है।

- शासन स्तर से जांच शुरू, मंडलायुक्त अयोध्या कर रहे जांच

शिक्षकों को बाहर भेज विभाग कराया खाली

आरटीआई एक्टिविस्ट ने एक महत्वपूर्ण आरोप लगाया है कि अपने कुछ खास शिक्षकों को पीएचडी करने के लिए नियम विरुद्ध बाहर भेज दिया गया एवं पूरा विभाग खाली कर दिया गया। कुछ विभागों के शिक्षकों के रहते हुए भी यहीं से पीएचडी करने का मौका नहीं दिया जाना। उच्च शिक्षा हेतु अध्ययन अवकाश नियमावली जो कि विश्वविद्यालय के विद्युत परिषद एवं प्रबंधन परिषद द्वारा अनुमोदित है तथा शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। शिकायतों का संज्ञान लेकर प्रदेश के संयुक्त सचिव विनोद कुमार सिंह ने प्रकरण की सुस्पष्ट जांच किए जाने के आदेश मंडलायुक्त अयोध्या को दे दिए हैं।

फ्लोटिंग पब्लिक बाथ कुंड का तोहफा होली तक

अयोध्या कार्यालय

- पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरयू नदी पर फ्लोटिंग पब्लिक बाथिंग कुंड का चल रहा निर्माण

अमृत विचार: भगवान राम की जन्मभूमि के रूप में विश्व प्रसिद्ध अयोध्या अब धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में एक और अनोखी पहल की ओर बढ़ रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण सरयू नदी पर आधुनिक फ्लोटिंग पब्लिक बाथिंग कुंड का निर्माण करा रहा है। उपाध्यक्ष अनुराग जैन ने बताया कि संभवतः फरवरी तक इसकी सौगात मिल जाएगी।

लगभग होली तक इसके संचालित होने की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट की लागत तकरीबन साढ़े तीन करोड़ रुपए है। यह फ्लोटिंग स्नान कुंड 25 मीटर गुणे 15 मीटर के आधुनिक फ्लोटिंग स्ट्रक्चर पर आधारित होगा, जो पोंटून और उच्च-शक्ति वाले फाइबर सामग्री से निर्मित होगा। यह संरचना नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के अनुसार स्वचालित रूप से समायोजित हो सकेगी।

सरयू नदी पर बन रहा फ्लोटिंग पब्लिक बाथ कुंड।

दो स्नान कुंड, दस चेंजिंग रूम

परिसर में दो भव्य स्नान कुंड बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक का आकार 15 मीटर × 4 मीटर। इनमें से एक पुरुषों के लिए और दूसरा महिलाओं के लिए होगा, ताकि गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसमें दस चेंजिंग रूम होंगे। पांच महिलाओं व पांच पुरुषों के लिए रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर सेफ्टी बैरियर, रेलिंग, सोलर लाइट, बेंच और इमरजेंसी सपोर्ट बोट की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए परिसर में सात दुकानें भी स्थापित की जाएंगी, जहां स्थानीय उत्पाद, पूजा सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

हरे पेड़ की कटान, बैक डेट में काट दी जुर्माने की रसीद

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार: सरकार एक पेड़ मां के नाम रोपित किए जाने को लेकर महा अभियान चला रही है, जबकि कुमारगंज वन रेंज में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान थमने का नाम नहीं ले रही है। रेंज के बवां बीट में रविवार को चौधरीपुर गांव के कोटवा में लकड़ी ठेकेदार ने एक हरे भरे विशालकाय महुआ के पेड़ को अपना निशाना बना लिया। अवैध कटान की जानकारी लोगों को हुई। शिकायतों के बाद बीट प्रभारी ने बैक डेट में 17 जनवरी को चौधरीपुर निवासी राकेश कुमार एवं लकड़ी ठेकेदार जमशेद निवासी अमरगंज के नाम नौ हजार रुपये की जुर्माने रसीद काट दी। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

एक हफ्ते में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को बनाएं प्रभावी

अयोध्या कार्यालय।

- नगर आयुक्त ने निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के कसे पेंच

अमृत विचार : नगर के कई वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के प्रभावी न होने पर ''अमृत विचार'' में प्रकाशित खबर का नगर निगम प्रशासन ने संज्ञान लिया है। नगर आयुक्त ने स्वस्थ भारत मिशन के अलावा ढिलाई बरत रही कूड़ा कलेक्शन करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों के पेंच कसे। एक हफ्ते के भीतर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

कूड़ा कलेक्शन करने वाली दूसरी संस्थाओं का टेंडर हो जाने के बाद से नगर के कई वार्डों में घर-घर से कूड़ा उठने का कार्य प्रभावित हो गया। कई जगहों पर ठप होने वाली स्थिति रही। वार्ड के लोगों व पार्षदों से भी राय जानकर 'अमृत विचार' ने 'डोर-टू-डोर-कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था का कचरा'' शीर्षक से गुरुवार 15 जनवरी को खबर का प्रकाशन किया था। इसके बाद शुक्रवार को नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने मुख्यालय पर बैठक बुलाई, जिसमें अयोध्या जोन के सहायक नगर आयुक्त अशोक गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम मणि त्रिपाठी, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर राजेश कुमार झा के अलावा ग्रीन टेक, पृथ्वी एग्रो, ऊं स्वच्छता, चिंतन, एमटीआई, आईटीसी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने व्यवस्था सुधारने के स्पष्ट निर्देश दिए। सीएसआई राजेश झा ने बताया नगर आयुक्त ने व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए एक हफ्ते का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत किसी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। जोनल प्रभारी अशोक गुप्ता ने बताया कि अयोध्या धाम में भी बैठक के दौरान कंपनियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं।

15 जनवरी को प्रकाशित खबर।

घने कोहरे में ट्रक व निजी बस में टक्कर, छह यात्री घायल

रुदौली/मवई, अयोध्या।

- कोतवाली रुदौली अंतर्गत लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजागांव कट के पास हुई दुर्घटना

अमृत विचार। कोतवाली रुदौली अंतर्गत लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजागांव कट के पास रविवार सुबह घने कोहरे में निजी डबल डेकर बस व ट्रक में टक्कर हो हो गई। दोनों वाहन पलट गए। दुर्घटना में बस सवार छह यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

रविवार सुबह घना कोहरा छाया हुआ था, दृश्यता मात्र 50 मीटर ही थी। सुबह करीब 7:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रौजागांव चीनी मिल से एक ट्रक गन्ने का खोइया लादकर बाहर निकल रहा था। इस दौरान हाईवे पर कट के पास लखनऊ की ओर से आ रही निजी डबल डेकर बस व ट्रक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुर्घटना के बाद दोनों वाहन सड़क पर पलट गए। इसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया और सैकड़ों वाहन फंस गए। बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। यह देख आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे व पुलिस को सूचना देकर बचाव कार्य शुरू किया। रुदौली कोतवाल संजय मौर्या, निरीक्षक अपराध शत्रुघ्न यादव व उनकी टीम ने सभी यात्रियों को बाहर निकला। घायल छह यात्री सोनी निगम (20 वर्ष) पुत्री मूलचंद, श्रीमती (25) पत्नी युवराज, साबरमती (24) पुत्री सुरजीत सभी निवासी खांनसा पहाड़पुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, सुनील कुमार (28) पुत्र गुल्लाराम जाट निवासी जयपुर, दीपेंद्र (21) पुत्र चक्र बहादुर निवासी काठमांडू नेपाल तथा छितिजा भंडारी पुत्री सीता भंडारी निवासी काठमांडू नेपाल को सीएचसी रुदौली पहुंचाया। जहां गंभीर रूप से घायल साबरमती, सुनील कुमार, दीपेंद्र और छितिजा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण घना कोहरा और कम दृश्यता है, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाकर यातायात बहाल कराया गया है। अभी कोई शिकायत नहीं मिली है।

रुदौली कोतवाली अंतर्गत रौजागांव के पास हुई दुर्घटना में क्षतिग्रस्त ट्रक।

10 ग्राम प्रधानों को ऑडिट आपत्तियों पर वसूली की नोटिस जारी

सोहावल अयोध्या

अमृत विचार: पंचायत चुनाव से पहले पंचायतीराज विभाग ने ऑडिट आपत्तियों को लेकर जिले के 10 ग्राम प्रधानों को नोटिस जारी कर दी है। इन पर चुनाव लड़ने से वंचित होने की तलवार लटका दी है। वर्ष 2021-22 के दौरान कराए गए ऑडिट में कई ग्राम पंचायतों में अनियमितताएं मिली थीं। जिसका अब तक निस्तारण न होने पाने के कारण विभाग ने कार्रवाई करते हुए प्रधानों से धनराशि की वसूली के आदेश जारी कर दिया है। इनमें मवई, सोहावल, बीकापुर, मयाबाजार, मिल्कीपुर और तारुन ब्लॉक की पंचायतें शामिल हैं। समय रहते ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण नहीं किया गया या बकाया धनराशि जमा नहीं की गई तो सभी प्रधान प्रधानी पद के दावेदारी के लिए नामांकन नहीं कर सकेंगे।

इसकी पुष्टि जिला पंचायतीराज अधिकारी अविनाश कुमार ने की। बताया कि संबंधित प्रधानों के पास दो विकल्प दिए गए हैं।बकाया धनराशि जमा कर ऑडिट आपत्ति का निस्तारण करें अथवा उच्च न्यायालय से वसूली पर रोक लगाने का आदेश लाकर जमा कराये।

अनियमिताएं पाई जाने वाली ग्राम पंचायतों में सेवढारा मवई, शेरपुर सोहावल, लहरापुर, बीकापुर, धरेठा दशरथपुर, देवापुर, अंकारीपुर, मयाबाजार, आलापुर अमौनी, जजवारा तारुन और धमथुआ मिल्कीपुर शामिल बताई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार ऑडिट आपत्ति लंबित रहने की स्थिति में चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस कार्रवाई ने जिले की पंचायती चुनाव की राजनीति में हलचल मचा दी है।

नगर निगम की पहल | 1.82 करोड़ की लागत से 2500 स्क्वायर मीटर की भूमि पर होगी तैयार, पौधे किए जाएंगे विकसित और बेचे भी जाएंगे

कुशमाहा में बनेगी हाईटेक नर्सरी, घूमने का बनेगी आकर्षक स्थल

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या।

अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण और आय बढ़ाने की दिशा में नगर निगम अनूठी पहल कर रहा है। इसके लिये कुशमाहा क्षेत्र में तकरीबन 1.82 करोड़ रुपये की लागत से एक हाईटेक नर्सरी विकसित की जाएगी। यह नर्सरी न केवल देसी- विदेशी प्रजातियों के पौधे उगाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए घूमने-फिरने का आकर्षक स्थल भी बनेगी। नगर निगम ने इस परियोजना को अपनी स्व-आय बढ़ाने की रणनीति के तहत अपनाया है, जो रामनगरी के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

> नर्सरी के लिए डीपीआर भेज दिया गया है। इसमें काम करने वाले कर्मचारी, बागवानी विशेषज्ञ और बिक्री से जुड़े लोग लाभान्वित होंगे। नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी। शासन से योजना की स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कराया जाएगा।
> **-जयेंद्र कुमार, नगर आयुक्त।**

कुशमाहा में प्रस्तावित यह हाईटेक नर्सरी 2500 वर्ग मीटर भूमि पर तैयार होगी। यहां आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके पौधों का उत्पादन किया जाएगा, जिसमें तापमान, आर्द्रता और सिंचाई को नियंत्रित करने वाली व्यवस्थाएं शामिल होंगी। पॉलिहाउस, मिस्टिंग सिस्टम, ऑटोमेटिक स्प्रिंकलर और अन्य हाईटेक उपकरणों से लैस यह नर्सरी रोगमुक्त और उच्च गुणवत्ता वाले पौधे तैयार करेगी। विशेष रूप से विदेशी प्रजातियों के पौधे यहां विकसित किए जाएंगे। जैसे कि दुर्लभ फूलों की किस्में, सजावटी पौधे, फलदार पौधों की हाइब्रिड वैरायटी और अन्य आकर्षक प्रजातियां, जो आमतौर पर बाजार में कम उपलब्ध होती हैं। इससे अयोध्या के आसपास के किसानों, बागवानों और आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण पौधे आसानी से मिल सकेंगे। नगर निगम के अनुसार इस नर्सरी का मुख्य उद्देश्य केवल पौधे उगाना नहीं है, बल्कि उन्हें विकसित करके बेचना भी है। यहां तैयार पौधों की बिक्री से नगर निगम को नियमित आय प्राप्त होगी, जिसका उपयोग शहर के अन्य विकास कार्यों में किया जा सकेगा। यह पहल नगर निगम की वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कुशमाहा में प्रस्तावित नर्सरी वाली भूमि नजूल की थी, जिसे नगर निगम ने अपने अधीन लेने के बाद इस परियोजना के लिए चिह्नित किया।

लोगों में हरियाली के प्रति बढ़ेगी जागरूकता

यह नर्सरी न केवल कृषि और बागवानी को बढ़ावा देगी, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगी। रामनगरी में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक यहां घूमने आ सकेंगे। हरे-भरे पौधों, विदेशी प्रजातियों के बीच टहलने की सुविधा, बैठने की व्यवस्था और सूचना पट्टिकाओं से युक्त यह स्थल एक छोटा-सा हरित उद्यान बनेगा। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों में हरियाली के प्रति जागरुकता भी बढ़ेगी।

बैंक के मुख्य खजांची पर हमला, अज्ञात पर केस

अयोध्या, कार्यालय।

अमृत विचार : बैंक के मुख्य खजांची पर चार-पांच दो पहिया वाहन पर सवार 10-12 व्यक्तियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना पूराकलंदर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

थाना पूराकलंदर अंतर्गत भदरसा स्थित बैंक ऑफ बडौदा के मुख्य खजांची राम नरेश यादव निवासी ग्राम पूरे हुसैन, पोस्ट-डाभासेमर थाना कोतवाली नगर जिला अयोध्या ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम वह ग्राम दशरथपुर (कोतवाली-बीकापुर) से एक तेरहवीं संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी बाइक से घर जा रहे थे। थाना पूराकलंदर क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर स्थित एचपी गैस एजेंसी के सामने चार-पांच दो पहिया वाहनों पर सवार करीब 10-12 व्यक्ति जो अपना मुंह छुपाए थे, ने अचानक उन्हें रोक लिया व गाली देते हुए लाठी-डंडा से मारना शुरू कर दिया। इससे उन्हें गंभीर चोटें आई। बताया कि वह आरोपियों में किसी को नहीं जानता हूं। उन चार-पांच गाडियों में एक काले रंग की बुलट भी थी। थाना प्रभारी पूराकलंदर मनोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार, 19 जनवरी 2026

अयोध्या

विशेष अभियान दिवस: देखी सूची, मतदाता बनने का किया आवेदन

बूथों पर पहुंचे लोग, सूची में नाम न होने पर विकल्प की जानकारी ली ■ अफसरों ने बूथों पर किया निरीक्षण, दिये निर्देश

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: एसआईआर के बाद रविवार को फिर अभियान दिवस का आयोजन किया गया। सूची में अपना नाम देखने वाले पहुंचे। मतदाता बनने के लिए आवेदन किया। अभियान के निरीक्षण के लिए प्रशासन के पूरी फौज मैदान में थी। इसका भी असर रहा। अभियान के तहत बीएलओ के साथ कई स्थानों पर बीएलए भी बूथ पर थे। लोगों को सूची देख नाम बताया। कई ने नाम न होने पर विकल्प के बारे में जानकारी। एक जनवरी को 18 साल की आयु पूरी करने वालों ने आवेदन भी किया। कई बूथों पर बड़ी संख्या में भी आवेदन आए। निर्वाचन आयोग से पुनरीक्षण में विशेष दिवस पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कमिश्नर और डीएम ने बूथों का निरीक्षण किया। बीएलओ सहित मौजूद लोगों से जानकारी ली।

रुदौली के रामबाड़ी मतदान केंद्र पर मौजूद बीएलओ व मतदाता। अमृत विचार

नाम न होने पर जताई आपत्ति

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक मतदान केंद्र के बूथों पर मतदाता सूची का वाचन किया गया। शहर के रामबाड़ी मतदान केंद्र के बूथ 352,354,355,356,357,358 के बीएलओ ने आए मतदाताओं को पढ़कर सुनाया। सुरेश द्विवेदी ने पत्नी का नाम न होने,ओम प्रकाश मिश्र ने अपने पुत्र का नाम न होने पर आपत्ति जताई। सुपरवाइजर महेश बाबू ने ऐसे नाम को शामिल करने के लिए प्रारूप छह भरे जाने की जानकारी दी। उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने प्राथमिक विद्यालय मुजफ्फरपुर, मवई का निरीक्षण किया। एसडीएम ने 18 साल की उम्र पूरी कर चुके नए मतदाता के आवेदन की जानकारी बूथ लेवल ऑफिसर से ली।कहा जिन नागरिकों का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है।पात्र नागरिक फॉर्म-छह भर सकते हैं। उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट से वंचित न रहे।बताया कि सभी अतिरिक्त निर्वाचक अधिकारी बूथों पर जाकर जानकारी ले रहे है।

50 लोगों ने नाम जोड़ने के लिए भरे फॉर्म

सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक रौनाही ग्राम पंचायत भवन स्थित बूथ पर वोटर ड्राफ्ट सूची को मौजूद बीएलओ जावेद अली ने पढ़कर बूथ पर आए हुए मतदाताओं को सुनाया। लोगों को जानकारी दी कि यदि ड्राफ्ट सूची कोई खामियां है तो आपत्ति कर उसको ठीक करवा सकते है।नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के फॉर्म छह भरकर जुड़वा सकते है। बताया कि सुबह से ही आए हुए ग्रामीण मतदाताओं को उनके बूथ और वार्ड संख्या की सूची पढ़कर सुनाई गई। लगभग 50 नए मतदाता का नाम जोड़ने के लिये फॉर्म भरकर प्रक्रिया पूरी की गई है।

सोहावल तहसील के ग्राम सभा सथरी प्राथमिक विद्यालय पर मौजूद बीएलओ।

लोगों ने सूची में देखा अपना नाम

रानीबजार प्रतिनिधि के मुताबिक सथरी गांव के बूथ संख्या 232 व 233 प्राइमरी पाठशाला रानी बाजार पर लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम देखकर नाम बढ़ाने का फॉर्म बीएलओ को दिया। बीएलओ रामकरन ने बताया कि अभी तक नाम बढ़ाने के लिए 15 फार्म प्राप्त हुए हैं।

रुदौली के वनगांवा प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी। अमृत विचार

खंड विकास अधिकारी ने किया दौरा

शुजागंज प्रतिनिधि के मुताबिक रविवार को खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत बनगावा, गनौली, कुढ़ासादत, फिरोजपुर पवारान, दसरथमऊ, शुजागंज, फगौली कुर्मियान, हयातनगर एवं ऐथर सहित अन्य बूथों का दौरा किया। बीडीओ ने बताया कि रुदौली ब्लॉक के बूथ संख्या 230, ग्राम सभा सराय अहमद के अंतर्गत अमरौती, बूथ संख्या 282,283 ऐथर व परसऊ क्षेत्रों की मतदाता सूची का परीक्षण किया गया। पात्र नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए। पूर्व में कटे हुए नामों को नियमानुसार शामिल किया गया ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए।

मतदान केंद्रों पर छाया रहा सन्नाटा

तारुन ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय नेतवारी चतुरपुर पर मौजूद बीएलओ।

तारुन प्रतिनिधि के मुताबिक मतदान केंद्रों पर सन्नाटा छाया रहा। मतदाता सूची का वाचन करने के लिए बीएलओ इंतजार करते रहे, लेकिन गांव के लोग नहीं पहुंचे। प्राथमिक विद्यालय बेलगरा पर मात्र तीन मतदाता आए। आंगनबाड़ी केंद्र तारून पर सन्नाटा छाया रहा। कंपोजिट विद्यालय नेतवारी चतुरपुर, पारा गरीबशाह पर भी सूची में अपना नाम देखने मतदाता नहीं पहुंचे।

विकासखंड पूरा बाजार के अलावलपुर मतदान केंद्र पर मौजूद बीएलओ व जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल।

मतदाताओं की दिखाई पड़ी उदासीनता

पूराबाजार प्रतिनिधि के मुताबिक रविवार को अधिकतर पोलिंग बूथ पर बीएलओ मतदाता सूची के साथ मौजूद थे, लेकिन मतदाताओं की उदासीनता दिखाई पड़ी। पोलिंग बूथ 325, 324,व 323 पर बीएलओ मतदाता सूची व नाम बढ़ाने वाले फॉर्म के साथ मौजूद थे। दोपहर 12 :30 बजे तक मतदाता नहीं दिखाई पड़े, बीएलओ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि नाम बढ़ाने के लिए घरों से जाकर अब तक 42 फॉर्म इकट्ठा किया है। पोलिंग बूथ अलावलपुर 330व 331 पर बीएलओ से सूची लेकर जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल के साथ भाजपा के कार्यकर्ता मतदाता सूची में अपना नाम खोज रहे थे। यही हाल पोलिंग बूथ कछौली, नरायनपुर, सराय चैमल, नरियावां,शांतिपुर, गंगौली, अंजना, रसूलाबाद, मोहतशिमपुर, अंकवारा का रहा।

रानीमऊ कंपोजिट विद्यालय मतदान केंद्र का निरीक्षण करते अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश डॉ चंद्रशेखर सिंह।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बूथ का निरीक्षण

मवई प्रतिनिधि के मुताबिक अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश डॉ चंद्रशेखर सिंह ने मवई ब्लाक के रानीमऊ ग्राम पंचायत स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय रानीमऊ के बूथ संख्या 28,29,30,31का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील मिश्रा,बीएलओ एवं उप जिलाधिकारी संतोष कुमार की मौजूदगी में एसआईआर के फार्मों की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक नए फार्म भरवाए जाएं। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। इसके बाद वह पूर्व माध्यमिक विद्यालय गनौली के बूथ संख्या 210, 211 व 212 का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक अकील अहमद, बीएलओ अजय कुमार तिवारी, कांता देवी, सीमा रानी, ग्राम विकास अधिकारी करुणाशंकर चौहान, बूथ सुपरवाइजर रामसूरत चौहान सहित सत्रोहन लाल, रामकेवल, दिलीप कुमार, मोहम्मद इरफान व अच्छन अली उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान बलभद्र यादव, पूर्व प्रधान प्रहलाद और ओमप्रकाश मतदाताओं की सहायता करते नजर आए।

न्यूज ब्रीफ

नारायण बजाज शोरूम का शुभारंभ

पूराबाजार, अमृत विचार : दर्शननगर-रसूलाबाद मार्ग पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप रसूलाबाद के समीप नारायण बजाज शोरुम का शुभारंभ रविवार को मुख्य अतिथि पूर्व कार्यवाहक जिपं अध्यक्ष करुणाकर पांडेय, बृजेंद्र त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। प्रोपराइटर आशीष सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के रसूलाबाद में बाइक का कोई शोरूम नही था, जिसके कारण लोगों को समस्या होती थी। संरक्षक गिरजा शंकर सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शुभारंभ अवसर पर ग्रामोदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रामपुर सरधा के चेयरमैन डॉ. संदीप सिंह, उमाशंकर सिंह, अम्बरीष सिंह, सुधाकर दूबे आदि मौजूद रहे।

चिकित्सकीय लापरवाही पर सख्त कानून बनाने की मांग

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने चिकित्सकीय लापरवाही पर सख्त कानून बनाए जाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है। पीएम को संबोधित पत्र में लिखा है कि चिकित्सा सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि यह मानवता की सर्वोच्च साधना है। जब इस साधना में चूक होती है, तो उसका परिणाम केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि समाज के विश्वास की मृत्यु भी होती है। आवश्यकता है कि भारत में एक विशेष, सख्त और पारदर्शी मेडिकल नेग्लिजेंस निवारण कानून बनाया जाए, जिसके अंतर्गत चिकित्सीय लापरवाही से हुई मृत्यु या स्थायी क्षति के मामलों में त्वरित जांच एवं समयबद्ध न्याय प्रक्रिया हो। ईमानदारी और संवेदनशीलता से कार्य करने वाले डॉक्टरों को उचित कानूनी सुरक्षा और सम्मान प्रदान किया जाए।

भाजपा नेता ने की अग्नि पीड़ितों की मदद

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : भाजपा की जिला महामंत्री व प्रधान बिडहार सुमन पासवान ने भेलसर गांव के अग्नि पीड़ितों को बर्तन,आटा चावल दाल बर्तन एवं साड़ी भेंट की। उन्होंने अग्नि पीड़ितों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए का आश्वासन दिया। भाजपा नेता एवं समाजसेवी लाल लोधी, राम विजय,राघव लाल मौजूद रहे।

अग्निपीड़ित की मदद को बढ़ाए हाथ

सोहावल, अमृत विचार : आयुष्मान फाउंडेशन की ओर से विकास वर्मा, पुष्पेंद्र पांडेय ने देवई के अग्नि पीडित संदीप को 11 सौ रुपये का चेक प्रदान किया। साथ ही राहत सामग्री के रूप में पांच किलो आटा, पांच किलो चावल, दाल, तेल, नमक, मसाले, कंबल, पूरे परिवार का कपड़ा और बर्तन प्रदान किया। साथ में हिमांशु त्रिपाठी, गुड्डू वर्मा, सत्य प्रकाश गांधी, गजेंद्र सिंह के साथ गांव के लोग भी मौजूद थे।

प्रशासनिक अफसर रहे तेज प्रताप सिंह का निधन

पूराबाजार, अमृत विचार : वरिष्ठ अधिकारी रहे तेज प्रताप सिंह (62) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से सरायराशी सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. तेज प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि अटारी लखनऊ में प्रक्षेत्र प्रबंधक के पद पर कार्यरत रहे। पंतनगर स्थित पत्थरचट्टा और उत्तराखंड राजभवन में भी विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार सरयू तट अयोध्या में किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े सुपुत्र उदयेंद्र प्रताप सिंह ने दी। बड़ी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में मौजूद रहे।

पढ़ी ड्राफ्ट मतदाता सूची, भरवाए फॉर्म

विकास खण्ड मया के ग्राम सभा सराय सागर स्थित मतदान केंद्र पर मौजूद बीएलओ।

गोसाईगंज प्रतिनिधि के मुताबिक मया ब्लॉक के तहत सराय सागर में ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का पठन किया गया। बूथ संख्या 331 एवं 332, मतदेय स्थल उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय सागर में संपन्न हुआ। इस दौरान बीएलओ ने भाग संख्या 360 एवं 361 की ड्राफ्ट मतदाता सूची को उपस्थित ग्रामीणों के सामने पढ़कर सुनाया। मौके पर ही नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए प्रारूप-छह के साथ घोषणा पत्र, नाम संशोधन के लिए प्रारूप-8 तथा नाम विलोपन के लिए प्रारूप-7 के लगभग 12 फॉर्म भरवाए। बीएलओ ने बताया कि नए पात्र मतदाता 31 जनवरी और एक फरवरी को भी सराय सागर बूथ पर आकर प्रारूप-छह व घोषणा पत्र भरकर जमा कर सकते हैं।

रानोपाली स्थित सरस्वती विद्या मंदिर मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

अंगूरी बाग कंपोजिट विद्यालय मतदान केंद्र का निरीक्षण करते मंडलायुक्त राजेश कुमार।

अंगूरीबाग सहित कई बूथों का कमिश्नर ने किया निरीक्षण

कमिश्नर राजेश कुमार ने रविवार को नगर के सहादतगंज उत्तरी, पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय अंगूरी बाग, सीताराम बालिका विद्यालय सहाबगंज,जलनगिम परिसर, जीआईसी मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। बीएलओ को मतदाता सूची सम्बन्धी कार्रवाई को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। कहा कि नए मतदाताओं को जोड़ने, मृतक मतदाताओं के नाम हटाने, मतदाताओं से सम्बन्धित त्रुटियों का संशोधन निस्तारण आदि के फॉर्म भरवाने के काम में तेजी लाएं। इस मौके पर बीएलओं ने मतदाता सूची का वाचन किया। देर शाम तक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं का तांता लगा रहा। बूथ बीएलओ ने मतदाताओं से फॉर्म भरवाकर जमा कराए। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने सरदार गणपत राय सरस्वती विद्या मंदिर रानोपाली, हनुमंत संस्कृत महाविद्यालय आदि के बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपरवाइजर,बीएलओ व बीएलए से फार्म 6, 7, 8 आदि के संबंध में जानकारी ली। निर्देश दिया कि अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए।

सर्वाधिक डाक प्रीमियम जमा कराने की खुशी में केक काट कर जश्न मनाते प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव व अन्य।

एक दिन में 2.4 करोड़ रुपये डाक बीमा प्रीमियम जमा करने का बनाया रिकॉर्ड

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या डाक मंडल ने एक दिन में 2 .4 करोड़ डाक बीमा प्रीमियम जमा कराने का रिकॉर्ड कायम किया है। प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने बताया कि सर्वाधिक डाक प्रीमियम का जमा कराकर अयोध्या मंडल ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर रविवार को प्रधान डाकघर में अधिकारियों व डाक कर्मचारियों सहित प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने केक काटकर जश्न मनाया। प्रवर डाक अधीक्षक ने बताया कि पार्सल सेवा मण्डल के सभी प्रधान डाकघर, उप डाकघर सहित 702 शाखा डाकघरों में सेवा शुरू की गई है। मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दो फरवरी को पुनः डाक जीवन बीमा अभियान आयोजित होगा। मंडल में सर्वाधिक सोहावल ब्लॉक के जगनपुर डाकघर के राजेश यादव ने 4 .23 लाख, अयोध्या रामकोट डाकघर के कुलदीप वर्मा 3 .60 लाख व टाण्डा के राजेश वर्मा ने 3 .29 लाख प्रीमियम जमा कराया। समारोह में सहायक अधीक्षक मनोज कुमार, ओमेश्वर, निरीक्षक हरिमोहन सिंह, पूनम सिंह कोटसराय, अभिषेक तिवारी, गौरव सोनी आदि मौजूद रहे।

वायु गुणवत्ता केंद्र बिना स्थापना के ही कृषि मंत्री ने किया उद्घाटन

कुमारगंज,अयोध्या। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन के बाद मिले पैसों के इस्तेमाल पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि विश्वविद्यालय को मिला वित्तीय सहयोग सही तरीके से खर्च नहीं किया जा रहा। फाइलों में ही वायु गुणवत्ता केंद्र बना दिया गया।

27वें दीक्षांत समारोह में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया था कि विश्वविद्यालय परिसर में एक अत्याधुनिक एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा था कि इस स्टेशन का उद्घाटन कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया है। यह घोषणा राज्यपाल और कुलाधिपति की मौजूदगी में की गई थी, लेकिन हकीकत यह है कि विश्व विद्यालय परिसर में ऐसा कोई एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन नजर नहीं आ रहा है। किसी को यह नहीं पता कि यह स्टेशन कहां लगाया गया है। हकीकत इसके परे है। अभी यह तय नहीं हो पाया है यह स्टेशन विश्वविद्यालय परिसर में कहां लगाया जाएगा। इसकी पुष्टि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. सीताराम मिश्रा ने भी की है। डेयरी के पास जगह चिन्हित की जाने की बात बताई है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पहल पर स्थापित होने वाले इस केंद्र के दीक्षांत समारोह में की गई घोषणा पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि अगर स्टेशन अभी लगा ही नहीं है, तो उद्घाटन किसका हुआ।

करियप्पा मंडल के एक मतदान केंद्र पर फार्म-6 भरने की जानकारी देते पूर्व सांसद लल्लू सिंह

नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए बूथों पर पहुंचे पूर्व सांसद

अयोध्या, अमृत विचार : निर्वाचन आयोग से चलाए जा रहे विशेष अभियान के दूसरे दिन पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने करियप्पा मंडल के विभिन्न मतदान बूथों का भ्रमण कर पात्र युवाओं से संवाद किया। नए मतदाताओं के फार्म संख्या-छह भरवाने की प्रक्रिया को गति दी। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि बोगस मतदाताओं, मृतक व्यक्तियों और स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम सूची से हटाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र को मजबूत करती है, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मताधिकार से जोड़ना है। युवा मतदाता लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं, वहीं फर्जी और अपात्र नामों का विलोपन भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आरटीई पर विवि ने दे दिया अजब-गजब जवाब

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में धूम्रपान को लेकर मांगी गई सूचना के जवाब में लिखा गया है कि सूचना वृहद है इसलिए नहीं दी जा सकती है। इस जवाब के बाद आरटीई कार्यकर्ता अभिषेक सावंत ने राज्य जन सूचना अधिकार आयोग में अपील की बात कही है। आरटीआई विशेषज्ञ अधिवक्ता सुरेश जौहरी कहते हैं कि यह उत्तर अपने आप में कई गंभीर प्रश्न खड़े करता है, क्योंकि अधिनियम में "सूचना वृहद है" यह सूचना न देने का वैध आधार नहीं है। कानून के अनुसार, यदि सूचना अधिक है तो रिकॉर्ड का निरीक्षण कराना प्रशासन का दायित्व होता है, जो इस मामले में नहीं किया गया। अवध विश्वविद्यालय के सम्पति अधिकारी /जन सूचना अधिकारी राजेश सिंह ने कहा कि एक आरटीई धूम्रपान पर मांगी तो गई थी, जिसका जवाब भी दे दिया गया है। सूचना वृहद थी इसलिए उपलब्ध नहीं कराई जा सकती है। जन सूचना अधिकार अधिनियम के बारे में बहुत जानकारी नहीं है।

भारत माता मंदिर में संघ शताब्दी वर्ष पर हुआ हिन्दू सम्मेलन

हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भारत माता मंदिर शाहगंज में एक हिन्दू सम्मेलन हुआ। इसमें राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना व सामाजिक समरसता के संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल मिश्रा (ट्रस्टी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र) ने अपने उद्बोधन में संघ की 100 वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा को प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि संघ ने समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि जिला कार्यवाह, राष्ट्र सेविका समिति श्रद्धा ने सामाजिक उत्थान में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया। सम्मेलन में प्रमुख कार्यकर्ता के रूप में जिला सह कार्यवाह आनन्द सोनी, राज सरन, संजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, केशव व मानस मणि तिवारी आदि मौजूद रहे।

मुख्य न्यायाधीश ने किया अधिवक्ता द्वार व न्याय पथ का लोकार्पण

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने रविवार को कलेक्ट्रेट के दक्षिण तरफ स्थित अधिवक्ता द्वार एवं न्याय पथ का फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके पूर्व मल्टी स्टोरी पार्किंग में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान व जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश सौरभ लवानिया, जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने मुख्य न्यायाधीश का रेड कॉर्पेट स्वागत किया।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली लगभग 3:45 बजे मल्टी स्टोरी पार्किंग के सामने पहुंचे। वहां उनका रेड कॉर्पेट स्वागत हुआ। इसके बाद वह अन्य न्यायमूर्ति तथा प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ मल्टी

फीता काटकर लोकार्पण करते उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, साथ में मौजूद महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व अन्य।

● रेड कॉर्पेट हुआ स्वागत, कलेक्ट्रेट रहा कार्यक्रम स्थल

स्टोरी पार्किंग से कचहरी पहुंचने के लिए बनाए गए नए अधिवक्ता द्वार एवं न्याय पथ पहुंचे। वहां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा तथा उनकी कार्यकारिणी व महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित द्वार का लोकार्पण किया। इसके बाद वह बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुरोध पर अधिवक्ता संघ भवन पहुंचे। वहां से वह अयोध्या के लिए रवाना हो गए। लोकार्पण के समय उनके साथ जिला जज रणंजय कुमार वर्मा, एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश राहुल कात्यान, लारा की पीठासीन अधिकारी शिवानी जायसवाल, अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय, राकेश कुमार, रजत वर्मा, विजय कुमार विश्वकर्मा, दीपक यादव, प्रेम प्रकाश ,निरुपमा विक्रम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, पूर्व संघ अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह समेत अन्य न्यायिक अधिकारी तथा अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

खिचड़ी समरसता भोज में दिखी एकता की झलक

पूराबाजार, अयोध्या

आयोजन

अमृत विचार: ब्लॉक के भाग्यवन्ती देवी देवता सिंह महाविद्यालय कर्मा में सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति के तत्वावधान में औद्योगिक इंटर कॉलेज रामपुर सरधा के प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने खिचड़ी समरसता भोज का आयोजन किया। समारोह में एकता की झलक दिखी। गोसाईगंज के विधायक सूर्यवंश क्षत्रिय अभय सिंह ने कहा कि हमें समाज की रक्षा करते हुए आगे बढ़ना होगा।

क्षत्रिय समाज को अपना गौरव कायम रखने के लिए समाज को शिक्षित कर आगे बढ़ना होगा। अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह ने कहा कि आज क्षत्रिय समाज में कई धाराएं हो गई हैं इन सब धाराओं को एक करके एक विशाल धारा का निर्माण करना है। कार्यक्रम को बस्ती जिलाध्यक्ष बाबू प्रमोद सिंह, बरुवार वंश क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष रामविभूति सिंह, क्षत्रिय कल्याण परिषद के प्रदेश पदाधिकारी राजेश सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय संरक्षक छेदी सिंह व जिलाध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, सूर्यवंश क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस के अध्यक्ष रामकुमार सिंह, सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति के संरक्षक राजेंद्र सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता दादा गुरु प्रसाद सिंह व संचालन लाल साहब ने सिंह ने किया।

तीन साल के लिए बोर्ड परीक्षा से डिबार मंडल के 132 शिक्षक

सत्यापन के बाद वर्ष 2025 की परीक्षा में गड़बड़ी हुईं प्रमाणित, जिला स्कूल निरीक्षकों को भेजी सूची

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा अयोध्या मंडल के 132 शिक्षकों को 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं से डिबार कर दिया गया है। यह बड़ी कार्रवाई उन परीक्षकों, मूल्यांकनकर्ताओं और पर्यवेक्षकों के खिलाफ की गई है, जिन्होंने 2025 और उससे पहले की बोर्ड परीक्षाओं में गंभीर गड़बड़ियां कीं। प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इन शिक्षकों की सूची सभी जिला स्कूल निरीक्षकों को भेज दी है, जिससे कि 2026 की परीक्षाओं जिनमें प्रैक्टिकल 24 जनवरी से शुरू हो रही हैं में इनकी कोई भी भूमिका न हो। इसे लेकर दागी कॉलेजों के प्रबंधन में बड़ी खलबली मची हुई है। 'अमृत विचार' ने 15 दिन पूर्व ही इसे लेकर खबर प्रकाशित की थी।

• 'अमृत विचार' ने पहले ही संदिग्ध शिक्षकों की खबर की थी प्रकाशित बोर्ड के आदेश से लगी मोहर

> गत वर्ष की परीक्षा में गड़बड़ी के कुछ मामलों में सूचीबद्ध शिक्षक डिबार किए गए हैं। सभी जिलों को सूचित किया गया है। सावधानी के लिए सभी केंद्रों को निर्देश भी दिए गए हैं।
> –डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।

जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर के एक परीक्षक ने अपने नाम में आंशिक बदलाव कर दो अलग-अलग विषयों में ड्यूटी लगवा ली थी, जिसके लिए उसे आजीवन डिबार कर दिया गया है। मोबाइल से नकल होने की जानकारी छिपाने पर अम्बेडकरनगर के एक परीक्षक को तीन साल के लिए डिबार किया गया। कई मामलों में उत्तरपुस्तिकाओं में जानबूझकर अंकों में हेरफेर पाया गया। अयोध्या के एक परीक्षक ने 60 अंकों वाले छात्र को एवार्ड शीट पर सिर्फ 06 अंक दिए, जबकि बाराबंकी के एक परीक्षक ने 77 की जगह मात्र 34 अंक दिए। इन दोनों को क्रमशः पांच और तीन साल के लिए डिबार किया गया। इसी तरह गणित विषय में 44 अंकों वाले छात्र को 75 अंक देने वाले सुल्तानपुर के एक परीक्षक को भी तीन साल का प्रतिबंध झेलना पड़ेगा। इनके अलावा जो भी शिक्षक डिबार किए गए हैं सभी विभिन्न मामलों में गड़बड़ी के दोषी पाए गए हैं। बोर्ड ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया है कि परीक्षा के दौरान इन परीक्षकों को कदापि कालेज अथवा केंद्र में प्रवेश न दे। यह कार्रवाई परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उठाई गई है। बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि डिबार शिक्षकों को मूल्यांकन, निरीक्षण या किसी भी परीक्षा ड्यूटी पर नहीं लगाया जाएगा।

यूपी बोर्ड : परीक्षार्थियों के रोल नंबर जारी

24 जनवरी से प्रस्तावित यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों के रोल नंबर स्कूलों के पोर्टल पर जारी कर दिए गए हैं। साथ ही बोर्ड परीक्षा 2026 के आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन अपलोड करने के लिए वेबसाइट भी खोल दी गई है। स्कूलों के प्रधानाचार्य आंतरिक मूल्यांकन में मिले प्राप्तांक रोल नंबर के अनुसार अपलोड करेंगे। हाईस्कूल में सभी विषयों के आंतरिक मूल्यांकन के 30 अंक के साथ खेल एवं नैतिक शिक्षा का ग्रेड अपलोड करना है। जबकि इंटर में शारीरिक शिक्षा एवं खेल का 50 अंक लिखित एवं 50 अंक प्रायोगिक परीक्षा का अपलोड करना है। इस बीच बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने 30 जनवरी तक प्रवेश पत्र भी जारी करने के निर्देश दिए हैं।

संजयगंज में आयोजित खिचड़ी भोज में शामिल जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह टिल्लू व अन्य। अमृत विचार

भोज से कायम होती है सामाजिक समरसता

सोहावल, अमृत विचार : सोहावल तहसील क्षेत्र के संजयगंज स्थित हनुमान मंदिर पर सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भोज को सामाजिक समरसता की मिशाल कायम करने वाला बताया। कहा कि सनातन धर्म में केवल यही एक कार्यक्रम सभी समाज के लोगों को एक साथ शामिल करने वाला है। इस अवसर पर भाजपा नेता मोहनलाल गुप्ता, राम सिंह, धन्ना सिंह, सतनाम सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

टेबल टेनिस टूर्नामेंट : हिमांशु और पवित्रा ने जीता खिताब

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : अयोध्या में अमर शहीद हेमू कालाणी बलिदान दिवस पर टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि साईं नितिन राम ने अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर व माल्यार्पण करके उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस में अयोध्या के कई खिलाड़ियों ने पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किये हैं। अब नई पीढ़ी भी उसे कीर्तिमान को आगे बढ़ने का काम कर रही है यह समाज के लिए गौरव की बात। संस्था अध्यक्ष अमृत राजपाल ने कहा कि खेल की भावना से खेलकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाकर अपने समाज व देश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता के

अतिथियों के साथ टेबल टेनिस टूर्नामेंट के खिलाड़ी। अमृत विचार

14 वर्ष तक आयुवर्ग के फाइनल मुकाबले में हिमांशु मन्ध्यान ने पार्थ मन्ध्यान को पराजित किया। महिला वर्ग के फाइनल में पवित्रा मलकानी ने मोनिका जीवानी को हराकर खिताब अपने नाम किया। 14 से 35 वर्ष वर्ग में क्वार्टर फाइनल के लिए कुशाल रामानी, वंश अंदानी, कुशाग्र मंछानी, कबीर , श्रेय राजपाल, उपकार मोटवानी, जतिन बजाज एवं यश मन्ध्यान ने क्वालिफाई किया।35 वर्ष से ऊपर पुरुष वर्ग में नितिन तोलानी, प्रकाश मध्यान एवं अमृत राजपाल सेमीफाइनल तक पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नरेंद्र क्षेत्रपाल ने किया। उद्घाटन अवसर पर संरक्षक मोहन मध्यान, संरक्षक गिरधारी चावला, डॉ. महेश सुरतानी, संस्था उपाध्यक्ष जयप्रकाश क्षेत्रपाल, कोषाध्यक्ष सुनील मध्यान, टूर्नामेंट प्रभारी कमल अरावली सह प्रभारी राजेश जसवानी,सह प्रभारी सौरभ लखमानी आदि मौजूद रहे।

खिचड़ी भोज का आयोजन, बांटे कंबल

हैरिंग्टनगंज, अमृत विचार: मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हैरिंग्टनगंज बाजार में खिचड़ी भोज का आयोजन जिला पंचायत क्षेत्र हैरिंग्टनगंज तृतीय से राकेश कुमार चौरसिया और शंकरा देवी ने किया। लोकगायक विवेक पाण्डेय की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आयोजक राकेश कुमार चौरसिया ने 30 जरूरतमंदों को कंबल बांटा।मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुनंदन कुमार चौरसिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन रुदौली अशोक कुमार कसौधन थे। कार्यक्रम में संस्थापक शिव दयाल, महेश गुप्ता, हरिश्चंद्र पांडेय, राम नयन गुप्ता, राम मूरत तिवारी आदि मौजूद रहे।

व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी पंजीकरण के बताए गए फायदे

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के राज्य कर भवन में जीएसटी 2.0 सुधार, पंजीकरण के लाभ, पंजीकरण आधार में वृद्धि, राजस्व संवर्धन तथा व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों के संबंध में एक व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चन्द्रशेखर संयुक्त आयुक्त टैक्स ऑडिट राज्य कर अयोध्या द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लाभ, मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना, समाधान योजना, टीडीएस-टीसीएस, रिटर्न फाइलिंग तथा

व्यापारियों को जीएसटी के बारे में जानकारी देते संयुक्त आयुक्त टैक्स ऑडिट राज्य कर अयोध्या चन्द्रशेखर व साथ में मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

ई-वे बिल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। संवाद सत्र के दौरान टैक्स बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों और व्यापार मंडल के सदस्यों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपायुक्त राज्य कर सुनील कुमार सिंह, सहायक आयुक्त राज्य कर रवीन्द्र कुमार और डॉ. अंकित सिंह, राज्य कर अधिकारी अच्छेलाल और विनोद कुमार, अधिवक्ता महेश श्रीवास्तव, आरएन पटेल, पीयूष बंका सहित व्यापार मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हाफ मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन कल

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशानुसार जनपद में आगामी 20 जनवरी को आयोजित होने वाले श्रवण धाम महोत्सव पर एक विशेष हाफ मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जनसहभागिता, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सांस्कृतिक विरासत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। हाफ मैराथन की कुल दूरी 10 किलोमीटर निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता का प्रारंभ श्रवण धाम क्षेत्र गेट से होकर शिवबाबाधाम गेट तक किया जाएगा तथा पुनः श्रवण धाम क्षेत्र गेट पर समापन होगा। यह प्रतियोगिता 20 जनवरी को सुबह 08 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तीन वाहन टकराए, दो की मौत व पांच घायल

संवाददाता, आजमगढ़।

अमृत विचार : जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह घने कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के सठियांव के पास तेज रफ्तार ट्रेलर, सड़क किनारे खड़े ट्रक और पीछे से आ रही कार की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 254.4 पर रविवार सुबह करीब सात बजे घने कोहरे के बीच तेज रफ्तार ट्रेलर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। उसी दौरान पीछे से आ रही आर्टिगा कार भी ट्रेलर से भिड़ गई। हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की कार्यदायी संस्था की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में आर्टिगा सवार पवन कुमार मेहता (39 वर्ष) निवासी लखीसराय, बिहार तथा ट्रेलर चालक (अज्ञात) शामिल हैं। घायलों की पहचान प्रभात कुमार मेहता (37 वर्ष), विमला कुमार (65 वर्ष), कुमार रमन (45 वर्ष), कुमारी बविता (55 वर्ष) और रूपा मेहता (49 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि सभी लोग बिहार के लखीसराय जिले के निवासी हैं और कार से बरेली जा रहे थे। घने कोहरे और तेज रफ्तार को हादसे की वजह माना जा रहा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है।

अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जलालपुर तहसील स्थित पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में कार्यरत युवक की शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार



संजय(फाइल फोटो)

जौनपुर जनपद के रामपुर गांव निवासी संजय लगभग 35 वर्ष शनिवार की शाम जलालपुर से बाइक द्वारा घर जा रहे थे। जैसे ही वह अखंड नगर थाना क्षेत्र के नकटवा मुरादाबाद गांव के पास पहुंचे, तभी एक अनियंत्रित ट्रेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस संबंध में मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य ने बताया कि घटना सुल्तानपुर जनपद के अखंड नगर थाना क्षेत्र की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी किया बैठक, दिए निर्देश

अंबेडकरनगर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्र पर जिन मतदाताओं के मोबाइल नंबर और फोटो प्राप्त करने से छूट गए है उन मतदेय स्थलों के बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाईजर और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षमा में राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में 20 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक लम्बित वाले बूथों विधान सभा 277-कटेहरी के 131 बूथ लेवल अधिकारी, विधानसभा 278-टाण्डा के 115 बूथ लेवल अधिकारी, विधानसभा 279-आलापुर के 132 बूथ लेविल अधिकारी, 280-जलालपुर के 72 बूथ लेविल अधिकारी और विधानसभा 281-अकबरपुर के 171 बूथ लेविल अधिकारी उपस्थित रहें।

जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

कंबल बांटते चेयरमैन महेंद्र कुमार वर्मा।

बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। रविवार को श्री राम मूर्ति वर्मा स्मृति समिति द्वारा स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार वर्मा की स्मृति में श्री राम मूर्ति वर्मा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गरीबों के बीच अनाज और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन महेंद्र कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य मोहम्मद नसीम, दिलीप वर्मा, पूर्व प्रधान गोलपुर राजेंद्र वर्मा सहित विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने स्व. सुरेंद्र कुमार वर्मा के सामाजिक योगदान को स्मरण किया।

दुर्गा राय बने अध्यक्ष व सतीश सिंह महामंत्री

ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी।

आजमगढ़। जनपद में ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन आजमगढ़ की एक अहम बैठक कुंवर सिंह उद्यान में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के बड़ी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन आजमगढ़ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें दुर्गा प्रसाद राय को अध्यक्ष, सतीश कुमार सिंह को महामंत्री तथा अखिलेश सिंह को क्रांति प्रतिनिधि घोषित किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, ग्राम विकास अधिकारियों की समस्याओं के समाधान तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सतीराम सिंह, राम प्रवेश राम, बलिराम, अभय, सत्य प्रकाश सिंह, बबलू राय, चंद्रशेखर, आदित्य सिंह, विंध्यवासिनी उपाध्याय, मनोज यादव सहित जनपद के समस्त ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

सगे भाई की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में घायल

संवाददाता, आजमगढ़। जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के अमिलो गांव में पांच दिन पूर्व प्रॉपर्टी विवाद में अपने परिजनों के साथ मिलकर सगे भाई को घर में बंद कर बेरहमी से मारपीट कर मौत के घाट उतारने के मामले में फरार चल रहे आरोपी से बीती रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किए गए हैं। एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात प्रभारी निरीक्षक थाना मुबारकपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अमिलो क्षेत्र में मुठभेड़ में आरोपी को दबोच लिया। जिसकी पहचान सलीम निवासी अमिलो, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। सलीम पर आरोप है कि 13 जनवरी की रात संपत्ति में हिस्सेदारी को लेकर अभियुक्त ने अपने भाई मो. ताहिर की लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पिटाई की थी। जिसमें मो. ताहिर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी शबाना की हालत गंभीर बनी हुई है।

हजारों श्रद्धालुओं सरयू नदी में लगाई डुबकी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के थाना राजेसुल्तानपुर स्थित चांडीपुर घाट पर मौनी अमावस्या के पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान और दान कर पूजा-अर्चना किया। यह स्नान भारी पुलिस बल की कड़ी निगरानी में संपन्न हुआ।

जनपद में मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान, ध्यान और पूजा-पाठ किया। स्नान के साथ-साथ श्रद्धालु मेले का भी आनंद लेते दिखे, जहां जलेबी, चाट और खिलौनों की दुकानों पर बच्चों की विशेष भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्नान के दौरान अनहोनी को रोकने के लिए नावों और नाविकों की समुचित व्यवस्था की गई थी। बता दें कि घाट पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई महिला

मौनी अमावस्या पर चांडीपुर घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

सिपाहियों की तैनाती रही। उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। थाना प्रभारी राजेसुल्तानपुर अक्षय पटेल ने बताया कि श्रद्धालुओं को गहराई में जाने से रोकने के लिए गहरे पानी वाले स्थानों को बांस और रस्सी से घेर दिया गया था। यह व्यवस्था किसी भी दुर्घटना को टालने के उद्देश्य से की गई थी। स्नान के बाद महिलाओं के लिए बांस और तिरपाल से अस्थाई चेंजिंग रूम बनाए गए थे। मेले में भी पुलिसकर्मी सुरक्षात्मक दृष्टि से निगरानी करते नजर आए।

आज कवि सम्मेलन में गूंजेगा काव्य रस, कुमार विश्वास होंगे आकर्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से जनपद के विकास खंड कटेहरी अंतर्गत श्रवण क्षेत्र चिउटीपारा स्थित पावन श्रवण धाम में आयोजित हो रहे श्रवण धाम महोत्सव के क्रम में सोमवार को विविध सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति और साहित्य का संगम प्रस्तुत करेगा।

मौसम के दूसरे दिवस कार्यक्रम की शुरुआत पूर्वाह्न 11 बजे से 01 बजे तक किसान सम्मेलन और गोष्ठी से होगी। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे से 03 बजे तक श्रवण क्षेत्र के इतिहास पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन किया जाएगा। अपराह्न 03 बजे से 04 बजे तक उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सायं 04 बजे से 05 बजे तक क्षेत्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां तथा सायं 05 बजे से 06 बजे तक आरती कार्यक्रम आयोजित होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सायं 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक आयोजित होने वाला भव्य कवि सम्मेलन रहेगा, जिसमें देश के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास सहित अन्य ख्यातिप्राप्त कवि काव्य पाठ करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, साहित्य प्रेमियों और जनसामान्य के सहभागिता की अपेक्षा है। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

आयोजन

स्थानीय कलाकारों ने भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

दीपों से जगमग हुआ श्रवण धाम

महोत्सव का शुभारंभ, अनूप जलोटा के भजनों ने श्रोताओं का मोहा मन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के विकास खंड कटहरी में स्थित महात्मा श्रवण कुमार की निर्वाण स्थली पर मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आयोजित तीन दिवसीय श्रवण धाम महोत्सव का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव का उद्घाटन पूर्वाह्न में हवन-पूजन और विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ।

बता दें कि जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ

श्रवण धाम महोत्सव में तमसा तट पर आरती करते जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव व साथ में एमएलसी डॉक्टर हरिओम पांडे व जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

साधू वर्मा, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्सना बंधु, जॉइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, अपर उप जिलाधिकारी अरविंद शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा के भजनों ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम से श्रवण धाम जगमगा उठा। हवन-पूजन के उपरांत मुख्य मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। स्थानीय कलाकारों सत्यम गौड़, सौरभ शुक्ला, सचिन गिरी आदि ने भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं उपमा पाण्डेयए महिंद्रा देवी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत मनमोहक लोकनृत्यों ने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को पारंपरिक एवं लोक रंगों से सराबोर कर दिया। महोत्सव के प्रथम दिवस पर महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विशेष फोकस किया गया। महिला गोष्ठी के अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रभावी मंचन किया गया। एनआरएलएम लाभार्थियों द्वारा अपनी कहानी-अपनी जुबानी कार्यक्रम के माध्यम से अनुभव साझा किए गए। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों और पुलिस टीम द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार, 19 जनवरी 2026

सुलतानपुर

स्कूटी सवार दो चचेरी बहनों की मौत, तीसरी गंभीर

स्कूटी सीखते समय हुआ हादसा, मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा पीछे से मारी गई टक्कर बनी दुर्घटना की वजह

गोसाईगंज, सुलतानपुर

प्रियदर्शिनी तिवारी। आनवी तिवारी।

हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचारः थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसे में बाइक सवार दो छात्राओं की मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और वैदहा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

थाना क्षेत्र के वैदहा गांव निवासी आनवी तिवारी उर्फ विट्टू (16) पुत्री दीपक तिवारी, प्रियदर्शिनी उर्फ शुभी तिवारी (14) तथा रिया तिवारी (16) पुत्री विजय तिवारी रविवार दोपहर बाइक से मोतीगंज बाजार जा रही थीं। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब वे शारदा सहायक खंड-16 नहर की पटरी पर सलारपुर देसी शराब ठेके के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आ रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों छात्राएं अनियंत्रित होकर ट्रॉली के पहियों के नीचे आ गईं। मौके पर ही आनवी तिवारी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन व ग्रामीण तीनों को निजी वाहन से सुलतानपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान प्रियदर्शिनी तिवारी ने भी दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल रिया तिवारी का इलाज जारी है।

मृतक छात्राएं पढ़ाई में मेधावी बताई जा रही हैं। घटना से गांव में मातम पसरा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से फरार ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

गोसाईंगंज थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई घायल

मोतिगरपुर, सुलतानपुर : स्थानीय थाना क्षेत्र के मोतिगरपुर निवासी दो सगे भाई सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। अमन पांडेय (18) व आयुष पांडेय (15) पुत्रगण अमरजीत पांडेय शनिवार रात करीब 11 बजे बाइक से कहीं से वापस अपने घर लौट रहे थे। दोनों भाई जब मोतिगरपुर थाने के मोतिगरपुर-दोस्तपुर मार्ग पर स्थित खनुहट गांव के पास पहुंचे, तभी सड़क पर बने गड्ढों के कारण बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आईं।

घटना के समय गश्त पर निकली पीआरबी टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में हालत गंभीर होने पर अमन पांडेय को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया।

सझौवा में यूरिया लदा ट्रक पलटा

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुरांवा चौकी के सझौवा गांव में रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यूरिया खाद से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्डे में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक रमाशंकर बाल-बाल बच गए, हालांकि वाहन को भारी क्षति पहुंची है। चालक रमाशंकर ने बताया कि ट्रक जगदीशपुर से बसखारी (अम्बेडकरनगर) की ओर यूरिया खाद लेकर जा रहा था। सझौवा गांव के पास अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रक पलट गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दी गई है।

न्यूज ब्रीफ

डॉ. सुप्रीत वर्मा ने तीसरी बार पूरी की टाटा मुंबई मैराथन

सुलतानपुर, अमृत विचार : सर्जन एवं स्वशासी मेडिकल कॉलेज के शल्य चिकित्सा विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुप्रीत वर्मा ने टाटा मुंबई मैराथन सफलतापूर्वक पूरी कर एक और उपलब्धि अपने नाम की है। यह डॉ. सुप्रीत वर्मा की कुल 13वीं मैराथन रही, जिसमें उन्होंने तीसरी बार प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन में प्रतिभाग कर 42.2 किलोमीटर की फुल मैराथन दूरी पूरी की। डॉ. सुप्रीत वर्मा ने बताया कि मैराथन दौड़ को पूरा करना अत्यंत रोमांचक अनुभव होता है, जो स्वास्थ्य, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि टाटा मुंबई मैराथन 2026 में रिकॉर्ड 69 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिससे देशभर में दौड़ के प्रति बढ़ते उत्साह का पता चलता है।

समरसता का संदेश देता है खिचड़ी भोज

सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दूबेपुर खण्ड के अहिमाने मण्डल द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर रविवार को समरसता (खिचड़ी) भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बाबा झटकूशाह आश्रम, दिखौली, दूबेपुर में दोपहर 12 बजे से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मकर संक्रान्ति को सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे के प्रतीक के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रामशंकर मिश्र, पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, अभिषेक शाही, पूजा कसौधन तथा अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व अजय गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दो हादसे, वाहन क्षतिग्रस्त

संवाददाता, सुलतानपुर

दुर्घटना के बाद यूपीडा सुरक्षा कर्मियों ने बहाल कराया यातायात।

अमृत विचारः पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मची, हालांकि राहत की बात यह रही कि दोनों घटनाओं में किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई और यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई।

पहला हादसा ट्रक और कंटेनर के बीच हुआ। जानकारी के अनुसार ट्रक चालक अकरम पुत्र मोबीन, निवासी ग्राम भाई मुक्तेश्वर मुक्तिपुर, थाना धमोर (बिहार), बालू लेकर बिहार से सुलतानपुर की ओर जा रहा था। रास्ते में ट्रक के इंजन में खराबी आने पर चालक ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी दौरान पीछे से आ रहे कंटेनर ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रक का पिछला हिस्सा और कंटेनर का अगला बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कंटेनर चालक की पहचान विनय कुमार पुत्र रामायण साहनी, निवासी ग्राम पूर्वी पड़ी, थाना डुमरिया घाट, बिहार के रूप में हुई है। दोनों चालक सुरक्षित रहे। क्षतिग्रस्त वाहनों को रिकवरी वैन की मदद से पीली पट्टी के भीतर हटा दिया गया, जिससे यातायात बाधित नहीं हुआ।

दूसरा हादसा रविवार सुबह एक्सप्रेस-वे के

● क्षतिग्रस्त वाहनों को भेजा गया टोल प्लाजा, बहाल कराया गया यातायात

किलोमीटर संख्या 144.9 पर हुआ। पीआरबी से सूचना मिलने पर सुरक्षा अधिकारी कपिल देव यादव एवं सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि गुड़गांव से बिहार कपड़ा लेकर जा रहा कंटेनर, जिसे ओमप्रकाश (30) पुत्र राजेंद्र कुमार, निवासी ग्राम कोटा मुस्तकिल मुरलीपुर, थाना कॉटन, जिला जालौन चला रहा था, ने आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन में टक्कर मार दी। इस हादसे में कंटेनर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि चालक सुरक्षित रहा।क्षतिग्रस्त कंटेनर को रिकवरी वैन से दोस्तपुर टोल प्लाजा भेज दिया गया। दोनों ण् घटनाओं के बाद एक्सप्रेस-वे पर यातायात सामान्य रूप से चलता रहा।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अखंडनगर, सुलतानपुर

संजय कुमार सिंह (फाइल फोटो)।

अमृत विचारः स्थानीय थाना क्षेत्र के मुरादाबाद गांव के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अम्बेडकरनगर-शाहगंज (जौनपुर) मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान संजय कुमार सिंह (35) पुत्र हरिशंकर सिंह निवासी ग्राम रामपुर, कोतवाली शाहगंज, जनपद जौनपुर के रूप में की है। बताया गया कि संजय कुमार सिंह तहसील जलालपुर, अम्बेडकरनगर में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे और ड्यूटी समाप्त कर अपने घर रामपुर (देवनगर बाजार के पास) लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अनियंत्रित ट्रेलर टक्कर के बाद दिशा बदलते हुए बाइक सवार को करीब 50 मीटर तक घसीटता चला गया। हादसे के बाद पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. श्रवण कुमार मौर्या ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रेलर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के परिवार में बुजुर्ग मां, पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक पद को शिक्षकों से मांगा सहमति पत्र

संवाददाता, सुलतानपुर

● बीईओ कार्यालय पर जमा होगा सहमति पत्र, 22 है अंतिम तिथि

अमृत विचारः प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों व सहायक शिक्षकों से वरिष्ठता सूची के क्रम में उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों के इंचार्ज प्रधानाध्यापक पद के लिए सहमति पत्र मांगा गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने इस संबंध में पत्र जारी किया है।

बीएसए ने बताया कि जो शिक्षक इंचार्ज प्रधानाध्यापक बनने के इच्छुक हैं, वे अपना सहमति पत्र संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 22 जनवरी तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त सहमति पत्रों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

पत्र के साथ ही आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं जनपद के कुल 367 उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों की सूची भी प्रकाशित की गई है। यह सूची उन विद्यालयों की है, जहां वर्तमान में प्रधानाध्यापक का पद रिक्त है। सूची जारी होते ही शिक्षकों में अपनी पसंद के विद्यालयों के चयन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

12 हजार से ज्यादा अपात्र होंगे बाहर

संवाददाता, सुलतानपुर

● उचित दर विक्रेता से साठगांठ कर ले रहे थे नि:शुल्क राशन

अमृत विचारः जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सही करने के लिए अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिले के 14 विकासखंडों व नगर क्षेत्र से 12 हजार से अधिक अपात्र राशन कार्ड धारकों के नाम राशन कार्ड सूची से काटे जाएंगे। शासन स्तर से चिन्हित कर भेजी गई सूची के आधार पर जिला मुख्यालय पर यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

पूर्ति विभाग के अनुसार जिन राशन कार्ड धारकों के परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपये से अधिक पाई गई है, या जिनके परिवार के किसी सदस्य के नाम चारपहिया वाहन पंजीकृत है, उन्हें अपात्र श्रेणी में रखा गया है। इसके साथ ही ऐसे कार्डधारक भी कार्रवाई की जद में हैं, जिन्होंने बीते छह माह से उचित दर विक्रेता की दुकान पर बायोमैट्रिक सत्यापन नहीं कराया है।इन सभी अपात्र लाभार्थियों की सूची शासन द्वारा सीधे जिला पूर्ति अधिकारी को भेजी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षकों की निगरानी में कार्ड निरस्तीकरण की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। विभाग का दावा है कि इस सख्ती से केवल वास्तविक पात्रों को ही राशन मिलेगा, वहीं अपात्रों में खलबली मच गई है।

जोड़ तोड़ की शुरू हो गई है प्रक्रिया

राशन कार्ड धारकों ने फिर से राशन कार्ड बनवाए जाने को लेकर जोड़तोड़ की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राशन कार्ड धारकों के जिन सदस्यों के नाम अपात्र पाए गए हैं, मुखिया द्वारा उन्हें परिवार से अलग दिखाया जा रहा है। एक बार फिर से नए परिवार रजिस्टर की नकल व नया आय प्रमाण पत्र बनवाया जा रहा है। इन्हीं कागजातों के सहारे फिर से राशन कार्ड बनवाए जाने का प्रयास शुरू हो गया है। फिलहाल ऐसे राशन कार्ड धारकों को कितनी सफलता मिलती है ये आने वाला समय बताएगा।

टीकाकरण के बाद नवजात की मौत, एएनएम पर आरोप

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : डेढ़ माह की नवजात की टीकाकरण के बाद हालत बिगड़ गई, उसे अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया, वहां पर उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के हिरावनपुर निवासी विनीत मिश्रा द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक उनकी बच्ची पीहू का जन्म 5 दिसंबर को हुआ था। 17 जनवरी को गांव में ही पंचायत भवन पर टीकाकरण हो रहा था, आशा बहू ने बच्ची को टीका लगाने के लिए फोन करके बुलवाया। बच्ची को अपने साथ लेकर टीका लगवाने के लिए उनकी मां

● पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

जब पंचायत भवन पहुंची, तब वहां पर मौजूद एएनएम खुशबू उनकी डेढ़ माह की बच्ची को टीका लगाया। आरोप है की टीका लगने के बाद जब उसे घर लाया गया तो उसके मुंह से झाग निकलने लगा और तबीयत खराब होने लगी। तत्काल लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची के पिता ने बच्ची की मौत का कारण एएनएम को बताया और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

ता0 पेशी– 20/01/2026
एच.सी.जे फार्म न. 33 पार्ट 7
H.C.J. Part VII No. 33
हेतु संदर्शित करने की सूचना
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय पयागपुर
मुकदमा नंबर T202508150511319
वेद प्रकाश आदि
... वादी
बनाम
रामानुज आदि
... प्रतिवादीवादी
बनाम रामानुज दत्तक पुत्र नीबर उर्फ कामेश्वर नाथ निवासी मर्दा नगर दाखिला कंछर परगना इकौना तहसील पयागपुर बहराइच। चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि W/S 144 धारा 144 U.P.R.C, अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करके लिए 20/01/2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसांआत हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुदा सहित आज 13/01/2026 के दिवस को निकाली गई।
आज्ञा से न्यायालय

पात्रों को बांटी कान की मशीन व मच्छरदानी

लंभुआ, सुलतानपुर

जरूरतमंदों को बांटे गए कान की मशीन व मच्छरदानी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः विकास क्षेत्र अन्तर्गत अर्जुनपुर गांव में रविवार को सेवार्थम फाउंडेशन ने एक कैम्प आयोजित करके जरूरतमंदों व निराश्रित लोगों को कान की मशीन (हियरिंग एड) व मच्छरदानी का वितरण किया गया।

संस्था के संस्थापक डॉ. आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में अर्जुनपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद और असहाय 10 लोगों को कान की मशीन (हियरिंग एड) एवं 75 लोगों को मच्छरदानी का निशुल्क वितरण किया गया। इस पहल से जहां एक ओर बुजुर्गों और दिव्यांगों को सुनने की नई उम्मीद मिली, वहीं मच्छरदानी वितरण से गरीब परिवारों को बीमारियों से बचाव का सहारा भी मिला। कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने कहा कि ऐसी पहलें ही असल मायनों में जनता के हित में होती हैं, जो सीधे जरूरतमंद तक मदद पहुंचाती हैं। संस्था के पदाधिकारी अमित बरनवाल ने बताया कि जनहित में संस्था आगे भी स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम में उमेश चंद्र त्रिपाठी, संतोष तिवारी, मुकेश तिवारी, अमित तिवारी, लवलेश दुबे, धर्मेंद्र तिवारी, सुरेश शर्मा, समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मेले में सैकड़ों मरीजों का हुआ इलाज

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित स्वास्थ्य मेलों में सैकड़ों मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। मेले में खांसी, सर्दी, जुकाम व बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित कीं तथा बदलते मौसम में सतर्कता बरतने की सलाह दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विंदेश्वरीगंज में 22 मरीजों का उपचार किया गया। वहीं, देहली और वलीपुर में 25-25 मरीजों का इलाज हुआ, जिसमें वलीपुर में 8 बच्चे शामिल थे। इसके अलावा हलियापुर में 22 तथा इसौली में 29 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिला।

समाजवादी पार्टी ने शुरू किया मतदाता सूची संवर्धन अभियान

सुलतानपुर, अमृत विचारः समाजवादी पार्टी ने आगामी 2027 विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में मतदाता सूची संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं से एसआईआर अभियान के तहत फॉर्म भरवाने में पूरी सक्रियता दिखाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके प्रत्येक युवा का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना पार्टी की जिम्मेदारी है। सत्ता पक्ष के कथित षड्यंत्रों को बेनकाब करते हुए सपा

● पूर्व मंत्री बोलीं-हर कार्यकर्ता निभाए जिम्मेदारी तो 2027 में बनेगी सपा सरकार

कार्यकर्ता फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 के माध्यम से मतदाता सूची को मजबूत करें। उन्होंने दावा किया कि 2012 की तरह 2027 में भी सपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। यह अभियान बस स्टेशन स्थित पेट्रोल पंप पर पूर्व विधायक की मौजूदगी में शुरू किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। बैठक में जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, विधायक ताहिर खान, प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम रश्मि त्रिपाठी है, जबकि आधारकार्ड व पैनकार्ड में रश्मि चतुर्वेदी है। आज से मुझे रश्मि चतुर्वेदी के नाम से जाना पहचाना जाए। –रश्मि चतुर्वेदी पत्नी आकाश , निवासी मोहल्ला मंडी बाजार, तिर्वा, कन्नौज।

सूचना
मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट वर्ष 2014 अनुक्रमांक नं. 42016122 व इंटरमीडिएट की मार्कशीट वर्ष 2016 अनुक्रमांक नं. 066354 वास्तव में कहीं खो गई है। शिवम दुबे पुत्र विनोद दुबे निवासी कल्याण नगर भरथना इटावा

सूचना
पहले मेरा नाम MOHAD ZAID KHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD ZAID KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD ZAID KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- MUSHARRAF KHAN, R/O- 34,BRAHMAU KALAN,MATHAN THANA PISAWAN, SITAPUR

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. राघवराम मौर्य द्वारा कराई गई भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 219325007 मे नामिनी के तौर पर मेरा नाम लालदेई अंकित है जबकि आधार कार्ड मे विशुना देवी अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। लालदेई उर्फ विशुना देवी पत्नी स्व राघवराम मौर्य निवासिनी - ग्राम मुसई पुरवा बनगाई, पोस्ट- बनगाई जिला गोंडा (उप्र)

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं राम बचन सिंह पुत्र स्व0 पति राम नि0–ई–29 राजीव नगर कल्याणपुर लखनऊ का निवासी हूँ। मैं अपने बड़े पुत्र राकेश कुमार सिंह व बड़ी पुत्री मनोज सिंह के परिवार के प्रति दुव्यवहार गलत आचरणों के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्य एवं लेन–देन के जिम्मेदार वे स्वंय होगें। मेरा व मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

सूचना
मैं नैतिक त्रिपाठी पुत्र अरुण कुमार तिवारी निवासी कान्धी कुइयां नगर पंचायत पयागपुर थाना पयागपुर जिला बहराइच का निवासी हूं मेरा हाई स्कूल अंक पत्र (मार्क शीट) वास्तव में कही खो गया है जिसका अनुक्रमांक 1232652327 एवं परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष 2023 है तथा बोर्ड उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद है।

सूचना
रज्जाक हुसैन आयु लगभग 37 वर्ष पुत्र मो0 रफीक निवासी – 346/12 पी, मेंहदीगंज, कच्ची कालोनी, चौक, लखनऊ उत्तर प्रदेश – 226003 के हाई स्कूल मार्कशीट में शपथी का नाम मोहम्मद हुसैन पुत्र मो0 रफीक अंकित है। किंतु शपथी ने अब अपना नाम बदल कर रज्जाक हुसैन पुत्र 0 रफीक रख लिया है भविष्य में शपथी इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

सरकारी भूमि से पेड़ काटने पर केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : चांदा थाना क्षेत्र के ग्राम आनापुर नरायनगंज में ग्राम सभा की सरकारी भूमि पर लगे आम के दो पेड़ों को अवैध रूप से काटे जाने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में वन विभाग की तहरीर पर कोतवाली चांदा में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी लम्भुआ द्वारा जारी पत्र के माध्यम से वन विभाग को अवगत कराया गया था कि गाटा संख्या 684, जो बंजर भूमि एवं ग्राम सभा की संपत्ति है। वहां स्थित आम के दो पेड़ों को गुलशन वर्मा व संदीप वर्मा निवासी शेरपुर परशरामपुर द्वारा बिना किसी अनुमति के काटकर मौके से अन्यत्र पहुंचा दिया गया था। मामले की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग ने कटे हुए आम के पेड़ों की लकड़ी को ग्राम आनापुर नरायनगंज निवासी विजय दूबे की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवाया। वन रक्षक आनंद कुमार पाण्डेय की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पशुशाला में आग लगने से पांच पशु झुलसे

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय थाना क्षेत्र के लहूरेपुर मजरे दरियापुर में बीती रात अचानक पशुशाला में आग लग गई। यह हादसा देर रात लगभग 11 बजे हुआ, जिसमें पशुशाला में बंधी दो भैंस, दो पंड़वा और एक पंड़िया बुरी तरह झुलस गईं। आग लगने के समय पशुशाला में सो रहे लल्लन प्रसाद पुत्र घिर्राऊ (55) भी गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल घायल लल्लन प्रसाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़वार पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने लल्लन प्रसाद की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर के लिए रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य में सहयोग किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कार्यक्रम | हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बुनियादी शिक्षा के लिए बालवाटिका अहम

लंभुआ, सुलतानपुर

बच्चे को सम्मानित करते बीईओ व संघ के अध्यक्ष। ● अमृत विचार

अमृत विचारः जूनियर हाईस्कूल लंभुआ में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के तहत खंड शिक्षा अधिकारी लंभुआ अजय सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत लंभुआ अध्यक्ष अंगद सिंह ने देवी सरस्वती के पूजन के साथ किया।

मुख्य अतिथि अंगद सिंह ने कहा कि बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए बालवाटिका एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह ने कहा कि बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के लिए बालवाटिका, निपुण लक्ष्य एवं माता उन्मुखीकरण जैसे कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बच्चों व अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया। संचालन कर रहे डॉ. राम सागर गुप्ता ने उदाहरणों के माध्यम से बालवाटिका की उपयोगिता बताई। कार्यक्रम के दौरान 51 बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, एआरपी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

किशोरी को किया अगवा, नहीं लगा सुराग

बालपुर, गोंडा : थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को गांव का ही एक युवक भगा ले गया। पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमा लिखे जाने के कई दिन बीतने के बाद भी कटरा बाजार पुलिस के हाथ खाली हैं और किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा है। किशोरी के पिता ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि सुजीत कुमार नाम के युवक ने उसकी नाबालिग बेटी जो कि कक्षा 11 की छात्रा है उसको बहला फुसलाकर भगा ले गया है उसका कोई सुराग नहीं लग रहा है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है और सीडीआर निकलवाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द उसे बरामद कर लिया जायेगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की प्रयाग मेले में मौत

रुपईडीह, गोंडा : प्रयागराज स्नान करने गई आंगनबाड़ी केंद्र कौड़िया प्रथम की कार्यकत्री निराली मिश्रा (48) की शनिवार को देर रात वहीं पर अचानक मृत्यु हो गई। सुबह शव घर पहुंचने पर शुभचिंतकों का तांता लग गया। वह कौड़िया की पूर्व प्रधान स्व. पांडेय की इकलौती संतान थीं। उनके मृत्यु पर जिपं सदस्य मनोज शुक्ल, प्रधान रिंकू मिश्र, विवेक शुक्ल, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवेश चंद तिवारी समेत कई लोगों ने उनकी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

सड़क दुर्घटना में दो छात्र घायल

तरबगंज, गोंडा : तरबगंज थाना क्षेत्र के देवनगर बाजार के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों परीक्षा देने जा रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना कोतवाली नगर के ग्राम भटवलिया निवासी रघुवीर मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को उनका भाई शुभम मिश्र अपने साथी नितिन मिश्र के साथ तरबगंज के बिपिन बिहारी महाविद्यालय में परीक्षा देने मोटरसाइकिल से जा रहा था। तरबगंज थाना क्षेत्र के देवनगर बाजार के पास पहुंचे ही थे कि तरबगंज की तरफ से तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। इसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां हालात गम्भीर होने पर लखनऊ रिफर कर दिया गया।

गोंडा की बहू ने दिल्ली में कायम की आत्मनिर्भरता की मिसाल

- इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 108 उद्यमी महिलाएं हुईं सम्मानित
- 400 महिलाओं के जीवन को दी नयी दिशा

संवाददाता गोंडा

नम्रता नारायण। अमृत विचार

मंच पर समूह की महिलाओं से रूबरू होते दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा।

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले की बहू ने राजधानी दिल्ली में महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरक कहानी लिख दी है। गोंडा के कटरा बाजार क्षेत्र अंतर्गत गौरवा जानीपुर गांव की निवासी नम्रता नारायण ने अपने प्रयासों से दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 400 महिलाओं को काम, प्रशिक्षण और व्यवसायिक मंच उपलब्ध कराकर उनके जीवन को सुखमय बना दिया है। रमा फाउंडेशन एवं मैत्री के माध्यम से महिलाओं को एक साझा मंच से जोड़ते हुए नम्रता नारायण ने 2020 में उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में किए गए इस उल्लेखनीय कार्य के लिए दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग की ओर से इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में महिलाओं को कला-उद्यमी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 108 महिला कलाकारों और लघु उद्यमियों को एक मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। साथ ही सम्मान स्वरूप महिलाओं को साड़ियां भी भेंट की गईं। सम्मानित होने वाली महिलाओं में नेशनल अर्बन लाइवलीहुड मिशन के तहत पंजीकृत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भी शामिल रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें एक पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता है।

वहीं दिल्ली प्रदेश की उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को हर स्तर पर अवसर दे रही है ताकि वे रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें और वैश्विक पहचान बना सकें। रमा फाउंडेशन की संस्थापिका एवं चेयरमैन नम्रता नारायण ने बताया कि इस कार्यक्रम में करीब 400 महिलाओं ने सहभागिता की, जिन्हें पहली बार सरकार की ओर से इस तरह का सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने महिला उद्यमियों के हुनर को वह पहचान नहीं दी जिसकी वे हकदार थीं। कार्यक्रम में कॉरपोरेट जगत से जुड़े प्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही, जिन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को देखा और सराहा। कई कंपनियों ने इन उत्पादों को अपनाते हुए ऑर्डर भी दिए, जिसके लिए उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस प्रेरक यात्रा में नम्रता नारायण के पति डॉ. सौरभ मिश्र का भी पूरा सहयोग रहा। यह कहानी न केवल गोंडा बल्कि पूरे देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा है कि सही मंच, मार्गदर्शन और संकल्प से महिलाएं समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को सशक्त बना सकती हैं।

परिवार परामर्श केंद्र में दो जोड़े साथ रहने को हुए राजी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं ने बिछुडे. जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। दो जोड़ों को समझा-बुझाकर सुखी जीवन जीने के लिये राजी किया। परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थित सदस्यों में महिला थाना प्रभारी अनीता यादव, गाधर शुक्ला, डा उमा सिंह, शशि कुमार भारती, संतोष ओझा, नेहा सिंह, कलावती, अंजली, अजीत तथा सुभावती समेत कई लोग मौजदू रहे।

मौनी अमावस्या पर कटरा घाट पर उमड़े आस्थावान

दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई डुबकी

करनैलगंज, गोंडा

करनैलगंज स्थित सरयू में स्नान को जुटे श्रद्धालु। अमृत विचार

खरगूपुर के अमवा में लगे मेले में जुटे लोग। अमृत विचार

अमृत विचार : मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर कटरा घाट स्थित सरयू तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार की भोर से ही दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। घाट पर मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की।

सुबह करीब चार बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने सरयू में आस्था की डुबकी लगाई और मंदिरों में पूजा-अर्चना कर खिचड़ी, तिल आदि का दान किया। प्रयागराज गंगा स्नान नहीं जा पाने वाले श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। मेले को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नदी में बैरिकेडिंग कराई गई थी तथा पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। कोहरे और कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी।

खरगूपुर में मौनी अमावस्या पर रविवार को श्रद्धालुओं ने कुंवानों नदी के अमवा घाट पर स्नान करके पूजन-अर्चन के बाद अन्न, वस्त्र व द्रव्य का दान किया। खरगूपुर से सटे गोंडा-श्रावस्ती सीमा पर यहां अमवा घाट पर सूर्योदय के पूर्व से ही स्नानार्थियों ने पहुंचकर मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने अमवा सम्मय माता मंदिर पर पूजन अर्चन किया। मंदिर के पुजारी शिव कुमार 'नागा बाबा' व आयोजक ओमप्रकाश गोस्वामी ने ग्रामीणों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया। मेला व्यवस्थापक शिवराज सिंह ने बताया कि भंडारे में मेलार्थियों ने प्रसाद गृहण किया। गोण्डा-बलरामपुर व श्रावस्ती के मेलार्थियों ने सामानों की खूब खरीदारी की।

फलाहारी मंदिर पर भी लगा मेला

रुपईडीह, अमृत विचार : मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर कौड़िया के फलाहारी दास मंदिर पर भव्य मेला आयोजित किया गया। मंदिर के महंत सिद्धार्थ दास ने बताया कि इस मेले में क्षेत्र के विभिन्न गाँवो के बच्चों, पुरुषों व महिलाओं को मिलाकर भारी संख्या में श्रद्घालुओ ने बाबा फलाहारी जी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह अपने पुलिसकर्मियों के साथ मुस्तैद रहे।

संगम स्नान के लिए गई महिला की हादसे में मौत

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: धानेपुर नगर पंचायत क्षेत्र के अंबेडकर नगर वार्ड की रहने वाली एक महिला श्रद्धालु पुष्पा देवी (60) की रविवार को प्रयागराज में एक हादसे में मौत हो गयी। हादसा उस वक्त हुआ जब महिला श्रद्धालु ट्रेन पर बैठने की कोशिश कर रही थी। इली दौरान उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म पर गिर गयीं। परिजन उन्हे तत्काल अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टरों ने पुष्पा को मृत घोषित कर दिया। धानेपुर नगर पंचायत क्षेत्र के अंबेडकर नगर वार्ड की रहने वाले अनिल जायसवाल ने बताया कि उनकी मां पुष्पा देवी (60) परिवार के अन्य लोगों के साथ शुक्रवार को गंगा स्नान के लिए प्रयागराज गई थीं। स्नान के बाद सभी लोग वापस गोंडा लौटने के लिए प्रयागराज स्टेशन पहुंचे थे। साथ गए अनिल के चाचा नंदकुमार के मुताबिक ट्रेन पर चढ़ते समय पुष्पा देवी का पैर फिसल गया और वह प्लेटफॉर्म पर गिरकर बेहोश हो गयीं। तत्काल सभी लोग नीचे उतरे और उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने पुष्पा को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही अनिल के परिवार में कोहराम मच गया।

मानसिक बीमार युवक ने फंदे से लटककर दी जान

रुपईडीह, गोंडा: शनिवार देर रात कस्बा आर्यनगर में मानसिक रूप से बीमार एक व्यापारी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने विधिक कार्रवाई किया। कौड़िया थाना क्षेत्र के कस्बा आर्यनगर निवासी उमेश तिवारी (23) कबाड़ का व्यवसाय करता था। वह पिछले छह माह से मानसिक तौर पर बीमार था। उसके चाचा शिवराम ने बताया कि शनिवार शाम को खाने के बाद वह कमरे में सोने के लिए चला गया। रात में जब उसकी पत्नी रंजना कमरे में गई तो देखा उसका शव छत में लगे हुक से लटक रहा है। घटना की सूचना मिलने पर आर्यनगर चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी हासिल किया। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा शिवराम की सूचना पर शव को परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है। उसका विवाह पिछले वर्ष खरगूपुर के डारीडीहा गांव निवासिनी रंजना के साथ हुआ था।



यज्ञ पिता ब्रह्मा बाबा का मना पुण्य स्मृति दिवस

ब्रह्मा बाबा की स्मृति में श्रद्धांजलि देते जिपं सदस्य व ब्रह्मकुमारी की बहन।

तरबगंज, गोंडा : तरबगंज में ब्रह्माकुमारीज शाखा में संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की पुण्य स्मृति धूमधाम से मनाई गई। आध्यात्मिक क्रांति की प्रतिमूर्ति ब्रह्मा बाबा जी ने 18 जनवरी 1969 को अपनी सम्पूर्णता की मंजिल को प्राप्त किया था। मुख्य अतिथि जिपं सदस्य विनोद कुमार पांडेय ने ब्रह्मा बाबा की स्मृति में बने "शांति स्तम्भ" पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लोगों से ब्रह्मा बाबा के पद चिन्हों पर चलने की अपील की। इस मौके पर आरएसएस के नगर प्रचारक विपिन, अर्पित पांडेय तथा बच्चू पांडेय सहित देवीश्याम शुक्ला व बी.के. सुरेंद्र ने भी श्रधांजलि अर्पित की है। ब्रह्माकुमारी ममता बहन ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला व सेकड़ों लोगों ने सुबह से योग तपस्या कर ब्रह्मा बाबा जैसा बनने की प्रतिज्ञा ली। दोपहर 12 बजे बाबा को 56 भोग लगाया गया उसके बाद लोगों ने श्रधांजलि अर्पित किया व प्रसाद ग्रहण किया।

सड़क दुर्घटना में गोंडा के युवक की मौत

बालपुर, गोंडा : सड़क हादसे में गोंडा के युवक की बाराबंकी में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक लखनऊ के एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। गोंडा से लखनऊ एक कार से जा रहा था। कोतवाली कर्नलगंज के ग्राम पंचायत परसा गोण्डरी के रोसी पुरवा निवासी देवेंद्र कुमार तिवारी (37) पुत्र अशोक कुमार तिवारी रविवार की सुबह लखनऊ जा रहे थे। रामनगर बाईपास के पास रोडवेज बस व आर्टिगा के बीच घने कोहरे के कारण टक्कर हो गई। भीषण दुर्घटना में देवेंद्र की दर्दनाक मौत हो गई। इसकी सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि देवेंद्र लखनऊ के निजी पेट्रोल पंप पर काम करता था।

महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

बेटियों व बहुओं को जागरूक करती मिशन शक्ति की टीम। अमृत विचार

नवाबगंज, गोंडा : उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत रविवार को थाना अध्यक्ष अभय सिंह के निर्देशन में क्षेत्र के साकीपुर गांव में पुलिस द्वारा बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा और कानून की जानकारी दी गई। सम्मेलन में महिला उपनिरीक्षक अंतिमा सिंह ने छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध और एसिड अटैक जैसे अपराधों की रोकथाम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मिशन शक्ति 5.0 की उपयोगिता बताते हुए प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी। कार्यक्रम में सुरक्षा से जुड़े अहम हेल्पलाइन नंबरों और साइबर हेल्पलाइन के बारे में भी समझाया गया। बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की पहचान कर सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए और जागरूकता पैम्पलेट वितरित किए गए। महिला उपनिरीक्षक अंतिमा सिंह ने कहा कि महिलाएं और बच्चियां भयमुक्त होकर अपनी बात रखें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन का उपयोग करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में महिला आरक्षी रोशनी देवी और महिला आरक्षी प्रांशी यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं मौजूद रहीं।

2147.78 लाख की जालसाजी में तत्कालीन शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की शाखा में 2147.78 लाख की जालसाजी व गबन के केस में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मनकापुर बस अड्डे से पकड़ा गया, जिसके बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी थाना कोतवाली नगर में दर्ज दो मुकदमों के तहत हुई है। मामले का खुलासा 2 जनवरी 2026 को हुआ, जब उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की गोण्डा शाखा के सहायक महाप्रबंधक भुवन चन्द्र सती ने थाने में तहरीर दी। तहरीर के अनुसार, आरबीआई से इम्पैनल्ड चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा कराए गए विशेष ऑडिट और गठित समिति की रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।जांच में पाया गया कि आरोपी पवन कुमार पाल ने बैंक के अन्य कर्मचारियों और खाताधारकों के साथ मिलकर सुनियोजित गिरोह बनाकर बैंक की नीतियों व आरबीआई, नाबार्ड के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करते हुए ऋण स्वीकृत किए। बिना पात्रता और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से 205 खाताधारकों व पांच आंतरिक खातों से धनराशि निकालकर कुल 2147.78 लाख रुपये का गबन किया गया, जिसमें आंतरिक खातों से 46.13 लाख रुपये की अवैध निकासी भी शामिल है।

सफाई कर्मचारी संघ ने विधायक का किया सम्मान

मनकापुर, गोंडा: उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री से मुलाकात की। इस दौरान विधायक, उनके प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे व भाई बाबूलाल का पगड़ी, माला व बुके देकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने विधायक को सफाई कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 17 वर्षों से नियुक्ति होने के बावजूद अब तक सेवा नियमावली नहीं बनी है और पदोन्नति का रास्ता भी अवरुद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सफाई कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर कार्य किया, फिर भी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। विधायक रमापति शास्त्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही संघ के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से मुलाकात कराकर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

टामसन बूथ का निरीक्षण करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

छूटे मतदाताओं से आपत्ति दर्ज कराने की अपील

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद रविवार को बूथों पर मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं के नाम पढ़कर सुनाए गए। बूथ लेवल आफिसरों ने निर्वाचन आलेख्य पढ़कर सुनाया और जिनके नाम छूट गए हैं या जो एक जनवरी को 18 वर्ष या उससे अधिक हों उन्हें जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का मौका दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज, श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय एवं शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया और लगे बीएलओ से बातचीत की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, मारवाड़ इंटर कॉलेज व जीजीआईसी सहित अन्य बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बूथ स्तर पर नामावली पाठन की प्रक्रिया, मतदाता जागरूकता गतिविधियों, आवश्यक प्रपत्रों की उपलब्धता तथा बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटे नहीं।

हैंडपंप खराब होने से ग्रामीणों को परेशानी

बालपुर, गोंडा : विकासखंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत चौरी के कुम्हारन पुरवा में हंसराज यादव के घर के सामने लगा हैडपंप खराब पड़ा है, जिससे गांव के लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से गांव के लोगों ने कई बार की, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। गांव के लोगों का कहना है कि इस हैंडपंप से निकलने वाले पानी का निकास भी नहीं है जिसके लिए सोकपिट बनवाया जाना जरूरी है। ग्राम पंचायत चौरी जल जीवन मिशन के तहत चयनित भी किया गया है, लेकिन अभी तक ना तो यहां पर पानी की टंकी बनाई गई है और न ही पाइप लाइन डाली गयी है। जिससे गांव के लोगों का कहना है कि सरकार के करोड़ों रूपये खर्च करने के बाद भी शुद्ध पेय जल नहीं मिल पा रहा है। जिससे विभिन्न प्रकार कि जलजनित बीमारियों के होने कि संका बनी रहती है। इस संबंध में पंचायत सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार वर्मा से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है सचिव से कहकर हैंडपंप को जल्द ही ठीक करवाया जायेगा।

रामनाम संकीर्तन से खमरौनी यज्ञशाला में शतचंडी महायज्ञ का हुआ आगाज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: बेलसर ब्लाक के रगड़गंज परसपुर मार्ग पर खमरौनी स्थित जवालामाई मंदिर में राम नाम संकीर्तन से 26वां शतचंडी महायज्ञ का आगाज हो गया। महायज्ञ का मुख्य आयोजन 26 जनवरी को प्रातः से शुरू होगा। रविवार को जवालामाई आश्रम से यज्ञ आयोजक गुजरात के सूरत स्थित सिद्ध मनोकामना हनुमान पीठ के पीठाधीश्वर व महामंडलेश्वर स्वामी रामसेवक दास त्यागी बापू ने बताया कि मकर संक्रांति को अयोध्या धाम के पवित्र सरयू में स्नान-ध्यान कर 26वें शतचंडी महायज्ञ का संकल्प लिया और खमरौनी यज्ञशाला पर साधू-संतों द्वारा 21 दिवसीय अखंड सीताराम नाम जप शुरू कराया जा चुका है। 25 जनवरी को क्षेत्रीय भक्त और यज्ञ यजमानों के सहयोग से यज्ञ-स्थल से प्रातः दस बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा उमरी बेगमगंज स्थित वाराही देवी की मंदिर व सूकर खेत स्थित त्रिवेणी में संकल्प के साथ सम्पन्न होगी। 26 जनवरी से अयोध्या के वैदिक विद्वानों द्वारा अरणी मंथन से प्रज्जवलित पवित्र अग्नि से शुरू हुए यज्ञ का समापन 04 फरवरी को पूर्णाहुति व भंडारे से होगा। यज्ञ समिति के संरक्षक त्यागी बापू व सेवादार इंद्र बहादुर तिवारी, रमाकांत पांडेय, रवि सिंह, दुर्गा प्रसाद तिवारी व प्रदीप ने सभी देवी भक्तों से यज्ञ व लीला में तन- मन- धन से शामिल होकर सहयोग करने का आह्वान किया है।

स्वामी रामसेवक दास त्यागी।

जांच टीम ने लिया मेडिकल कॉलेज का जायजा

गोंडा, कार्यालय

निरीक्षण करने पहुंची स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

अमृत विचार: स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में चूहों के आतंक के मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। मेडिकल केयर की निदेशक की अगुवाई में टीम ने मेडिकल कॉलेज व वार्डों में पहुंचकर गहन जांच पड़ताल की और रिपोर्ट शासन को सौंपने की बात कही है। टीम के पहुंचने से मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मचा रहा। रविवार को शासन के निर्देश पर मेडिकल केयर निदेशालय की पांच सदस्यीय जांच टीम मेडिकल कॉलेज पहुंची। निदेशक मेडिकल केयर उत्तर प्रदेश संदीपा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गठित यह टीम मेडिकल कॉलेज पहुंचकर वार्डों में मरीजों से बातचीत कर जानकारी ली। जांच के दौरान टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी और पूरे परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने मरीजों से चूहों और कुत्तों से परेशानी को लेकर सवाल किए, जिसे लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने हैरानी जताई। जांच के दौरान मरीजों को दीवार या इलेक्ट्रिक बोर्ड का उपयोग न करने जैसी हिदायतें भी दी गईं। मेडिकल कॉलेज में चूहों और आवारा जानवरों से मरीजों और तीमारदारों को रोजाना परेशानी होती है। जांच के दौरान टीम की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई हालांकि कहा गया है कि जांच रिपोर्ट शासन को सौप जाएगा। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने समेत मेडिकल कॉलेज, सीएमओ ऑफिस के लोग मौजूद रहे।

स्पा व मसाज पार्लरों की पुलिस ने की जांच

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : मानव तस्करी की रोकथाम, महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, रेस्क्यू, विधिक कार्रवाई और पीड़ितों के पुनर्वास के उद्देश्य से जिले में 15 दिवसीय ऑपरेशन रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर व देहात क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटरों, मसाज पार्लरों और होटलों की सघन जांच की गई।अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय तथा क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर और थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। जांच के दौरान सभी प्रतिष्ठानों के अभिलेख, कर्मचारियों की जानकारी और गतिविधियों की बारीकी से पड़ताल की गई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संचालकों से पूछताछ भी की। पुलिस प्रशासन के अनुसार जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय, अवैध गतिविधि सामने नहीं आई। हालांकि, सभी स्पा व मसाज पार्लर संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में यदि किसी भी तरह की अनियमितता, अनैतिक गतिविधि या शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) प्रभारी लाल बिहारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। साथ ही एसजेपीयू प्रभारी प्रियंका मिश्रा, जूली वर्मा, अपराजिता सामाजिक संगठन से आत्रेय त्रिपाठी तथा चाइल्ड लाइन से मुकेश भारद्वाज ने भी अभियान में सहभागिता की। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन रक्षा के तहत आगे भी लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार, 19 जनवरी 2026 गोंडा-बलरामपुर

न्यूज ब्रीफ

झारखंडी रेलवे स्टेशन के पास लगाएं कूड़ादान

बलरामपुर, अमृत विचार : नगर के झारखंडी रेलवे स्टेशन के पास कूड़ादान न होने के कारण लोग मजबूरी में सड़क के किनारे कूड़ा फेंक रहे हैं, जिससे आसपास गंदगी फैली रहती है। स्थानीय लोगों अनिल, सत्यपाल, राजू, प्रहलाद और अंकित ने बताया कि स्टेशन पर बाहर से भी यात्री आते हैं और इसी मार्ग से लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क के किनारे कूड़ादान लगाया जाना जरूरी है। उन्होंने नगरपालिका से शीघ्र कूड़ादान रखवाने की मांग की है।

28 वर्ष बाद खुलेगा जिला सहकारी बैंक

बलरामपुर, अमृत विचार : जिले में लगभग 28 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जिला सहकारी बैंक खुलने जा रहा है। इसके खुलने से तीन लाख से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रभारी सहायक निबंधक सहकारिता राजेश सिंह ने बताया कि जिला सहकारी बैंक के गठन की प्रक्रिया चल रही है। सभी औपचारिकताएं पूरी कर रिजर्व बैंक में लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा। बैंक खुलने से किसानों को ऋण एवं अन्य सहकारी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगी।

प्राथमिक विद्यालय का मूल भवन जर्जर

हरैया सतघरवा, बलरामपुर : क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रमनगरा का मूल भवन और अतिरिक्त कक्षा कक्ष जर्जर हालत में पहुंच गया है। प्रधानाध्यापक विजय प्रकाश गुप्त ने बताया कि भवन की छत से सरिया स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। विद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी है और शीघ्र मरम्मत की मांग की।

गेहूं भिगोकर वजन बढ़ाने के खेल में केंद्र प्रभारी निलंबित

निगम प्रशासन ने की कार्रवाई, विभागीय जांच के आदेश

खबर का असर

संवाददाता बलरामपुर

अमृत विचार: राज्य भंडारगृह खुटेहना में भंडारित गेहूं के स्टॉक पर पानी डालकर वजन बढ़ाने का गंभीर मामला सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के संज्ञान में आने के बाद कराई गई संयुक्त जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद केंद्र प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक अयोध्या देवीपाटन एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी बलरामपुर ने 10 जनवरी को संयुक्त रूप से भंडारगृह खुटेहना पहुंचकर जांच की थी। संयुक्त जांच आख्या में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि गेहूं के चट्टों पर जानबूझकर पानी डाला गया,

पाइप लगाकर गोदाम में गेहूं भिगोकर वजन बढ़ाने की अमृत विचार में छपी खबर

जिससे स्टॉक का वजन बढ़ाया जा सके। जांच के दौरान वीडियो के संबंध में केंद्र प्रभारी एवं प्राविधिक सहायक त्रियुगी नारायण शुक्ला द्वारा प्रस्तुत पक्ष को जांच समिति ने अस्वीकार करते हुए उनकी भूमिका को संदिग्ध माना। जांच रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्रीय प्रबंधक अयोध्या द्वारा प्रधान कार्यालय को अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति भेजी गई। साथ ही जिलाधिकारी बलरामपुर से विचार-विमर्श के बाद तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम कर्मचारिवर्ग विनियमावली–2021 के तहत त्रियुगी नारायण शुक्ला, प्राविधिक सहायक एवं केंद्र प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। इनको क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या से संबंद्ध कर दिया गया है। निगम प्रशासन द्वारा उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित कर दी गई है। जांच अधिकारी के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर के उप प्रबंधक सुभाष चंद्र पांडेय को नामित किया गया है, जो नियमानुसार जांच पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा, बशर्ते वह किसी अन्य सेवा, व्यापार या व्यवसाय में संलग्न न हों।

मामले के उजागर होने के बाद जिले की खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच में दोष सिद्ध होने की स्थिति में आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य मेले में 1487 लोगों का उपचार

बलरामपुर, अमृत विचार : जिले में रविवार को सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का सफल आयोजन किया गया। इन मेलों में कुल 1487 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उपचार पाने वालों में 656 पुरुष, 675 महिलाएं और 156 बच्चे शामिल रहे। मेलों में मरीजों की सामान्य जांच के साथ रक्तचाप, शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र व दंत रोगों की जांच की गई। इस मौके पर चिकित्सकों की ओर से सभी को उचित परामर्श भी दिया गया। गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, परिवार नियोजन परामर्श, बच्चों का टीकाकरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसई का निरीक्षण किया।

मेरठ व जवलगढ़ की घटनाओं के विरोध में दिया ज्ञापन

बलरामपुर, अमृत विचार: मेरठ में 19 वर्षीय बेटी के अपहरण और उसकी मां की हत्या तथा जवलगढ़ में सोनू कश्यप को जिंदा जलाने की घटना के विरोध में भीम आर्मी जय भीम संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष सुमे प्रसाद ने दोषियों के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा, पांच करोड़ रुपये मुआवजा, दस बीघा जमीन और एक सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। मांगें पूरी न होने पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी गई।

परशुराम मंदिर की छत का निर्माण शुरू

बलरामपुर, अमृत विचार: अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के तत्वावधान में समय माता मंदिर परिसर, धुसाह में खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने किया। अध्यक्षता पूर्व सांसद चन्द्रभाल मणि तिवारी ने की। इस मौके पर भगवान परशुराम मंदिर के छत ढलाई कार्य का मंत्रोच्चार संग शुभारंभ हुआ। समाजसेवी एवं सभासद संजय मिश्रा ने कहा इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, समरसता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में पूर्व सांसद चन्द्रभाल मणि तिवारी ने समाज को संगठित

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग खिलाड़ी का सम्मान करते आयोजकगण। अमृत विचार

और सशक्त बनाने पर बल देते हुए कहा सामाजिक एकता ही प्रगति का आधार है। विशिष्ट अतिथि महंत बृजानंद महाराज ने भी आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी हर्षवर्धन दीक्षित को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। समिति के जिलाध्यक्ष पं. राम नरेश त्रिपाठी ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी, सेतु बंधु त्रिपाठी, विनय मिश्रा, असीम कुमार पांडेय, विशु, डॉ. तुलसी दुबे, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अनन्य गौरव मिश्रा आदि रहे।

डीएम के निरीक्षण से पूर्व ही शुरू हुई साफ-सफाई

उतरौला, बलरामपुर: जिला अधिकारी विपिन कुमार जैन के प्रस्तावित आगमन को लेकर उतरौला नगर पालिका परिषद में अचानक हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार 19 जनवरी 2026, सोमवार को जिला अधिकारी उतरौला नपाप का निरीक्षण करने के साथ ही कस्बे का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। नपा परिसर समेत विभिन्न विभागों में साफ-सफाई कार्य कराया जा रहा है। नगर में अचानक शुरू हुए इस अभियान ने नपा की कार्यप्रणाली पर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सफाई और व्यवस्था को लेकर इतनी गंभीरता है, तो यह कार्य नियमित रूप से क्यों नहीं किया जाता। कस्बे की सड़कों पर फैला कूड़ा, बदहाल नालियां, अतिक्रमण और अवैध कब्जे लंबे समय से लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं, जिन पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। नगरवासियों में चर्चा है कि जिला अधिकारी के निरीक्षण के नाम पर कहीं यह अभियान केवल दिखावटी न रह जाए। लोगों को उम्मीद भी है सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण और लंबित कार्यों पर स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

इमाम हुसैन की कर्बला यात्रा को किया गया याद

जुलूस में ऊंट के साथ शामिल लोग। अमृत विचार

उतरौला, बलरामपुर : अरबी कैलेंडर की 28 रजब की तारीख, जब हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम मदीना से कर्बला के लिए रवाना हुए थे, उस ऐतिहासिक व दर्दनाक यात्रा की याद में रविवार को उतरौला में जुलूस-ए-अमारी का आयोजन किया गया। यह मजलिस इमामबाड़ा स्वर्गीय मसूद हुसैन, मोहल्ला रफी नगर में संपन्न हुई, जिसमें हुज्जतुल इस्लाम मौलाना मोहम्मद अली साहब ने खिताब किया। उन्होंने दीन-ए-इस्लाम की हिफाजत के लिए इमाम हुसैन की कुर्बानी और कर्बला की यात्रा के मसायब बयान किए। मजलिस के बाद जुलूस बरामद हुआ, जिसमें अमारी की शक्ल में ऊंट जुल्जेनाह की शबीह का बोसा लेते हुए आजादारों ने नोहे पढ़े और मातम बरपा किया। जुलूस पूर्वी हलवाई की गली से मुख्य मार्ग होते हुए शिया कब्रिस्तान, हाटन रोड, कस्बा चौकी, राजमहल के पास से सुभाष नगर होते हुए इमामबाड़ा स्वर्गीय यावर हुसैन पहुंचा, जहां अलविदाई नोहे के साथ जुलूस संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहा।

किसानों को मिलेगा उर्द व मूंग का नि:शुल्क बीज

बलरामपुर, अमृत विचार : गन्ना किसानों की आय बढ़ाने एवं सहफसली खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सहायतित नि :शुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत रबी/जायद 2026 के लिए जनपद बलरामपुर को लक्ष्य आवंटित किया गया है। इस योजना के तहत गन्ने के साथ सहफसली खेती करने वाले इच्छुक कृषकों को उर्द एवं मूंग का नि :शुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान कृषि दर्शन पोर्टल 2.0 के माध्यम से 31 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर ऑनलाइन चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसके बाद चयनित कृषकों को संबंधित विकास खंड स्तरीय राजकीय बीज भंडार से बीज का वितरण किया जाएगा। प्रति कृषक अधिकतम 01 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 20 किलोग्राम उर्द एवं 20 किलोग्राम मूंग का बीज नि :शुल्क प्रदान किया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी कृषक भाइयों से अपील की है कि वे समयसीमा के भीतर आवेदन कर इस लाभकारी योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस में गुम बैग लौटाया

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : छपिया थाना क्षेत्र के स्वामी नारायण छपिया गांव के रहने वाले आदर्श कुमार पाण्डेय का बैग शनिवार को यात्रा के दौरान ट्रेन में छूट गया। आदर्श ने बताया कि शनिवार को वह मसकनवा से गोंडा जाने के लिए ट्रेन संख्या 15203 बरौनी–लखनऊ एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सवार हुए थे। गोंडा में उतरने के बाद फमका बैग खो गया। बैग में डेल कंपनी का लैपटॉप तथा महत्वपूर्ण शैक्षणिक प्रमाण पत्र थे। उन्होने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी को दी। सूचना पर जीआरपी की एंटी क्राइम टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन गोण्डा के प्लेटफॉर्म संख्या 04/05 के पश्चिमी छोर से गुम हुआ बैग बरामद कर लिया। बरामद बैग को यात्री आदर्श कुमार पाण्डेय को सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी पुलिस की तत्परता, कार्यशैली और व्यवहार से प्रभावित होकर यात्री ने पुलिस टीम की प्रशंसा की।

करनैलगंज के चचरी में मेले का आयोजन

करनैलगंज, अमृत विचार : चचरी में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, हजारों श्रद्धालुओं ने चचरी बाबा के समाधि स्थल पर मत्था टेका और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक अजय सिंह ने समाधि स्थल पहुंचकर बाबा की आरती उतारी और विधिवत पूजन किया। फिर सभी ने एक साथ जलेबी खिलाकर मेले का आनंद लिया। उनके साथ क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे, जिनमें ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर गड़वार सुभाष सिंह, पाल्हा पुर के योगेंद्र प्रताप सिंह और बिबियापुर अवधूत नगर के सत्येंद्र प्रताप सिंह, अल्लीपुर गोकुला के मनीष शुक्ल व बसेरिया के संजय दूबे शामिल थे।

लूट की झूठी सूचना देने का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा, अमृत विचार : थाना तरबगंज पुलिस ने लूट की झूठी सूचना देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में की गई। आरोपी विनय कुमार मिश्रा ने शराब ठेके की बिक्री से प्राप्त 25–30 हजार रुपये लूट लिए जाने की झूठी सूचना दी थी। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने ऑनलाइन गेम में पैसे हारने के कारण यह झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। तरबगंज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने झूठी सूचना न देने की अपील की है।

कांग्रेस कार्यकर्ता आज सौंपेंगे ज्ञापन

गोंडा, अमृत विचार : कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार, 19 जनवरी 2026 को भाजपा सरकार के विरोध में ज्ञापन दिया जायेगा। 10 जनवरी 2026 को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त कराया गया, जिसका जीर्णोद्धार वर्ष 1971 में माता अहिल्याबाई होलकर ने कराया था। इसे सांस्कृतिक विरासत पर आघात बताया गया है। कार्यक्रम में जिला व शहर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और फ्रंटल संगठन शामिल होंगे। जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ये जानकारी नगर अध्यक्ष शाहिद अली कुरेशी ने दी है।

कहरान में विश्व शांति दिवस के रूप में मनायी गयी ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि

नवाबगंज, गोंडा : कस्बे के कहरान मोहल्ले में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि को विश्व शांति दिवस के रूप में श्रद्धा, साधना और आध्यात्मिक चेतना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण शांति, मौन और आत्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया। बड़ी संख्या में ब्रह्मकुमारी बहनों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके रेखा दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा मानवता के सच्चे मार्गदर्शक और शांति के महान संदेशवाहक थे। उन्होंने नारी शक्ति को आत्मिक पहचान देकर समाज में सम्मान और नेतृत्व की भूमिका में स्थापित किया। ब्रह्मा बाबा का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण, आत्म-उत्थान और विश्व शांति के लिए समर्पित रहा, जो आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है।

1805 मतदान केंद्रों पर हुआ सूची वाचन

बलरामपुर, अमृत विचार: विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 कार्यक्रम के तहत जनपद में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की दिशा में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के बोद 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी 1805 मतदान केंद्रों पर संबंधित बूथ स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची का वाचन कराया गया। इसका उद्देश्य नागरिकों को उनके नाम, विवरण की जानकारी देना और किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते ठीक कराना है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने विधानसभा बलरामपुर क्षेत्र के प्राथमिक

मतदाता सूची का वाचन कराते जिलाधिकारी।

विद्यालय धर्मपुर स्थित बूथ संख्या 88, 89, 90 व 91 तथा भगवती आदर्श इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 92, 93, 94 व 95 का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों से संवाद कर मतदाता सूची वाचन की प्रक्रिया का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम एवं विवरण अवश्य जांचें। यदि नाम छूटा हो, गलत दर्ज हो या किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो, तो निर्धारित अवधि में दावा–आपत्ति अवश्य दर्ज कराएं। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि मतदान केंद्रों पर नाम जोड़ने हेतु प्रपत्र-06, नाम हटाने हेतु प्रपत्र-07 तथा संशोधन हेतु प्रपत्र-08 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें और नागरिकों को उन्हें भरने में सहयोग दिया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे पात्र नागरिक, जिनके नाम अभी मतदाता सूची में नहीं हैं, उनका नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रपत्र भरवाए जाएं। उन्होंने पुनः अपील की कि सभी पात्र नागरिक समयसीमा के भीतर दावा–आपत्ति प्रक्रिया पूरी कर मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध बनाने में सक्रिय सहभागिता करें।

दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन करते अतिथिगण। अमृत विचार

हिंदू सम्मेलन में गूंजा राष्ट्र निर्माण का स्वर

बलरामपुर, अमृत विचार : रमना पार्क स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें राष्ट्र, समाज और संस्कृति के संरक्षण को लेकर विमर्श हुआ। अध्यक्षता महाराजा बलरामपुर जयेंद्र प्रताप सिंह ने की जबकि मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्रीमज्जगतगुरु स्वामी ओम प्रपन्नाचार्य महाराज रहे। विशिष्ट अतिथि बजरंग दल के प्रांत संयोजक महेश तिवारी एवं प्रो. रेखा विश्वकर्मा रहीं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों को भावविभोर कर दिया। अतिथियों का स्वागत एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय ने किया। मुख्य वक्ता स्वामी ओम प्रपन्नाचार्य महाराज ने हिंदू समाज को संगठित होने का संदेश देते हुए रामायण काल के आदर्शों का उल्लेख किया। उन्होंने श्रीरामचरितमानस को मानवता का संविधान बताते हुए इसे राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की मांग की। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ।

साइबर अपराध से बचने के दिए सुझाव

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: रविवार उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का एकादश प्रांतीय सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन मारवाड़ी युवा मंच गोंडा एवं देवीपाटन महिला शाखा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतीय पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित के साथ किया। स्वागत गीत देवीपाटन महिला मंडल शाखा ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ आलोक अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष नवीन पालड़ीवाल, राष्ट्रीय सहायक मंत्री नेहा अग्रवाल ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में गोरखपुर उड़ान शाखा के बनारस क्षेत्र के गंगा, काशी, अन्नपूर्णा, वरुणा, उदया शाखों सहित सोनभद्र, सुल्तानपुर,

मारवाड़ी महिला मंडल की कार्यकर्ता। अमृत विचार

मऊ, रिसिया, नानपारा, बहराइच, लखनऊ, गोंडा आज प्रदेशों से पदाधिकारी सम्मिलित हुए। उसके अलावा प्रांतीय उपाध्यक्ष मुख्यालय नूपुर अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल,मंडल उपाध्यक्ष सचिन खेमका, सहायक मंत्री विकास अग्रवाल,सौरभ मुरारिका प्रांतीय सहायक, शाखा अध्यक्ष पीयूष मित्तल एवं महिला मंडल की प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलम जैन और नीतू गर्ग का सम्मान मंच के प्रांतीय अध्यक्ष नवीन पालड़ीवाल और राष्ट्रीय सहायक मंत्री नेहा अग्रवाल ने सम्मान किया गया। पुलिस द्वारा साइबर अपराध जन जागरूकता के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों ने साइबर अपराध से बचने के लिए सुझाव दिया। मंच का संचालन अमित एवं स्वाति जैन ने किया।

प्रेम और दबाव बनी मौत की वजह

पूजा हत्याकांड

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत मैनपुर गांव के डड़वा मजरा की नवविवाहिता पूजा कश्यप की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया बीते शुक्रवार को रामापुर टपरा कॉलोनी के पास चंद्र प्रताप के गन्ने के खेत में एक युवती का शव मिला था। शिनाख्त पूजा (21) पुत्री शिवजनम, निवासी मैनपुर डड़वा, के रूप में हुई। पूजा का विवाह करीब एक माह पहले मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के कुंजलपुर गांव निवासी सुभाष कश्यप से हुआ था। मामले में मृतका की मां अनीता की तहरीर पर रामापुर टपरा कॉलोनी निवासी राजकुमार सोनकर पुत्र तिलकराम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने रविवार सुबह उमरिया के पास हाइडिल मोड़ से आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसी ने पूजा की हत्या की थी। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त प्लास्टिक की रस्सी का टुकड़ा भी बरामद कर लिया गया।पुलिस ने आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी और मृतका के बीच बीते करीब दो वर्षों से बातचीत होती थी। पूजा के विवाह के बाद भी आरोपी उस पर अपने साथ रहने का दबाव बनाता रहा और धमकाता था। वह मृतका के पिता के साथ गोवा भी जा चुका था। बीते गुरुवार को पूजा जब मायके आई, तो आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। गन्ने के खेत में उसने संबंध बनाने और साथ रहने की जिद की, जिसे पूजा ने ठुकरा दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर आरोपी ने प्लास्टिक की रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और रस्सी को खेत में कुछ दूरी पर फेंक दिया। री-पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण गला घोंटना पाया गया है।

दूसरी बार टली एजुकेटर काउंसलिंग

गोंडा कार्यालय: जिले के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पीएम श्री स्कूलों में ईसीसीई एजुकेटरों की भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग तिथि में दूसरी बार परिवर्तन किया गया है। पहले यह काउंसलिंग 15 व 16 जनवरी को कराई जानी थी लेकिन 15 को मकर संक्रांति की छुट्टी हो जाने के कारण इसे बदलकर 19 जनवरी किया गया था लेकिन अब एक बार फिर इसमें बदलाव किया गया है। अब यह काउंसलिंग 26 जनवरी को कराई जाएगी। जिला समन्वयक प्रेम शंकर मिश्र ने बताया कि अब सभी चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग एक ही दिन 26 जनवरी को ही कराई जायेगी। जिले के परिषदीय विद्यालय परिसरों में संचालित 196 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 14 पीएम श्री स्कूलों में पंजीकृत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करने तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग के उद्देश्य से यह भर्ती प्रक्रिया पिछले वर्ष मई माह में प्रारंभ की गई थी। इसके लिए सेवा योजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। भर्ती की जिम्मेदारी आउटसोर्सिंग कंपनी वीएस इंटरप्राइजेज को सौंपी गई थी। लंबे समय तक चली इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान चयन कई बार विवादों में रहा, जिसके चलते दो बार चयन सूची निरस्त करनी पड़ी। अब सभी अड़चनों के बाद प्रक्रिया पूरी हो सकी है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को चयन सूची सार्वजनिक की गई थी। इस भर्ती में अधिकतम मेरिट 85.05 अंक तक पहुंची है, जबकि न्यूनतम 72.24 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफल रहे हैं। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 15 एवं 16 जनवरी को प्रस्तावित थी, लेकिन 15 जनवरी को मकर संक्रांति की छुट्टी की वजह से इसमें परिवर्तन कर इसे 19 जनवरी किया गया था। अब काउंसलिंग के लिए 26 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है।

आलेख्य सूची प्रकाशन मतदाता पुनरीक्षण शिविर का आयोजन

गोंडा, अमृत विचार : परसपुर नगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रथम में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आलेख्य सूची प्रकाशन एवं मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 भरे गए। बीएलओ सुबोधनी देवी ने बताया कि नए मतदाताओं के नाम दर्ज कराने के लिए आयु व निवास सत्यापन आवश्यक है। इसके लिए एक पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाण के रूप में हाईस्कूल की मार्कशीट या जन्म प्रमाण पत्र में से कोई एक तथा निवास प्रमाण के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, बैंक पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड में से कोई एक दस्तावेज अनिवार्य है।

नंदनगर अचानकपुर में नाली न होने से रास्ते पर भरा पानी। अमृत विचार

नाली न होने से बढ़ी ग्रामीणों की मुश्किलें

बलरामपुर, अमृत विचार : नंदनगर क्षेत्र अंतर्गत अचनाकपुर गांव में नाली निर्माण न होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। सड़क पर पानी जमा रहने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार बारिश हो या सामान्य दिन, सड़क पर पानी भरा रहता है। समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई रास्ता नहीं बन सका। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर गांव में नाली निर्माण कराने एवं सड़क से जमा पानी हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस दौरान विपुल सिंह, मो. सुल्तान, मो. हसन, अशफाक, ताहिद, अरबाज, शहबाज, अफजल सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

खिचड़ी सहभोज का हुआ आयोजन

बहराइच : सरस्वती विद्या मंदिर रुपईडीहा में खिचड़ी सहभोज समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे संभाग निरीक्षक कैलाश चंद्र का बौद्धिक प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में माननीय विधान सभा सदस्य उत्तर प्रदेश शासन राम निवास वर्मा, विधायक प्रतिनिधि सौरभ वर्मा, पूर्व खंड संघचालक बृज नरेश, विद्यालय के प्रबंधक नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर वैश्य जी, चौकी प्रभारी बाबागंज श्री शिवेश शुक्ला विद्यालय समिति अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री मान राधेश्याम शर्मा जी, भाजपा जिला प्रतिनिधि अजय मिश्र, ललित त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष श्री महाराजदीन वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, पंकज कश्यप, समाज सेवी राजू सिंह, शेर सिंह कसौधन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सब लोगों का प्रधानाचार्य अनुज कुमार सिंह के द्वारा पंच परिवर्तन पुस्तक भेंट कर सभी आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में 579 लोगो ने खिचड़ी सहभोज में प्रतिभाग किया जिसमें विद्यालय परिवार, आचार्य, आचार्या, भैया बहने उपस्थित रहे।

विधायक व एसडीएम ने की खुली बैठक

खैरीघाट। शिवपुर ब्लाक क्षेत्र में पुनरीक्षण कार्यक्रम फार्म 6 से नए मतदाता को सम्मिलित करने के लिए विधानसभा नानपारा के शक्ति केंद्र कोटवा 243 एवं 244 पर मतदाता सूची का वाचन किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी व क्षेत्रीय विधायक रामनिवास वर्मा ने मतदाताओं के साथ खुली बैठक की तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। उपजिलाधिकारी एवं विधायक ने ग्रामवासियों को जागरुक होकर अपना नाम संबंधित बीएलओ से मिलकर देखने और त्रुटियों को सुधरवाने के लिए कहा तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं को युद्धस्तर पर कार्य करने एवं छूटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए फॉर्म 6 भरने के के लिए कहा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सालिक राम लोधी, महामंत्री खुशीराम गुप्ता, सेक्टर अध्यक्ष विवेक अवस्थी, ग्राम प्रधान पुत्र अखिलेश वर्मा, बीएलओ भानु प्रकाश एवं मथुरा प्रसाद सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

फाइनल में कैसरगंज ने मारी बाजी

पयागपुर (बहराइच) : युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम सेनवाहे में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन बेहद रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मैच कैसरगंज (बहराइच) और कटरा (श्रावस्ती) की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें कैसरगंज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। अंतत: कैसरगंज की टीम ने कटरा को हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा और खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य समय प्रसाद मिश्र ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए "खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया" का नारा बुलंद किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी है, बल्कि यह अनुशासन और टीम भावना भी सिखाता है ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी प्रतिभाएं छिपी हैं जिन्हें सही मंच की जरूरत है। युवाओं का खेलों के प्रति यह रुझान देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है युवाओं को खेल के प्रति निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए समय प्रसाद मिश्र ने सेनवाहे की क्रिकेट टीम को क्रिकेट किट प्रदान की।

व्यवस्थित ढंग से कार्य करें अधिकारी: डीएम

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान जिम्मेदारों को दिए निर्देश

संवाददाता, बहराइच

मतदेय स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा घोषित विशेष अभियान तिथि के अवसर पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित शिविर के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा गणना अवधि के दौरान अप्राप्य श्रेणी में मार्क किये गये निर्वाचकों की सूची यथा अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची को पढ़कर सुनाया गया। वहीं डीएम व एसपी ने मतदेय स्थल का निरीक्षण करके जिम्मेदार अधिकारियों को व्यवस्थित ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए।

शिविर के सफल संचालन हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों का भ्रमण कर फार्म-6, 7 व 8 की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार के साथ महिला पीजी कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकोरा मोड़ तथा संविलियन विद्यालय यादवपुर में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेबिल अधिकारियों जानकारी ली। महिला पीजी कालेज के निरीक्षण के दौरान भाग संख्या 178 की बीएलओ अनीता वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकत्री, भाग संख्या 179 के बीएलओ राकेश कुमार सुपरवाइजर, भाग संख्या 180 की बीएलओ पिंकी श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री, भाग संख्या 181 की बीएलओ नीलम सहायक अध्यापक व 182 की बीएलओ लक्ष्मी सहायक अध्यापक उपस्थित पाये गये। इसके उपरान्त डीएम ने महाराज सिंह इण्टर कॉलेज का भ्रमण कर भाग संख्या 183 की बीएलओ पूनम देवी सहायक अध्यापक, भाग संख्या 184 की बीएलओ स्वाती वैभव लिपिक, भाग संख्या 185 की बीएलओ सरा जहरा आ.वा., भाग संख्या 186 के बीएलओ करीम खान टी.सी, भाग संख्या 187 की बीएलओ सरिता सिंह आ. वा., भाग संख्या 188 की बीएलओ वंदना श्रीवास्तव सहायक अध्यापक, भाग संख्या 189 की बीएलओ आरती देवी आ.वा, भाग संख्या 190 की बीएलओ सावित्री त्रिपाठी आ.वा., भाग संख्या 191 की बीएलओ नेहा सैनी आ.वा., भाग संख्या 192 की बीएलओ संगीता कनौजिया शिक्षा मित्र उपस्थित पाये गये। इसी प्रकार डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकोड़ा मोड़ स्थित भाग संख्या 382 के बीएलओ रवि कुमार पंचायत सहायक, 383 के बीएलओ दिलीप कुमार त्रिपाठी प्रधानाध्यापक तथा भाग संख्या 384 के बीएलओ जावेद अहमद प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद आईएएस व उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी आदि मौजूद रहे।

एडिशनल कमिश्नर ने परखीं व्यवस्थाएं

पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर महाअभियान के अंतर्गत रविवार को विभिन्न केंद्रों पर विशेष बूथों का आयोजन किया गया। पयागपुर तहसील क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय, भूपगंज में विशेष बूथ लगाए गए, जहां मतदाताओं के पुनरीक्षण का कार्य मुस्तैदी से किया गया विद्यालय परिसर में स्थित बूथ संख्या 219, 220 और 221 पर सुबह से ही गहमागहमी रही। नए नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं एडिशनल कमिश्नर (देवीपाटन मंडल) कमलेश चंद्र ने भी भूपगंज बूथ का दौरा किया। उन्होंने वहां मौजूद प्रशासनिक अमले से जानकारी ली और चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एडिशनल कमिश्नर के साथ उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय, नायाब तहसीलदार शैलेश अवस्थी, लेखपाल पुष्पेंद्र शुक्ल, नितिन तिवारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

बूथ का निरीक्षण करते एडिशनल कमिश्नर।

सड़क हादसे में संगम स्नान करके लौट रहे वृद्ध की मौत, छह घायल

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार। प्रयागराज में संगम स्नान कर वापस घर लौट रहे नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलौना खसियारी निवासी श्रद्धालुओं की कार रविवार की सुबह कानपुर में हादसे का शिकार हो गई। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई और छह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना गांवप पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गया और सभी कानपुर के लिए निकल गए।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत मलौना खसियारी निवासी चंद्रभान शुक्ला (56) मौनी अमावस्या पर संगम स्नान करने के लिए प्रयागराज गए थे। उनके साथ उनके परिवार के सदस्य व रिश्तेदार केशरी नंदन (33), मनोज (40), राजन (30), नीतीश कुमार (32), भूरे (33) व अश्वनी कुमार (45) भी मौजूद थे। रविवार की भोर संगम में स्नान-दान के बाद सभी कार से घाटमपुर निवासी अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस दौरान कानपुर में नौरंगा के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में चली गई। हादसे में चंद्रभान शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार सवार केशरीनंदन, मनोज, राजन, नीतीश कुमार, भूरे, अश्वनी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची कानपुर पुलिस ने सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया और श्रावस्ती पुलिस को हादसे की जानकारी दी। हादसे की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सभी आनन फानन में कानपुर के लिए निकल गए।

ट्रक व जीप की टक्कर में पांच लोग घायल

बहराइच। बहराइच बलरामपुर मार्ग पर एक ट्रक को ओवरटेक करते समय मेरेडियन जीप उससे टकरा गई हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। आस पास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाल पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी पर घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित वजीरबाग इलाके के रहने वाले आदर्श कुमार अग्रवाल अपने परिजनों के साथ निजी कार से बलरामपुर की तरफ जा रहे था। वाहन उनका चालक अमित चला रहा था, जब वो लोग बहराइच बलरामपुर मार्ग पर स्थित सिटकहना केशव जोत के पास पहुंचे तभी एक ट्रक को ओवर टेक करने के चक्कर में वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया। हादसे में आदर्श अग्रवाल, प्रकाश चंद्र, किरण अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल व चालक अमित घायल हो गए।

हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जन सैलाब

पयागपुर, बहराइच

आयोजन

अमृत विचार। पयागपुर के पैतौरा मोड़ स्थित सेंट जेवियर्स एकेडमी परिसर में रविवार को भव्य 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया गया। श्री सुहेलदेव स्मारक समिति के तत्वावधान में और मुख्य सूत्रधार यशवेन्द्र बिक्रम सिंह (राजा भैया) की देखरेख में आयोजित यह सम्मेलन ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय जी ने हिंदू समाज से अपनी संस्कृति, परंपरा और संस्कारों की रक्षा के लिए संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने विशेषकर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति अपने धर्म और गौरवशाली इतिहास को जानकर सामाजिक एकता को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदू धर्म 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश देता है और वर्तमान समय में इस मूल भावना को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने कहा, "आज का यह जनसैलाब प्रमाण है कि हमारा समाज अपनी जड़ों के प्रति जागरूक है। महाराजा सुहेलदेव जैसी महान विभूतियों का जीवन हमें राष्ट्र रक्षा और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है।" वहीं, विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी ने युवाओं की भारी भागीदारी की सराहना की। इस दौरान आर्य समाज प्रचारक सत्यदेव गिरी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि कमलेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, डॉक्टर सूर्य देव गिरि आदि रहे।

खेत में बरामद हुआ लापता बुजुर्ग का शव

श्रावस्ती (सिरसिया)। लापता एक वृद्ध का शव खेत से बरामद किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिरसिया थाना क्षेत्र के भुतना गांव निवासी आशाराम उर्फ सर्रा (65) पुत्र होली शनिवार शाम से लापता थे। परिजनों की ओर से उनकी तलाश की जा रही थी। रविवार सुबह आशाराम का शव इसी थाना क्षेत्र के छोटकी सुइया गांव के पास खेत से बरामद हुआ। लोगों की ओर से सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जीत के साथ फाइनल में पहुंचा बहराइच ब्लास्टर्स

संवाददाता, बहराइच

प्रीमियर लीग

अमृत विचार। स्व. कुशमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में आज टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बहराइच थंडर्स एवं बहराइच ब्लास्टर्स के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह व जनसत्ता दल बहराइच के अध्यक्ष देवानंद सिंह मौजूद रहे। अतिथियों के द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया। बहराइच ब्लास्टर्स के कप्तान जयप्रकाश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ब्लास्टर्स की शुरुआत खराब रही जल्द ही दो विकेट गिर गए लेकिन इसके बाद आए कप्तान जयप्रकाश ने 71 गेंदों में 16 चौकों और तीन छक्कों के साथ 109 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को निर्धारित 22 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 183 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जयप्रकाश को अमरनाथ का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 38 गेंदों में 43 रनों की अच्छी पारी खेली। थंडर की तरफ से अक्षत, गौरव एवं सचिन ने एक-एक विकेट लिया। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रनों के दबाव में बहराइच थंडर्स की टीम निर्धारित 22 ओवर में 151 रनों पर ऑलआउट हो गई। थंडर की तरफ से सचिन सिंह ने 47 एवं सत्यम साहू ने 37 रनों का योगदान दिया। ब्लास्टर की तरफ से मृदुल, रजत, जयप्रकाश एवं गोविंद ने दो-दो विकेट लिए। इस तरह ब्लास्टर ने 32 रनों से यह सेमीफाइनल मुकाबला जीत कर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत कप्तान जयप्रकाश को मैन ऑफ द मैच का व सचिन सिंह को इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार दिया गया।

रोजगार सेवकों ने बीडीओ पर लगाए मनमाने ढंग से धन खर्च करने का आरोप

बीडीओ कार्यालय के सामने धरना देते रोजगार सेवक। अमृत विचार

जरवलरोड (बहराइच)। जनपद के विकास खंड जरवल में ग्राम रोजगार सेवकों और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी पर शासन से प्राप्त धनराशि का मनमानी तरीके से खर्च करने और उनके जायज मानदेय को रोकने समेत अभद्रता करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। इससे आक्रोशित रोजगार सेवकों ने शनिवार को धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री और उच्चाधिकारियों को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि शासन द्वारा प्रशासनिक मद में शत-प्रतिशत धनराशि भेजी जा चुकी है। इसमें जरवल के 55 रोजगार सेवकों का दिसंबर माह तक का मानदेय भी शामिल था। बीडीओ द्वारा पूर्व में की गई एम आई एस फीडिंग को डिलीट करवाकर दोबारा फीडिंग कराई जा रही है जिसमें 55 सेवकों के बजाय केवल 40 सेवकों को ही अक्टूबर तक का मानदेय देने की बात कही जा रही है। आरोप है कि रोजगार सेवकों के हक का पैसा मनमानी तरीके से सुंदरीकरण में अलग खर्चा किया जा रहा है। रोजसेवक संघ ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश बोट एवं समस्त रोजगार सेवकों का कहना है कि इस संबंध में शिकायती पत्र देने पर बीडीओ द्वारा अभद्रता की है। मानदेय कटौती से सभी भारी आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने रोजगार सेवकों ने मांग की है कि शासन के निर्देशानुसार सभी 55 रोजगार सेवकों को दिसंबर तक का पूर्ण मानदेय तत्काल दिया जाए। यदि जल्द ही भुगतान नहीं हुआ, तो सभी रोजगार सेवक अपने परिवारों के साथ ब्लॉक मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने को बाध्य होंगे। सभी ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए विधायक पयागपुर, जिलाधिकारी बहराइच, मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार और थाना अध्यक्ष जरवल रोड को भी सूचित करने के लिए पत्र भेजा गया है।

डीएम ने सही मतदाता सूची बनाने का दिया निर्देश

भिनगा के बूथ का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार। जिले में रविवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत विशेष बूथ दिवस का आयोजन हुआ। इसका सच जानिए के लिए डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कई बूथों का औचक निरीक्षण किया। डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने रविवार को भिनगा विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक भिनगा प्रथम बूथ संख्या 185-194, उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर इटवरिया बूथ संख्या 195-197, प्राथमिक विद्यालय पूरे गोकुल सिंह चकवा सहित कई मतदान बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का जायजा लेते सही से मतदाता सूची बनाने का निर्देश दिया। साथ ही ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर व बीएलओ से दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के उपलब्धता सहित बीएलओ से बूथ पर आलेख्य निर्वाचक नामावली में अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट की सूची बूथों पर पढ़े जाने की जानकारी ली। यहां ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर एवं बीएलओ आदि मौजूद रहे।

सिटी डायरी

भूपगंज केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिला आबकारी अधिकारी।

जिला आबकारी अधिकारी ने बूथों का किया निरीक्षण

पयागपुर (बहराइच)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर महाअभियान के अंतर्गत आज विभिन्न केंद्रों पर विशेष बूथों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय, भूपगंज में भी निर्वाचन कार्य के लिए विशेष बूथ लगाए गए, जहां मतदाताओं के पुनरीक्षण का कार्य मुस्तैदी से किया गया विद्यालय परिसर में स्थित बूथ संख्या 219, 220 और 221 पर सुबह से ही गहमागहमी रही। इस दौरान मतदाताओं ने अपने प्रपत्र जमा किए। जिनमे प्राप्त फॉर्म 6नया नाम जुड़वाने हेतुकुल 32 आवेदन प्राप्त हुए तथा फॉर्म 8 संशोधन हेतु कुल 7 लोगों ने अपने विवरण में सुधार के लिए फॉर्म जमा किए। वहीं कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता परखने के लिए जिला आबकारी अधिकारी विनय कुमार ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां बीएलओ योगेंद्र कुमार, तारावती कश्यप और बृजेश कुमारी उपस्थित रहीं।

प्रमाणपत्र के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागी।

बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण संपन्न

बहराइच। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के मार्ग निर्देशन में 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में आयोजित 30 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का शनिवार को देर शाम सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 40 युवाओं ने सहभागिता कर कंप्यूटर की मूलभूत शिक्षा प्राप्त की। वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में शनिवार को देर शाम आयोजित समापन समारोह का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तथा ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट एसडीएम महसी आलोक प्रसाद आईएएस के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। वहीं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

सीताद्वार झील पर स्नान-दान के लिए उमड़ी भीड़।

मौनी अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

श्रावस्ती। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर इकौना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध सीताद्वार झील पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र झील में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरा घाट "हर-हर गंगे" के जयघोष से गूंज उठा। मौनी अमावस्या पर सीताद्वार झील के किनारे मेले का आयोजन किया गया। इसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने स्नान दान कर माता जनकी के मंदिर में माथा टेका।

आयोजन — योजनाओं और रिटर्न दाखिल करने से संबंधित दी गईं जानकारियां

संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों को किया गया जागरूक

संवाददाता, बहराइच

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करते अपर आयुक्त व व्यापारी नेता।

अमृत विचार। प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी-2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य कर विभाग, बहराइच द्वारा उत्थान ऑडीटोरियम में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम का पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा श्याम करन टेकरीवाल व अपर आयुक्त ग्रेड-2 (अपील), राज्य कर, गोण्डा संभाग, गोण्डा डॉ. श्याम सुन्दर तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपायुक्त, राज्य कर अहमद यासिर ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-1 अजय कुमार वर्मा ने पंजीयन, समाधान योजना, मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना एंव ईंट भट्ठों से सम्बन्धित योजना के विषयों पर जानकारी प्रदान की। सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-2 संदीप कुमार सिंह द्वारा रिटर्न दाखिल करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया गया। उपायुक्त (प्रशासन), राज्य कर सी.के. गौतम द्वारा जीएसटी 2.0 सुधारों के लाभ से सभी उपस्थित व्यापरी बन्धुओं का विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

संवाद सत्र के दौरान टैक्स बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश श्रीवास्तव द्वारा सुझाव दिया गया कि रिटर्न की प्रक्रिया-एक बार होनी चाहिए, विलम्ब शुल्क के साथ पेनाल्टी का प्राविधान न हो, रिटर्न फाइल करने में होने वाले विलम्ब का समय बढ़ाने का अधिकारी अधिकारियों को दिया जाना चाहिए, व्यापारियों के उत्पीड़न की कार्यवाही न की जाय एवं राजस्व वृद्धि के साथ व्यापारियों की समृद्धि भी हो। उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल द्वारा सुझाव दिया गया कि जीएसटी की अपील, व्यापारी के पंजीकृत क्षेत्र में सुनी जाये। सचल दल द्वारा छोटे-छोटे बिन्दुओं पर कार्यवाही न की जाये।

गल्ला व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रमोद डालमिया द्वारा सुझाव दिया गया कि विक्रेता व्यापारियों द्वारा रिटर्न न भरे जाने पर क्रेता व्यापारी को पुनः टैक्स देना पड़ता है। ऐसी दशा में क्रेता व्यापारी से दो बार टैक्स न लिया जाये। उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल के महामंत्री बृजमोहन द्वारा सुझाव दिया गया कि होटल इण्डस्ट्रीज के टैक्स का सरलीकरण किया जाये। अन्त में मुख्य अतिथि श्याम करन टेकरीवाल द्वारा सुझाव दिया गया कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान लिए गोष्ठी का आयोजन किया जाय तथा रिर्टन भरने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाये। संवाद कार्यक्रम के अन्त में उपायुक्त श्री गौतम द्वारा सभी अतिथियों एवं व्यापारियों का आभार ज्ञापित किया गया।

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

कलश यात्रा में शामिल हुईं महिलाएं

कैसरगंज (बहराइच)। रविवार को निर्बल सेवा आश्रम जमालुद्दीनपुर में प्रात: 10 बजे कलश यात्रा निकाली गई जिसके साथ ही 108 घंटे के अखंड श्रीराम नाम वाचन का विधिवत शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान पित वस्त्र धारण किये महिलाओं के जय श्रीराम के उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं कन्याएं कलश धारण कर निकलीं। यहां प्रेम चन्द्र वर्मा, बाबा मस्तराम वर्मा, अंजू सिह, सीमा सिंह, सुनील चौधरी, सावित्री आदि रहीं।

अमृत विचार

सोमवार, 19 जनवरी 2026

शारीरिक प्रशिक्षण के मामले में किसी भी व्यक्ति को शौकिया होने का अधिकार नहीं है। किसी व्यक्ति के लिए यह शर्म की बात है कि वह अपने शरीर की सुंदरता और शक्ति को देखे बिना ही बूढ़ा हो जाए। –**सुकरात, दार्शनिक**

प्रतिबद्ध प्रयास आवश्यक

प्रधानमंत्री ने एक बार फिर घुसपैठियों का मुद्दा चुनावी विमर्श के केंद्र लाते हुए पश्चिम बंगाल और असम को घुसपैठियों से मुक्त कराने का आह्वान किया है। देश के लिए इस महत्वपूर्ण मुद्दे को प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले से लेकर, तमाम चुनावी जनसभाओं में भी दोहराया गया है, इसके समाधान की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई है, निस्संदेह इस ओर कुछ काम भी हुआ होगा, लेकिन प्रश्न यह है कि इसे अब तक ठोस अंजाम क्यों नहीं मिल पाया। भारत में अवैध घुसपैठ की समस्या केवल सीमाओं तक सीमित विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और आर्थिक संसाधनों के दुरुपयोग से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। घुसपैठ का असर बहुआयामी है। सीमावर्ती राज्यों में जनसांख्यिकीय बदलाव, सरकारी योजनाओं का दबाव, स्वास्थ्य और शिक्षा संसाधनों का अनुचित उपयोग, स्थानीय लोगों की आजीविका पर असर और सामाजिक तनाव, ये सब इसके प्रत्यक्ष परिणाम हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक है फर्जी वोटर आईडी, आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों के जरिए चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप, नकली करेंसी, नशीली दवाओं की तस्करी और आतंकी स्लीपर सेल की आशंकाएं। एनडीए सरकार पिछले 11 वर्षों से सत्ता में है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि सरकार वास्तव में प्रतिबद्ध है, तो बिहार, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में इसके ठोस परिणाम क्यों नहीं दिखते? कम से कम जो भाजपा शासित राज्य हैं, वह घुसपैठ मुक्त क्यों नहीं है? क्या राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है या फिर यह मुद्दा चुनावी लाभ के लिए इसे जीवित रखा गया है, जैसा कि विपक्ष आरोप लगाता है?

यूपीए सरकार के अनुसार 2005-2013 के बीच 88,792 अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया गया, जबकि 2014-2019 के बीच यह संख्या घटकर 2,566 रह गई। 2019 के बाद कोई विश्वसनीय आधिकारिक आंकड़ा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। यदि सरकार के पास अद्यतन और पारदर्शी डेटा नहीं है, तो "घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालने" की घोषणा कितनी व्यावहारिक है? बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों की आधिकारिक संख्या आज तक सार्वजनिक क्यों नहीं है, जिसके चलते पश्चिम बंगाल में 50-57 लाख घुसपैठियों के दावे की प्रामाणिक आज भी सवालों के घेरे में है। इसके अलावा क्या घुसपैठियों के प्रवेश मार्ग, धर्म, राज्यों में वितरण इन सबका समेकित, सत्यापित ब्योरा हमारे पास है? यदि नहीं, तो कार्रवाई कैसे होगी? असम में एनआरसी जैसा बड़ा और विवादास्पद अभ्यास हुआ, लेकिन अंतिम सूची आने के बाद निर्णायक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? घुसपैठ रोकने की जिम्मेदारी राज्यों के साथ गृह मंत्रालय, सीमा सुरक्षा बल, विदेश मंत्रालय और पड़ोसी देशों के साथ कूटनीति पर भी है, इनकी जवाबदेही कब तय होगी? यूपी में लागू डिटेक्ट, डिलीट, डीपोर्ट वाली 'थ्री-डी' नीति और बिहार में नोटिस जैसी प्रक्रिया असम और पश्चिम बंगाल में क्यों नहीं? बेशक समाधान न भाषणों में है, न ही डर के नैरेटिव में। सरकार को पारदर्शी आंकड़े, समयबद्ध कार्ययोजना, अंतर-मंत्रालयी समन्वय, सीमाई प्रबंधन की मजबूती और मानवाधिकार-सम्मत, लेकिन सख्त कार्रवाई के ठोस कदम उठाने होंगे। तभी प्रधानमंत्री का आह्वान चुनावी नारा नहीं, राष्ट्रीय नीति के तौर पर स्थापित हो सकेगा।

प्रसंगवश

बेजोड़ इको-सिस्टम अरावली का संरक्षण जरूरी

अरावली पर्वतमाला का वर्तमान क्षरण उत्तर भारत के लिए ऐसा ही एक गंभीर पर्यावरणीय संकट बनकर उभरा है। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा हाल ही में जारी इको रेस्टोरेशन ऑफ द अरावली लैंडस्कैप रिपोर्ट इस संकट की भयावहता को स्पष्ट करती है। रिपोर्ट के अनुसार, 1967-68 से अब तक राजस्थान में अरावली की लगभग 25 प्रतिशत पहाड़ियां नष्ट हो चुकी हैं, जबकि 31 पहाड़ियां पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। इसका सीधा प्रभाव यह है कि पूर्वी राजस्थान धीरे-धीरे अर्ध-रेगिस्तान की ओर बढ़ रहा है। केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के अनुसार खनन, अतिक्रमण और वनों की कटाई इसके प्रमुख कारण हैं। अरावली शब्द का अर्थ है "चोटियों की रेखा"। इसका सबसे ऊंचा शिखर गुरु शिखर है, जो माउंट आबू में स्थित है और जिसकी ऊंचाई 1,722 मीटर है। दुर्भाग्यवश, मानव ने अपनी जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए इस पर्वतमाला के खनन में कोई कसर नहीं छोड़ी। 1970 के बाद से



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

अरावली क्षेत्र की 40 प्रतिशत से अधिक वन संपदा नष्ट हो चुकी है। अवैध निर्माण और अतिक्रमण ने इसके प्राकृतिक स्वरूप को गहरे घाव दिए हैं। राजस्थान और हरियाणा सरकारों द्वारा दी गई खनन अनुमतियों का ठेकेदारों ने दुरुपयोग किया और लाइसेंस सीमा से आगे जाकर अनियंत्रित खनन किया। इसमें सरकारी तंत्र की भूमिका भी सवालों के घेरे में रही। इस अनियंत्रित खनन का परिणाम प्राकृतिक जलधाराओं के विनाश के रूप में सामने आया। झीलें सूख गईं, लाखों हेक्टेयर भूमि बंजर हो गई और भूजल रिचार्ज की प्राकृतिक प्रक्रिया बाधित हुई। जलस्तर में आई गिरावट ने जंगलों और खेती- दोनों को गहरी चोट पहुंचाई। तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने भी अरावली के क्षरण को और तेज किया।

अरावली को इस दुर्दशा से बचाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों और जेन-जी के युवाओं ने भी आवाज उठाई है। दिसंबर के अंत में जयपुर की सड़कों पर युवाओं ने मशाल जुलूस निकालकर जागरूकता फैलाई और 'सेव अरावली, सेव लाइफ' जैसे नारों के साथ रैली निकाली। पर्वत-प्रकृति पूजन और पौधारोपण के जरिए, उन्होंने यह संदेश दिया कि अरावली को नुकसान पहुंचा तो स्वच्छ हवा में सांस लेना भी कठिन हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी अरावली के मुद्दे पर गंभीरता दिखाई है। 5 मई 2024 को अदालत ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को अरावली की एक समान परिभाषा तय करने के लिए पैनल गठित करने का निर्देश दिया। पैनल ने चार राज्यों के 34 जिलों में पहाड़ियों की ऊंचाई का अध्ययन कर यह सिफारिश की कि जिन भू-आकृतियों की स्थानीय भू-आकृति से ऊंचाई 100 मीटर या उससे अधिक है, उन्हें अरावली का हिस्सा माना जाए। साथ ही 500 मीटर के दायरे में स्थित दो या अधिक पहाड़ियों को भी शामिल करने की बात कही गई।

सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर 2025 को इस परिभाषा को मंजूरी दी। हालांकि इस फैसले से संरक्षणवादियों की चिंता बढ़ गई। उनका कहना है कि केवल ऊंचाई के आधार पर परिभाषा तय करने से 100 मीटर से कम ऊंची कई पहाड़ियों पर खनन और निर्माण का रास्ता खुल सकता है। सुप्रीम कोर्ट के एमिकस क्यूरी ने भी चेताया कि इससे निचली पहाड़ियों में विनाश तेज हो सकता है। इसी कारण अदालत ने 29 दिसंबर को अपने ही फैसले पर रोक लगाते हुए विशेषज्ञ समिति से पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन कराने का आदेश दिया। अरावली का महत्व उत्तर भारत के लिए अत्यंत व्यापक है। यह पर्वतमाला पश्चिमी हवाओं को मोड़कर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतकालीन वर्षा लाने में सहायक है। स्पष्ट है कि अरावली का संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

आखिर क्यों बेगाना हो रहा देश!

डॉ .विकास शुक्ला
कानपुर

देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत आज दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में हर साल तमाम लोग भारत को छोड़कर विदेशों में बस रहे हैं। बीते तीन साल में हर साल दो लाख से ज्यादा भारतीयों के देश छोड़ने के आंकड़े न सिर्फ चौंकाने वाले हैं, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर रहे हैं कि आखिर इसके पीछे वे कौन से कारण हैं, जो भारतीयों को अपनी नागरिकता छोड़ने के लिए आकर्षित या विवश कर रहे हैं।

देश की मजबूत आर्थिक वृद्धि के बावजूद सीधे तौर पर इसके पीछे सबसे बड़ा कारण आर्थिक ही है। दरअसल बड़ी जनसंख्या के कारण भारत की प्रति व्यक्ति आय विकसित देशों ही नहीं, कई विकासशील देशों की तुलना में काफी कम है। ऐसे में बेहतर जीवन की तलाश भारतीयों को देश से बाहर बसने के लिए आकर्षित करती है। अधिकतर लोग बढ़िया करियर और ज्यादा सैलरी की तलाश में ही विदेश का रुख करते हैं। उनका मानना रहता है कि विकसित देशों में उन्हें स्वच्छ पर्यावरण, सुगम और तीव्र पब्लिक ट्रांसपोर्ट, उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं, मजबूत नागरिक सुविधाओं के साथ सुरक्षित जीवन के लिए वह सारी सुविधाएं मिलती हैं, जो भारत में उपलब्ध नहीं हैं। इसके साथ ही देश में अवसरों की कमी, आबादी के कारण कड़ी प्रतिस्पर्धा जैसे कारण भी प्रतिभाशाली युवाओं को विदेश जाने के लिए प्रेरित करते हैं, क्योंकि विदेश में उन्हें अपनी योग्यता के अनुसार बेहतर शिक्षा और रोजगार के मौके आसानी से सुलभ रहते हैं।

दिल्ली, मुंबई, गुरुग्राम, नोएडा जैसे शहरों में खराब हवा तो बेंगलुरू और पुणे में ट्रैफिक जाम की दिक्कत, कमजोर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्याओं के साथ असुरक्षित वातावरण के चलते हर साल बड़ी संख्या में तकनीकी पेशेवर विदेश का रुख कर लेते हैं। भारत से नागरिकता त्यागने की प्रवृत्ति किस तेजी से बढ़ रही है। इसकी पुष्टि संसद में प्रस्तुत विदेश मंत्रालय के आंकड़ों से भी होती है, जिसके अनुसार पिछले पांच वर्षों 2020 से 2024 के बीच नौ लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। इसमें साल 2022 के बाद तो यह संख्या दो लाख प्रति वर्ष से अधिक है। हालांकि विदेश में बसने के बाद भी बड़ी संख्या में भारतीय अपनी नागरिकता नहीं छोड़ना चाहते हैं, लेकिन वह जिस देश में काम करते हैं, वहां और बेहतर मौकों की तलाश के लिए उन्हें उस देश की नागरिकता लेनी पड़ती है, अब चूंकि भारत में दोहरी नागरिकता का सिस्टम नहीं है, इसलिए उनकी भारतीय नागरिकता अपने आप चली जाती है। इसके पीछे भारत में डुअल सिटीजनशिप यानी दोहरी नागरिकता का प्रावधान नहीं होना है, जिसकी वजह से लोग भारत का पासपोर्ट छोड़ देने के लिए मजबूर होते हैं।

अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देशों में दोहरी नागरिकता की सुविधा है। अनेक देशों में वहां की नागरिकता लेने पर तमाम अन्य सुविधाएं मिल जाती हैं। ऐसे में जो लोग विकसित देशों में काम करते हैं, वह भारत के मुकाबले अधिक आकर्षक पासपोर्ट लेना पसंद कर लेते हैं। भारत में नागरिकता कानून-1955 की धारा 9 के तहत, अगर कोई भारतीय विदेशी नागरिकता लेता है, तो उसकी भारतीय नागरिकता अपने आप खत्म हो जाती है। विदेशों में वोटिंग का अधिकार, सोशल सिक्योरिटी, बिना रोक-टोक रहना, सरकारी नौकरियां और लंबे समय की स्थिरता सिर्फ नागरिकता से मिलती है। भारत में जब कोई नागरिक स्वेच्छा से दूसरे देश की नागरिकता लेता है, तो उसका पासपोर्ट अमान्य हो जाता है। हालांकि भारत में ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया का प्रावधान जरूर है, इसमें नागरिकता छोड़ चुके लोगों को वीजा-फ्री यात्रा और सीमित आर्थिक अधिकार दिए जाते हैं, लेकिन इसमें कोई राजनीतिक अधिकार नहीं होता है। ऐसे लोग न तो वोट दे सकते हैं, न ही चुनाव लड़ सकते हैं। भारतीयों के विदेशों में बसने की प्रवृत्ति 'ब्रेन ड्रेन' (प्रतिभा पलायन) के रूप में भी परिभाषित की जाती है, जिससे देश को कुशल कार्यबल का नुकसान होता है।

अमूमन भारत से छात्रों या युवाओं को बेहतर अध्ययन या फिर रोजगार की तलाश में पलायन करते हुए देखा जाता है। 2000 के दशक से अब तक करीब 20 लाख आईटी पेशेवर देश से बाहर जा चुके हैं।

अमूमन भारत से छात्रों या युवाओं को बेहतर अध्ययन या फिर रोजगार की तलाश में पलायन करते हुए देखा जाता है। 2000 के दशक से अब तक करीब 20 लाख आईटी पेशेवर देश से बाहर जा चुके हैं। इसी तरह हर साल करीब डेढ़ लाख छात्र उच्च शिक्षा के लिए देश छोड़ते हैं, फिर उनमें से 80 फीसदी वापस नहीं लौटते। हालांकि सरकार लोगों के पलायन को उनका व्यक्तिगत कारण बताती है। विदेश मंत्रालय का भी यही कहना है कि ज्यादातर लोग निजी हितों या सुविधा के लिए विदेशी नागरिकता लेते हैं, लेकिन विशेषज्ञ इसे देश के भीतर सुधारों की आवश्यकता और कमजोर आर्थिक-सामाजिक व्यवस्था का कारण मानते हैं। मॉर्गन स्टैनली के आंकड़ों के मुताबिक साल 2014 से अब तक करीब 25,000 भारतीय मिलियनेयर्स भारत छोड़ चुके हैं। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश भारतीय नागरिकों की पहली पसंद हैं, जहां बेहतर अवसर और नागरिकता के रास्ते स्पष्ट हैं।

आज अमेरिका का सबसे प्रबुद्ध एवं उत्पादक समूह, भारतीय प्रवासियों का है, जो कार्य कुशलता के मामले में, दूसरों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहां चिकित्सा, स्पेस, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय मूल के लोग शानदार प्रदर्शन दर्ज कर रहे हैं। भारत से पलायन देश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित कर रहा है। भारतीयों के देश छोड़ने का सीधा असर न केवल हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव पर भी हो रहा है।

आमने

कांग्रेस अब इंदौर की घटना के बाद हाय-हाय कर रही है, जबकि हैदराबाद में पानी के कारण कई लोगों की मौत हुई और हिमाचल प्रदेश में 30 से ज्यादा लोग मारे गए, तब राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेता चुप थे।
– **मोहन यादव,**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

सामने

जिन लोगों को शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उन्होंने मौतों के इस सिलसिले को जारी रहने दिया। चाहे मामला कफ सिरप से बच्चों की मौत का हो या दूषित पानी से लोगों की जान जाने का, सरकार की लापरवाही साफ तौर पर सामने आई है। मुख्यमंत्री को इस बात पर शर्म आनी चाहिए कि उनकी सरकार के काम करने के तरीके के कारण ऐसी घटनाएं हुईं।
– **प्रियंका चतुर्वेदी, सांसद शिवसेना**

अपारदर्शिता या अभियोजन की चूक

डॉ . चंद्र गोपाल पांडेय
स्वतंत्र पत्रकार, अयोध्या

विवेचना में विज्ञान का महत्व सदैव रहा है। विधि विज्ञान एक अलग महत्वपूर्ण शाखा के रूप में स्थापित हो चुका है। इधर विवेचना में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की भूमिका भी बढ़ी है। खासकर पुलिसकर्मियों के रोजाना के कार्यो में ऑडियो -वीडियो रिकार्डिंग और सीसी टीवी फुटेज का विशेष योगदान है। इससे साक्ष्य संकलन में मदद मिलने के साथ ही मानवाधिकार उल्लंघन व भ्रष्टाचार के आरोपों का प्रतिवाद करने में भी सहूलियत होती है। फिर भी कई मामलों में पुलिस जाने- अनजाने कारणों से वीडियोग्राफी करती नहीं दिखती और तो और सीसी टीवी फुटेज का स्टोरेज विहित अवधि तक नहीं रखती है। पुलिस की इस लापरवाही का लाभ एक तो आरोपितों को मिलता है, दूसरे वह स्वयं संदिग्ध आचरण के आरोप की परिधि से बाहर नहीं निकल पाती है। विगत सप्ताह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष दो ऐसे मामले आए, जिसमें पुलिसिया कार्यवाही न तो नियमानुकूल पाई गई और न ही संदेह से परे।

उच्च न्यायालय की एक पीठ शादाब की जमानत याचिका (शादाब बनाम उत्तर प्रदेश राज्य यूपी 2026 लाइव लॉ, ए बी 9) पर सुनवाई कर रही थी। अभियोजन के अनुसार वह चार अन्य के साथ 40 मोटरसाइकिलों की चोरी में आरोपित है और इतनी ही संख्या में बाइक उसके संयुक्त कब्जे से बरामद हुईं। याची का तर्क था कि उसका नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में नहीं है और कथित तौर पर इतनी बड़ी बरामदगी की कार्यवाही की वीडियोग्राफी नहीं की गई, जबकि भारतीय नागरिक न्याय संहिता की धारा-105 के तहत बरामदगी की वीडियोग्राफी अनिवार्य है। इस तर्क से सहमत न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने भी कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 105, सपठित उप्र भारतीय नागरिक सुरक्षा नियम, 2024 के नियम 18 के अनुसार ई-साक्ष्य ऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से प्रक्रिया को रिकॉर्ड करना अनिवार्य है, जिसे पुलिस ने नहीं किया। न्यायमूर्ति ने कहा कि "यह तथ्य न केवल पुलिस की लापरवाही, बल्कि मनमानी को भी दिखाता है, जिससे जब्त की गई चीजों की बरामदगी के बारे में अभियोजन की कहानी पर संदेह पैदा होता है।"इस मामले में न्यायालय की यह टिप्पणी कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-105 को विशेषतौर पर कुछ पुलिस अधिकारियों द्वारा झूठी बरामदगी को रोकने के लिए बनाया गया है, कम महत्वपूर्ण नहीं है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-179(1) में कहा गया है कि किसी महिला को पूछताछ के लिए उसके निवास स्थान के अलावा कहीं और नहीं बुलाया जा सकता। न्यायमूर्ति द्वय अब्दुल मोइन और बबीता रानी की खंडपीठ रूबी सिंह व अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने 5 अगस्त 2025 को कुछ रिश्तेदारों के विरुद्ध पंजीकृत प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर उन्हें उठा लिया, लेकिन कोई गिरफ्तारी मेमो नहीं बनाया गया। यह भी आरोप लगाया है कि 7 अगस्त की रात याची रूबी सिंह, जो एक महिला है, को अवैध रूप से लॉकअप में रखा गया और उसके खिलाफ अश्लील टिप्पणियां की गईं और दो अन्य याचियों को रिश्वत देने के बाद छोड़ा गया।

याचिकाकर्ता की ओर से इन आरोपों की पुष्टि के लिए 5 से 8 अगस्त 2025 की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की मांग की गई थी। उच्च न्यायालय ने उन्नाव के पुलिस अधीक्षक को शपथ पत्र दाखिल करने और उक्त अवधि की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया था, लेकिन पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फुटेज उपलब्ध नहीं है। पुलिस महानिदेशक के परिपत्र दिनांक 20 जून 2025 के अनुसार केवल 2–2.5 महीने की रिकॉर्डिंग रखी जाती है। यहीं पर उच्च न्यायालय ने कहा कि "हम यह समझने में असमर्थ हैं कि डीजीपी ने सर्वोच्च न्यायालय के 02.12.2020 के आदेश का हवाला देने के बावजूद केवल 2-2.5 महीने की स्टोरेज का निर्देश कैसे जारी कर दिया। यह प्रथमदृष्टया अवमानना प्रतीत होती है।" पीठ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 179(1) के उल्लंघन पर भी कहा कि किसी महिला को पूछताछ के लिए उसके निवास स्थान के अलावा कहीं और नहीं बुलाया जा सकता। इसके बावजूद याची रूबी सिंह को थाने बुलाया गया।

न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक द्वारा शपथ पत्र में रिश्वत मांगने के आरोपों में कुछ सच्चाई होना स्वीकार करने के बावजूद कार्रवाई के तौर पर केवल दो पुलिसकर्मियों की लाइन हाजिरी को "लापरवाह और औपचारिक रवैया" बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। न्यायालय ने इस प्रकरण में मुख्य सचिव को तीन सप्ताह में व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। अन्यथा की दशा में उन्हें 29 जनवरी को उपस्थित होने का आदेश दिया है। शपथ पथ में उन्हें स्पष्ट करना होगा कि डीजीपी ने शीर्ष न्यायालय के आदेश के विपरीत केवल दो से ढाई महीने तक के फुटेज स्टोरेज का परिपत्र क्यों जारी किया और महिला याचिकाकर्ता को क्यों व किस परिस्थिति में थाने बुलाया गया। अब प्रश्न यह उठता है कि पुलिस को पारदर्शिता से परहेज है या प्रक्रियात्मक त्रुटियां अनजाने में हो रही हैं। ऐसे में अभियोजन की जबाबदेही भी कहीं न कहीं सवालों के घेरे में है। अन्यथा उच्च न्यायालय, राज्य के मुख्य सचिव के बजाय पुलिस प्रशासन के किसी वरिष्ठतम अधिकारी से शपथ-पत्र देने का आदेश देता।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-179 (1) में कहा गया है कि किसी महिला को पूछताछ के लिए उसके निवास स्थान के अलावा कहीं और नहीं बुलाया जा सकता।

सोशल फोरम

सत्ता कैसे स्वाभाविक बनती है और कैसे टूटती है

सत्ता केवल पुलिस, सेना या कानून के बल पर टिकी हुई व्यवस्था नहीं है। असली सत्ता वह होती है, जो लोगों की सहमति से चलती है, जो उन्हें स्वाभाविक, सामान्य और अपरिहार्य लगने लगती है।

मनोज अभिज्ञान
अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट

इस प्रक्रिया को नैतिक वर्चस्व कहा जाता है। नैतिक वर्चस्व का अर्थ है कि शासक वर्ग अपने हितों को पूरे समाज के हित के रूप में स्थापित कर देता है। लोग उसका विरोध नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि यही सामान्य बुद्धि है, यही यथार्थ है और इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। नैतिक वर्चस्व क्यों ज्यादा खतरनाक है? खुला दमन दिखाई देता है। उस पर गुस्सा आता है, लेकिन नैतिक वर्चस्व दिखाई नहीं देता। वह आदत बन जाता है। वह भाषा में घुल जाता है, मुहावरों में, कहावतों में, 'ऐसे ही होता है' जैसे वाक्यों में। शासक वर्ग की सबसे बड़ी सफलता यह होती है कि वह अपने विचारों को कॉमन सेंस बना दे।

वर्चस्व कैसे टूटता है? सत्ता को केवल हिंसक क्रांति से नहीं गिराया जा सकता। जब तक लोगों की सोच नहीं बदलती, तब तक सत्ता किसी न किसी रूप में बार-बार लौट आती है। इसका अर्थ है संस्कृति के भीतर संघर्ष, नैतिक भाषा को चुनौती देना, पुराने मूल्यों की जगह नए मूल्य प्रस्तावित करना और शासक वर्ग की वैधता पर लगातार सवाल खड़े करना। यह धीमी प्रक्रिया है, लेकिन यही टिकाऊ है, जब शासक वर्ग अपने नैतिक दावे निभाने में असफल होने लगता है, तब नैतिक संकट पैदा होता है। लोग महसूस करने लगते हैं कि जिन मूल्यों के नाम पर सत्ता चल रही थी, वे खोखले हैं। यहीं से प्रतिरोध की संभावना जन्म लेती है, लेकिन यह प्रतिरोध तभी प्रभावी होता है, जब वह केवल गुस्से पर नहीं, बल्कि वैकल्पिक नैतिकता पर आधारित हो। यानी यह बताना कि न सिर्फ मौजूदा व्यवस्था गलत है, बल्कि कोई और व्यवस्था ज्यादा मानवीय, ज्यादा न्यायपूर्ण और ज्यादा तर्कसंगत हो सकती है, जब सत्ता अन्याय को व्यवस्था कहकर पेश करती है और आंदोलन उसे अन्याय कहने में सफल हो जाता है, तब नैतिक वर्चस्व दरकता है। आज भी सत्ता सबसे पहले नैतिक भाषा पर कब्जा करती है। राष्ट्र, विकास, सुरक्षा, संस्कृति जैसे शब्दों को वह अपने हितों के अनुसार परिभाषित करती है, जो इन पर सवाल उठाता है, उसे राष्ट्रविरोधी कह दिया जाता है। असली संघर्ष इन शब्दों को वापस छीनने का है। यह दिखाने का है कि जिन मूल्यों के नाम पर सत्ता बोल रही है, वह उन्हें खुद ही तोड़ रही है। नैतिक वर्चस्व अमूर्त सिद्धांत नहीं है। यह रोजमर्रा के जीवन में काम करता हुआ सत्ता का सबसे मजबूत औजार है। सत्ता तब तक सुरक्षित रहती है, जब तक लोग उसे नैतिक रूप से वैध मानते हैं और जब यह वैधता टूटती है, तब इतिहास की दिशा बदलने लगती है।

– फेसबुक वॉल से

सामयिकी

ओम पर्वत पर बर्फ का न होना चिंता का सबब

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद में 15 हजार 700 फीट ऊंचाई पर स्थित ओम पर्वत आमतौर पर जनवरी माह में बर्फ की चादर ओढ़े रहता था, लेकिन आजकल यह बर्फ विहिन नजर आ रहा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ कि उत्तराखंड के कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर स्थित विश्व प्रसिद्ध ओम पर्वत से बर्फ पूरी तरह से गायब हो गई हो। पिछले साल भी ऐसा ही देखने को मिला था। बर्फ से बना 'ऊं' अब नजर नहीं आ रहा है। बर्फ विहीन पर्वत के जो चित्र सामने आ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक और भविष्य की भयावह स्थिति की और इशारा कर रहे हैं। यहां यह समझ लीजिए की प्रकृति ने अपनी ओर से एक चेतावनी दे दी है और यहां की पारिस्थितिक संतुलन को गहरा धक्का लगा है। पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय लोग इसके लिए ग्लोबल वार्मिंग तथा यहां हो रहे निर्माण कार्यों को जिम्मेदार मानते हैं। आसपास बना रही सड़के और प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में आने वाले लोगों से होने वाला नुकसान धीमे जहर की तरह है, जो यहां के प्राकृतिक संतुलन को नुकसान पहुंचा रहा है। पिथौरागढ़ जिले के धारचूला तहसील की ब्यास घाटी में स्थित ओम पर्वत हिंदुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर स्थित नाभीढांग से ओम पर्वत के दर्शन होते हैं। इस पर्वत की भौतिक बनावट ऐसी है कि चोटी से नीचे तक एक तरफ ढाल पर ओम की आकृति में बर्फ जम जाती है, जो कभी नहीं पिघलता थी। देश से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में लोग हर साल ओम पर्वत को देखने आते हैं।

दीपक नौगांई
लेखक, हल्द्वानी

इस बार पहाड़ की चोटी पर प्राकृतिक रूप से बने ओम को देखने से पर्यटक वंचित हैं। एक और जहां जलवायु परिवर्तन के चलते बर्फबारी कम हो रही है, वहीं दूसरी ओर उच्च पहाड़ी स्थलों में वाहनों की बढ़ती संख्या और उनके धुएं से निकले ब्लैक कार्बन के कारण भी बर्फ तेजी से पिघल रही है। पर्यावरणविद् इसको हिमालय के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान मानते हैं। दरअसल धरती का तापमान बढ़ने से दुनियाभर में ग्लेशियर पीछे हट रहे हैं और बर्फबारी कम हो रही है, वहीं हिमालय क्षेत्र में बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप और निर्माण कार्यों ने क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने में जैसे आग में घी का काम किया है।

हाल के वर्षों में ओम पर्वत क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां काफी तेजी से बढ़ी है। हर साल बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक इसे देखने आते हैं। सड़क निकट तक चली गई है, तो धुंआ उगलते वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। मूल रूप से मई-जून तथा सितंबर-अक्टूबर में यहां की यात्रा होती है। बर्फबारी अक्टूबर के बाद ही होगी। यानी तकरीबन दो माह तक ओम पर्वत से बर्फ गायब रहेगी और यह काले पहाड़ जैसा वीभत्स नजर आएगा। बहरहाल पर्यावरण के सजग प्रहरियों ने ओम पर्वत क्षेत्र में मानवीय हस्तक्षेप को कम करने की मांग की है। सरकार और प्रशासन भले ही यहां यात्रियों की बढ़ती संख्या से गदगद हो और यात्रियों की सुविधा की दुहाई देता हो, लेकिन पर्यावरणविदों की दलील है कि ऐसा पहली बार देखने को मिला है। इसलिए इस पर गंभीरता से चिंतन करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में दोबारा ओम पर्वत बर्फ विहीन न हो। उनका कहना है कि यह सुरक्षित और संरक्षित संवेदनशील क्षेत्र है, इसलिए यहां पर हर तरह की अप्राकृतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाना जरूरी है। दरअसल पर्यटन और तीर्थयात्रा में विलासिता का पहलू जुड़ जाए, तो प्राकृतिक संतुलन बिगड़ेगा ही और यहां तो पुण्य ओम पर्वत के अस्तित्व का ही सवाल खड़ा हो गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

स्प्रिंग सीजन 2026

फैशन विजन, रंगों की अभिव्यक्ति और नई सोच

स्प्रिंग सीजन 2026 फैशन की दुनिया में केवल मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि सोच और उपभोग के तरीकों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत देता है। यह सीजन उत्साह, ऊर्जा और आत्म-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ Conscious Consumption यानी जिम्मेदार उपभोग की अवधारणा को केंद्र में रखता है। इस वर्ष फैशन न सिर्फ सुंदर दिखने पर केंद्रित है, बल्कि यह टिकाऊपन, व्यक्तिगत शैली और तकनीकी नवाचार का संतुलित रूप प्रस्तुत करता है।

नूर हिना खान
लेखिका

रंगों में संतुलन और विरोधाभास

स्प्रिंग 2026 की रंग योजना में स्पष्ट विरोधाभास दिखाई देता है। एक ओर Pantone द्वारा घोषित 'Cloud Dancer' जैसे सौम्य ऑफ-व्हाइट टोन शांति और सादगी का प्रतीक बनते हैं, वहीं दूसरी ओर सनशाइन येलो, फायर इंजन रेड और फ्रेश ग्रीन जैसे चमकीले रंग ऊर्जा और आत्मविश्वास को दर्शाते हैं। यह रंग संयोजन आधुनिक समाज की विविध भावनाओं और बदलते दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।

फैब्रिक और टेक्सचर में हल्कापन

इस सीजन फैब्रिक चयन में 'वेटलेस क्वालिटी' को प्राथमिकता दी गई है। हवा जैसे हल्के कपड़े, जैसे सेमी-ओपेक वूल, ऑर्गेंजा और अल्ट्रा-लाइट निट्स खासतौर पर चलन में रहेंगे। इसके साथ ही Lyocell, Hemp और Recycled Fibers जैसे सस्टेनेबल फैब्रिक्स अब विकल्प नहीं, बल्कि फैशन इंडस्ट्री की आवश्यकता बन चुके हैं। ब्रांड्स पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं।

प्रमुख स्टाइल ट्रेंड्स

2025 की 'क्वाइट लग्जरी' के बाद 2026 में 'लाउड लग्जरी' की वापसी देखी जा रही है। टैसल्स, फ्रिंज, टेक्सचर और समृद्ध डिजाइन वाले परिधान इस सीजन की पहचान होंगे। साथ ही पोल्का डॉट्स और ज्योमेट्रिक प्रिंट्स नए रूप में सामने आएंगे, जहां अलग-अलग पैटर्न को एक साथ लेयर किया जाएगा। फैशन विशेषज्ञ इसे 'पैटर्न मिक्सिंग का नया दौर' मानते हैं।

भारतीय शहरी फैशन में को-ऑर्ड सेट्स, इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स और आधुनिक टच वाले पारंपरिक परिधान मुख्यधारा में रहेंगे। आरामदायक फिट और पेस्टल रंगों का संयोजन लोकप्रिय होता दिख रहा है।

एक्सेसरीज और डिटेलिंग

एक्सेसरीज में ओवरसाइज्ड सनग्लासेस, बड़े स्ट्रक्चर्ड टोट बैग्स और स्कार्फ को बेल्ट की तरह पहनने का चलन फिर से लौट रहा है। यह Y2K नॉस्टैल्जिया का आधुनिक संस्करण है। ज्वेलरी में मिनिमल डिजाइन और स्कल्पचरल पेंडेंट नेकलेस को प्राथमिकता दी जा रही है।

पुरुषों के फैशन में नया संतुलन

पुरुषों के फैशन में भी व्यावहारिक बदलाव देखने को मिल रहा है। स्नीकर्स की जगह लोफर्स और डर्बी शूज, स्पोर्ट्स जैकेट, जैक्वार्ड फैब्रिक्स और हल्के ओवरशर्ट्स लोकप्रिय हो रहे हैं। आराम और एलिगेंस का संतुलन पुरुषों की नई पहचान बनता जा रहा है। स्प्रिंग सीजन 2026 का फैशन केवल ट्रेंड्स तक सीमित नहीं है। यह जिम्मेदारी, रचनात्मकता और व्यक्तिगत पहचान का संगम है। बदलती जीवनशैली और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच यह सीजन फैशन को एक अधिक संवेदनशील और सार्थक दिशा में आगे बढ़ाता है।

फिल्म समीक्षा

हैप्पी पटेल

आमिर खान प्रोडक्शंस की यह फिल्म खुद को एक अलग और बेधड़क कॉमेडी-स्पाई पैरोडी के रूप में पेश करती है। हैप्पी पटेल पारंपरिक बॉलीवुड कॉमेडी नहीं है, बल्कि यह जानबूझकर अराजक, बेतुकी और "अनफिल्टर्ड" बनने की कोशिश करती है। यही वजह है कि फिल्म या तो आपको कुछ जगहों पर हंसाएगी, या फिर कई मौकों पर असहज और थका देगी। फिल्म की कहानी हैप्पी पटेल नाम के एक अजीब-से जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भाषा, संस्कृति और हालात को समझने में बार-बार चूक करता है। यह गलतफहमियां फिल्म का मुख्य हास्य आधार हैं। कहानी का ढांचा काफी ढीला है और इसमें कोई मजबूत स्पाई थ्रिल या ठोस प्लॉट नहीं मिलता। फिल्म ज्यादातर सीन-टू-सीन जोक्स, स्केच-जैसे एपिसोड्स और शॉक वैल्यू पर टिकी हुई है। वीर दास अपने किरदार में पूरी ऊर्जा झोंक देते हैं। उनका अभिनय अलग है, लेकिन लगातार ऊंची टोन, अराजक हरकतों और गाली-प्रधान संवादों के कारण किरदार कई बार ओवरडोज लगने लगता है।

मिथिला पालकर स्क्रीन पर फ्रेश दिखती हैं, मगर उनके किरदार को गहराई नहीं मिलती। शारिब हाशमी अपनी टाइमिंग और पंचलाइनों से कुछ सीन संभाल लेते हैं। मोना सिंह का रोल साफ तरह से डेवलप नहीं हो पाता। आमिर खान का कैमियो तो है, लेकिन प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहता है। निर्देशक की मंशा साफ है, एक बिंदास, सीमाएं तोड़ने वाली कॉमेडी बनाना, लेकिन समस्या यह है कि निर्देशन में संतुलन की कमी है। फिल्म कई जगहों पर यह तय नहीं कर पाती कि उसे स्मार्ट पैरोडी बनना है या सिर्फ शोर-शराबे वाली बेतुकी कॉमेडी। तकनीकी रूप से फिल्म औसत है। कैमरा वर्क साधारण है, बैकग्राउंड म्यूजिक याद नहीं रहता और एडिटिंग ढीली है। कई सीन काटे जा सकते थे, जिससे फिल्म ज्यादा टाइट और असरदार बन सकती थी। फिल्म का सबसे विवादित पहलू इसकी अत्यधिक गाली-प्रधान भाषा है। कुछ जगह यह किरदारों की अराजकता दिखाने में काम आती है, लेकिन ज्यादातर मौकों पर गालियां सिर्फ जबरन हंसी निकालने का जरिया लगती हैं। उनकी अधिकता हास्य को कमजोर करती है और पारिवारिक दर्शकों के लिए फिल्म को लगभग असहज बना देती है। हैप्पी पटेल एक एक्सपेरिमेंटल फिल्म है जो हर दर्शक के लिए नहीं बनी। इसमें कुछ मज़ेदार पल हैं, लेकिन कमजोर कहानी, ओवरडोज गालियां और असंतुलित निर्देशन इसे पूरी तरह कामयाब नहीं होने देते। अगर आपको अनफिल्टर्ड, अजीब और बिना दिमाग लगाए देखने वाली कॉमेडी पसंद है, तो यह फिल्म आपको कुछ हंसी दे सकती है। अगर आप स्मार्ट, सधी हुई और पारिवारिक कॉमेडी ढूंढ रहे हैं, तो यह फिल्म शायद आपको निराश करेगी।

समीक्षक -प्रदीप शर्मा

दिन जो याद आते हैं

घर-घर के सपनों और संघर्षों की कहानी था 'हम लोग'

भारत का पहला टीवी धारावाहिक 'हम लोग' दूरदर्शन पर 7 जुलाई 1984 से रात नौ बजे प्रसारित होना शुरू हुआ था। इस अकेले धारावाहिक की लोकप्रियता ने टीवी को घर-घर पहुंचाने में बड़ा योगदान दिया। हफ्ते में एक दिन आने वाले 20 वीं सदी के इस धारावाहिक की यादें आज सीनियर सिटीजन हो चुके लोगों के जेहन में न सिर्फ ताजा हैं, बल्कि किरदार उनके दिलों में जीवंत हैं। यह वह दौर था, जब परिवार ही नहीं आस-पड़ोस के लोगों के साथ या टेलीविजन नहीं होने पर दूसरों के घर जाकर सीरियल या फिल्म देखने का मजा लिया जाता था। *-मनोज त्रिपाठी, कानपुर।*

'हम लोग' में आठ सदस्यों वाले एक उत्तर भारतीय मध्यमवर्गीय परिवार की ऐसी कहानी थी, जिसमें सभी का अलग-अलग व्यक्तित्व था। उनकी जिंदगी, तकलीफों, सपनों, मुश्किलों और कुंठाओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ एक छत के नीचे पिरोया गया था। यही वजह थी कि इसके पात्र जैसे शराबी पिता बसेसर राम, मंझली, बड़की, छुटकी और नन्हें न सिर्फ उस समय हर घर की पहचान बन गए थे, बल्कि दर्शक उनसे खुद को या अपने आसपास के लोगों से जुड़ा हुआ महसूस करते थे। इन सभी ने मिलकर एक ऐसे परिवार की रचना कर दी थी कि जिसे आज भी लोग याद करते हैं। धारावाहिक में विनोद नागपाल- (बसेसरराम-पिता), जयश्री अरोड़ा (भागवंती-मां), (सुषमा सेठ-इमरती-दादी), लाहिरी सिंह- दादाजी, राजेश पुरी-लल्लू, सीमा पाहवा-बड़की, दिव्या सेठ-छुटकी तथा लवलीन मिश्रा ने मंझली और अभिनव चतुर्वेदी ने नन्हें का अभिनय किया था।

देश का पहला सोप ओपेरा

'हम लोग' को भारतीय टेलीविजन इतिहास का पहला सोप ओपेरा माना जाता है। यह एक मेक्सिकन टेलीविजन सीरीज वेन कोनमिगो से प्रेरित था, जिसे शिक्षा और मनोरंजन पर बनाया गया था। बताते हैं 'हम लोग' का आइडिया तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री वसंत साठे को आया था, जो 1982 में मेक्सिको के दौरे से लौटे थे। इसी के बाद मनोहर श्याम जोशी ने इस धारावाहिक की कहानी लिखी, जिसे निर्देशक पी. कुमार वासुदेव के सहयोग से विकसित किया गया।

154 एपिसोड, 17 महीने से ज्यादा प्रसारण

'हम लोग' धारावाहिक 17 महीनों से ज्यादा चला और खत्म होने के साथ सबसे लंबे समय तक चलने वाला टीवी सीरियल बन गया था। इसके कुल 154 एपिसोड प्रसारित किए गए थे। एक एपिसोड 25 मिनट का होता था, लेकिन आखिरी एपिसोड, जिसे 17 दिसंबर 1985 को प्रसारित किया गया, वह 55 मिनट का था।

दादा मुनि अंत में आते और छा जाते

'हम लोग' के हर धारावाहिक के अंत में प्रसिद्ध अभिनेता दादा मुनि अशोक कुमार आकर कहानी का सार देने के साथ अपने अलग ही अंदाज में समाज पर कटाक्ष करते हुए सार्थक संदेश देते थे, जिसे दर्शक बेहद पसंद करते थे। इसके चलते ही उन्हें धारावाहिक के दौरान चार लाख से अधिक पत्र मिले थे।

समाज सुधार के लिए जागरूकता

इस धारावाहिक का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ परिवार नियोजन और सामाजिक सुधारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसमें शराबखोरी, लैंगिक भेदभाव, गरीबी, अंधविश्वास और करियर की संभावनाओं जैसे मुद्दों को बड़ी संवेदनशीलता के साथ उठाया गया था।

हिमाचल भवन में रिहर्सल, गुड़गांव में शूटिंग

धारावाहिक की शूटिंग गुड़गांव (अब गुरुग्राम) में की जाती थी, जबकि रिहर्सल दिल्ली में मंडी हाउस के पास हिमाचल भवन में होती थी। इसके किरदार शूटिंग पर जाने से पहले यहां रिहर्सल करते फिर वैन में बैठकर गुड़गांव जाते थे।

और कहानी के अंत में...

दादीजी कैंसर से हार गए, लेकिन उन्होंने अपनी अधूरी तीर्थयात्रा पर जाने का फैसला किया। बसेसर राम सुधर गए। एक सुखद मोड़ पर, उन्होंने परिवार के मुखिया की भूमिका संभाली। भगवंती आज्ञाकारी पत्नी ही रहीं, लेकिन अब वह कम आहें भरती थीं और ज्यादा बोलती थीं। मंझली न तो नायिका बन पाईं और न ही गायिका, लेकिन उन्हें इंस्पेक्टर सामदार से प्यार हो गया। बड़की को दमदार आवाज वाले डॉ. अश्विनी के साथ सितारों के नीचे अपना पल मिला। लालू अपने नाम के अनुरूप ही रहे, लेकिन उन्होंने नौकरी का सपना छोड़ दिया। उनकी गरिमापूर्ण और सुशिक्षित पत्नी उषा रानी उनके साथ खड़ी रहीं। नन्हें 'गावस्कर' तो नहीं बन पाए, लेकिन कामिया के साथ, उन्होंने वास्तविक दुनिया में अपनी जगह बनाई। छुटकी डॉक्टर बनने के लिए घर से निकल गई।

जिंदगी का सफर

सिनेमा की एवरग्रीन ब्यूटी रेखा

भारतीय सिनेमा की 'एवरग्रीन ब्यूटी' कही जाने वाली अभिनेत्री रेखा का व्यक्तित्व और करियर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। 10 अक्टूबर 1954 को चेन्नई में जन्मी भानुरेखा गणेशन उर्फ रेखा ने अपनी मेहनत और समर्पण से वह मुकाम हासिल किया, जहां आज वे एक जीवंत किंवदंती (Legend) मानी जाती हैं।

रेखा का फिल्मी सफर चुनौतियों से भरा रहा। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में तेलुगु फिल्म 'रंगुला रत्नम' से की थी। 1970 में मात्र 16 साल की उम्र में 'सावन भादों' फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा। शुरुआती दिनों में उन्हें उनके रंग-रूप और हिंदी न बोल पाने के कारण काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन रेखा ने हार नहीं मानी। 70 के दशक के उत्तरार्ध में उन्होंने खुद में, जो क्रांतिकारी बदलाव किया, उसने पूरी इंडस्ट्री को हैरान कर दिया। फिल्म 'दो अनजाने' (1976) उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। उन्होंने अपने करियर में सिलसिला, मिस्टर नटवरलाल, मुकद्दर का सिकंदर और कई ब्लॉकबस्टर हिट फिल्मों में अपने आइकॉनिक परफॉर्मेंस से लोगों के दिल जीत लिए।

रेखा की अभिनय क्षमता का लोहा दुनिया ने तब माना जब 1981 में फिल्म 'उमराव जान' आई। इस फिल्म में एक तवायफ के किरदार को उन्होंने अपनी आंखों की नजाकत और बेहतरीन संवाद अदायगी से अमर कर दिया, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा 'खूबसूरत', 'खून भरी मांग' और 'उत्सव' जैसी फिल्मों ने यह साबित कर दिया कि वे हर तरह की भूमिका निभाने में सक्षम हैं।

रेखा ने लगभग 180 से अधिक फिल्मों में काम किया, जिनमें रेखा के अलग-अलग रूप दिखाई पड़े। रेखा केवल अपने अभिनय ही नहीं, बल्कि अपनी रहस्यमयी जीवनशैली और अद्वितीय फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। आज भी जब वे कांजीवरम साड़ियों, भारी आभूषणों और डार्क रेड लिपस्टिक में रेड कार्पेट पर उतरती हैं, तो नई पीढ़ी की अभिनेत्रियां भी उनके सामने फीकी नजर आती हैं। उनकी फिटनेस और सौंदर्य आज भी 71 वर्ष की आयु (2026 तक) में चर्चा का विषय बना रहता है। उनका निजी जीवन हमेशा विवादों और चर्चाओं के घेरे में रहा, लेकिन उन्होंने अपनी गरिमा कभी कम नहीं होने दी। रेखा को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2010 में पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया है। वे राज्यसभा की सदस्य भी रह चुकी हैं। रेखा केवल एक अभिनेत्री नहीं, बल्कि नारी शक्ति और आत्म-सुधार की एक प्रेरणादायक मिसाल हैं। उन्होंने दिखाया कि कैसे एक साधारण लड़की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से खुद को बदलकर 'बॉलीवुड की दिवा' बन सकती है।

भारत का वाहन निर्यात 24% बढ़ा

नई दिल्ली। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के अनुसार विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24% बढ़ा। पिछले साल भारत से कुल निर्यात 24 .1% बढ़कर 63,25,211 इकाई हो गया, जबकि 2024 में यह 50,98,474 इकाई था। यात्री वाहनों का निर्यात 16% बढ़कर 8,63,233 इकाई रहा, जो 2024 में 7,43,979 इकाई था। उपयोगिता वाहनों का निर्यात 32% बढ़कर 4,27,219 इकाई रहा। यात्री कारों का निर्यात 3% बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार, 19 जनवरी 2026

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

एमवे इंडिया का घाटा बढ़कर 74.25 करोड़

नई दिल्ली। प्रमुख प्रत्यक्ष बिक्री कंपनी एमवे इंडिया के अनुसार 2024-25 में उसका कुल घाटा बढ़कर 74 .25 करोड़ रुपये हो गया और परिचालन राजस्व 10 .56% घटकर 1,148 .16 करोड़ रहा। कारोबार संबंधी खूफिया जानकारी देने वाले मंच टोफलर से मिले वित्तीय आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय (जिसमें अन्य आय भी) 9 .2% घटकर 1,174 .85 करोड़ रुपये रही। पिछले वित्त वर्ष में एमवे ने 53 .38 करोड़ का कुल घाटा दर्ज किया था और परिचालन राजस्व 1,283 .75 करोड़ रुपये था। भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग दो वर्षों से सुस्त वृद्धि दर का सामना कर रहा है।

एडलवाइस का घाटे से उबरने का लक्ष्य

नई दिल्ली। एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस को 2-3 वर्षों में दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एमडी और सीईओ सुमित राय ने कहा कि कंपनी 2026-27 तक घाटे से उबर जाएगी। शुरुआती साल, विशेष रूप से 2011 और 2016 के बीच समग्र जीवन बीमा उद्योग के लिए धीमी वृद्धि का दौर था। हमारी वृद्धि में वास्तविक उछाल 2017-2018 के बाद आया। राय ने कहा कि शुरुआत में बीमाकर्ता मुख्य रूप से एक ही चैनल वाली कंपनी थी। राय ने कहा कि यह संतुलन कंपनी के उत्पाद मिश्रण में भी दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि 2025-26 में कंपनी 650 करोड़ का नया व्यवसाय और कुल 2,400 करोड़ की प्रीमियम आय प्राप्त करने का लक्ष्य रख रही है।

डांगोटे रिफाइनरी का विस्तार करेगी ईआईएल

नई दिल्ली। इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने नाइजीरिया में डांगोटे रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परिसर के विस्तार के लिए 35 करोड़ डॉलर का अनुबंध किया है। ईआईएल परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) और ईपीसीएम सलाहकार के रूप में काम करेगी। इससे दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा परियोजनाओं में से एक में कंपनी की भूमिका और मजबूत हुई है। ईआईएल उस समय डांगोटे ग्रुप के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) सलाहकार थी, जब उसने पहली बार तेल रिफाइनरी बनाई थी। कंपनी ने कहा कि अब विस्तार कार्य के लिए कंपनी को फिर से नियुक्त किया गया है।

वैश्विक दिग्गजों के सामने दमदार उपस्थिति के लिए तैयार भारत

डब्ल्यूईएफ : पांच दिवसीय कार्यक्रम में संवाद की भावना पर होगी चर्चा

- सरकार, व्यापार, शिक्षा, बहुपक्षीय निकायों, नागरिक समाज और श्रम संघों के 3,000 से अधिक नेता होंगे शामिल
- भारत से एनएसए, चार केंद्रीय मंत्री, छह मुख्यमंत्री और 100 से अधिक शीर्ष सीईओ कार्यक्रम में लेंगे भाग

दावोस, एजेंसी

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारत दमदार प्रतिनिधित्व को तैयार है। सोमवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर के दिग्गज चुनौतीपूर्ण दुनिया में संवाद की भावना विषय पर चर्चा करेंगे। सरकार, व्यापार, शिक्षा, बहुपक्षीय निकायों, नागरिक समाज और श्रम संघों के 3,000 से अधिक वैश्विक नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सबसे बड़े आकर्षण होंगे। ट्रंप अपने मंत्रिमंडल के पांच सदस्यों के साथ आ रहे हैं।

भारत से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा चार केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू के साथ ही छह मुख्यमंत्रियों और 100 से अधिक शीर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के शामिल होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन हैं।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भी रहने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रियों में नायडू तेदेपा से हैं, जबकि अन्य चार भाजपा से हैं। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष रमेशभाई संघवी (भाजपा) और उत्तर प्रदेश का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दुनिया भर के अमीर और शक्तिशाली लोगों के इस वार्षिक जमावड़े के लिए दावोस की यात्रा करेंगे।

भारतीय नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान कई समूह चर्चाओं में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें क्या भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है विषय पर चर्चा भी शामिल है। इसके अलावा वे द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन इरानी भी अलायंस फॉर ग्लोबल गुडः जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी की संस्थापक और चेयरपर्सन के रूप में वहां मौजूद रहेंगी, जिसकी स्थापना कुछ साल पहले दावोस में ही हुई थी। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन, बजाज समूह के संजीव बजाज, जुबिलेंट भरतिया समूह के हरि एस भरतिया और टीवीएस मोटर के सुदर्शन वेणु भी होंगे।

बैठक में एक्सिस बैंक के अमिताभ चौधरी, गोदरेज इंडस्ट्रीज के नादिर गोदरेज, जेएसडब्ल्यू समूह के सज्जन जिंदल, जेरोधा के निखिल कामथ, भारती समूह के सुनील भारती मित्तल, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी और सीईओ सलिल एस पारेख, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, एस्सार के सीईओ प्रशांत रुइया, पेटीएम के विजय शेखर शर्मा और रिन्यू के सीईओ सुमंत सिन्हा भी शामिल होंगे। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के साथ ही कई सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुख भी होंगे।

टीम इंडिया का संदेश- साझेदारी करें और भविष्य से जुड़ें

दावोस। स्विट्जरलैंड के दावोस में जिस जगह कभी प्रतिष्ठित पियानो बार था, वहां से अब टीम इंडिया का स्पष्ट संदेश इस बर्फीले रिसॉर्ट शहर की गलियों में गूंज रहा है कि भारत के साथ साझेदारी करें और भविष्य से जुड़ें। दावोस के मुख्य मार्ग पर स्थित इंडिया पवेलियन के इस मूल संदेश को वहां मौजूद विभिन्न राज्यों के पवेलियन और उद्योग जगत के भागीदार भी दोहरा रहे हैं। शीर्ष उद्योग मंडल सीआईआई ने कुछ ऐसा ही संदेश दिया है। भारत की कई दिग्गज आईटी कंपनियों ने भी अपने पवेलियन और लाउंज सजाए हैं, जिनका साझा विषय कृत्रिम मेधा (एआई) रखा गया है। इन कंपनियों द्वारा लगाए चाय और कॉफी स्टाल के अलावा, यहां एक विशेष एआई लाउंज भी बनाया गया है। प्रोमेनेड मार्ग के दोनों तरफ विप्रो और टीसीएस के लाउंज एक-दूसरे के सामने हैं, जबकि इन्फोसिस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा भी उनसे ज्यादा दूर नहीं हैं। विप्रो जहां एआई और उससे आगे की बात कर रही है, वहीं टीसीएस का कहना है कि वह अपनी हर सेवा में एआई को शामिल कर रही है। इसमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर प्रदेश, केरल और तेलंगाना सहित विभिन्न राज्य सरकारों के भी पवेलियन लगे हैं। अश्विनी वैष्णव, प्रह्लाद जोशी और के. राममोहन नायडू समेत कई केंद्रीय मंत्रियों के इसमें शामिल होने और द्विपक्षीय बैठकें करने की उम्मीद है।

वैश्विक दिग्गजों की प्रतीक्षा में दावोस की किलेबंदी

डब्ल्यूईएफ की बैठक के लिए दुनिया भर के दिग्गज जुटने लगे हैं। 5,000 सशस्त्र बल के जवान, स्नाइपर, एआई संचालित ड्रोन और विशेष उपकरण शहर की सुरक्षा में तैनात हैं। अति विशिष्ट लोगों को देखते हुए सभी द्वारों और अचानक जांच आम है। इसमें दुनिया भर के 400 से अधिक राजनेता भाग ले रहे हैं, जिनमें 64 राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष हैं। एक हजार से अधिक सीईओ, नागरिक समाज के सदस्य, श्रम प्रतिनिधि, धार्मिक संगठन, सांस्कृतिक दिग्गज, सामाजिक उद्यमी, शिक्षाविद, विशेषज्ञ और थिंक टैंक भी रहेंगे। प्रमुख नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग, स्विस राष्ट्रपति गाइ पारमेलिन, पाकिस्तान के शहबाज शरीफ, फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण के प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा, इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूटीओ, विश्व बैंक, आईएमएफ, नाटो, डब्ल्यूएचओ, यूएनडीपी, ओईसीडी, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त और खाड़ी सहयोग परिषद के प्रमुख शामिल हैं।

नेविल को एसआरटीटी का ट्रस्टी बनाने वाली बोर्ड की बैठक रद्द

नई दिल्ली। सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) की प्रस्तावित बोर्ड बैठक कोरम (गणपूर्ति) की कमी से शनिवार को रद्द कर दी गई। बैठक में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा के बेटे नेविल टाटा को ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया जाना था। नेविल को आरएसटीटी के बोर्ड में शामिल करने की कोशिश दो महीने पहले भी असफल हो चुकी है।

- बैठक में सभी ट्रस्टी नहीं हुए शामिल जो नए ट्रस्टी की नियुक्ति के लिए अनिवार्य

180 अरब डॉलर के टाटा समूह की प्रवर्तक होल्डिंग कंपनी टाटा संस में एसआरटीटी की 23.6% हिस्सेदारी है। इस घटनाक्रम की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले ने कहा कि सभी ट्रस्टी बैठक में शामिल नहीं हो सके, जो नए ट्रस्टी की नियुक्ति के लिए एक अनिवार्य शर्त है। अगले कुछ दिनों में बैठक फिर से होगी। हालांकि, अन्य लोगों का कहना है कि ट्रस्टियों के बीच नियुक्ति पर आम सहमति बनाने के लिए संभव है कि बैठक को आगे बढ़ाया गया हो। इस संबंध में टाटा ट्रस्ट्स को भेजे सवालों का कोई जवाब नहीं मिला है। एसआरटीटी के ट्रस्टी नोएल टाटा, वेणु श्रीनिवासन, विजय सिंह, जिमी एन टाटा, जहांगीर एचसी जहांगीर और डेरियस खंबाटा हैं। पिछले साल नवंबर में नेविल और भास्कर भट को सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) में नियुक्त किया गया था, जिसकी टाटा संस में 28% हिस्सेदारी है। हालांकि, उन्हें एसआरटीटी में नियुक्त नहीं किया जा सका। टाटा से जुड़े अन्य ट्रस्टों की टाटा संस में 13.8% हिस्सेदारी है। स्पष्ट रूप से यह नियुक्ति वेणु श्रीनिवासन द्वारा उठाए विरोध से रुकी थी।

निर्यात बढ़ाने को विदेश में स्थित भारतीय मिशनों के लिए दिशानिर्देश जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विविधीकरण से निर्यात बढ़ाने के प्रयास तेज

सरकार ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विविधीकरण के जरिए निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत विदेश में स्थित भारतीय मिशनों के लिए विशिष्ट दिशानिर्देश तैयार किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि विदेश में भारतीय वाणिज्यिक मिशनों के लिए व्यापार प्रोत्साहन संबंधी इन दिशानिर्देशों में गैर-शुल्क बाधाओं का प्रबंधन, बाजार सहभागिता गतिविधियां, योजना एवं संसाधन प्रबंधन, व्यापार सूचना और बाजार अनुसंधान शामिल हैं। ये दिशानिर्देश इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि व्यापार के क्षेत्र में मेजबान देश के हितधारकों के लिए वाणिज्यिक प्रतिनिधि ही संपर्क के पहले बिंदु होते हैं। अधिकारी ने कहा कि वाणिज्यिक प्रतिनिधियों को जारी मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाने के लिए व्यापार प्रोत्साहन गतिविधियों को उसी अनुरूप ढालना होगा, ताकि इन समझौतों का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। वाणिज्यिक प्रतिनिधियों को भारतीय उत्पादों की मांग का आकलन करने के लिए बाजार सर्वेक्षण करने का सुझाव भी दिया गया है। सरकार का यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

वुड मैकेंजी की वैश्विक शीर्ष 10 में अडाणी सोलर

नई दिल्ली। वुड मैकेंजी की 2025 की पहली छमाही की वैश्विक सौर मॉड्यूल विनिर्माण सूची में अडाणी सोलर शामिल है।

अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) की सौर फोटोवोल्टिक विनिर्माण इकाई अडाणी सोलर को वैश्विक ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन परामर्शदाता ने श्रेणी ए वर्गीकरण दिया गया है। वुड मैकेंजी की सूची में कंपनी को 8वां स्थान मिला। वुड मैकेंजी ने 2025 की पहली छमाही के लिए ताजा रिपोर्ट जारी की है, जो सौर पैनल कंपनियों का मूल्यांकन करती है। जेए सोलर और ट्रिनासोलर ने क्रमशः 91.7 और 91.6 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अडाणी सोलर ने 81 अंक हासिल किए। वुड मैकेंजी विनिर्माताओं का 10 मानदंडों पर मूल्यांकन करता है।

पूंजी बाजार कराधान को आसान बनाए सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आम बजट से पहले बाजार प्रतिभागियों ने की इक्विटी कर में राहत की मांग

बाजार प्रतिभागियों ने 2026-27 के आम बजट से पहले सरकार से पूंजी बाजार कराधान को आसान बनाने का आग्रह किया है, जिसमें दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर उच्च छूट सीमा की मांग शामिल है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को लेनदेन करों में और वृद्धि करने से बचना चाहिए। आम बजट 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाएगा।

बाजार के हितधारकों ने खुदरा और दीर्घकालिक निवेशकों को अधिक राहत देने के लिए इक्विटी निवेश से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर मुक्त छूट सीमा को बढ़ाने की मांग की है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि सरकार को इक्विटी एलटीसीजी के लिए कर-मुक्त छूट सीमा को 1.25 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख करना चाहिए। कंपनी ने जटिलता को कम करने और कर स्पष्टता में सुधार के लिए इक्विटी, डेट, सोना और रियल एस्टेट सहित सभी परिसंपत्ति वर्गों में दीर्घकालिक की परिभाषा को 12 महीने के रूप में मानकीकृत करने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त, इसने पूंजीगत हानि को अन्य मदों के तहत होने वाली आय के साथ समायोजित करने की अनुमति देने की मांग भी की है।

राष्ट्रीय

बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए बनेगी एसओपी

केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक को निर्देश दिए जाने का याचिका में किया गया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने रजिस्ट्री को सीजेआई से निर्देश लेने और उचित पीठ के समक्ष रखने का दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि साइबर अपराध की जांच के दौरान बैंक खातों को फ्रीज और डी-फ्रीज करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के लिए केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के समक्ष रखा जाए। खातों को फ्रीज करने का आशय उनसे जुड़े लेन-देने पर रोक लगाने से है।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और एसवीएन भट्टी की पीठ ने उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री को सीजेआई से निर्देश लेने और मामले को तदनुसार उचित पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया। इससे पहले केंद्र ने रजिस्ट्री को सूचित किया था कि सीजेआई की पीठ पहले से ही डिजिटल गिरफ्तारी से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें यही मुद्दा विचाराधीन है। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी के आदेश में कहा कि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने बताया कि अर्जी बी और सी के संबंध में, वे इस न्यायालय की एक अन्य पीठ के समक्ष स्वतः संज्ञान लेते हुए दायर रिट याचिका (आपराधिक) में विचाराधीन हैं। उपरोक्त के मद्देनजर, रजिस्ट्री सीजेआई से उचित आदेश प्राप्त करे और मामले को तदनुसार सूचीबद्ध करे। शीर्ष अदालत ने पहले याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई थी जिसमें अर्जी बी में कहा गया कि लिखित तर्कसंगत आदेश और खाताधारक को ऐसी कार्रवाई की सूचना दिए बिना 24 घंटे में किसी भी बैंक खाते को फ्रीज नहीं किया जाएगा और बैंक खाता फ्रीज करने के प्रत्येक आदेश की सूचना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 106(3)/दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 102(3) के तहत अनिवार्य रूप से उसे क्षेत्र के मजिस्ट्रेट को तुरंत दी जाएगी।

अजी सी में केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक को साइबर अपराध जांच के दौरान बैंक खातों को फ्रीज करने और डी-फ्रीज करने के संबंध में एक समान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि मनमानी कार्रवाई को रोका जा सके और देश भर में प्रक्रियात्मक निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके।

कर्नल सोफिया पर टिप्पणी : मप्र के मंत्री विजय शाह की याचिका पर आज सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की उस याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें उन्होंने भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप में खुद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ द्वारा मंत्री की याचिका पर सुनवाई की संभावना है। मंत्री ने अपनी टिप्पणियों पर खेद व्यक्त किया है। उच्चतम न्यायालय ने 28 जुलाई 2025 को कर्नल कुरैशी के खिलाफ अपनी टिप्पणियों पर सार्वजनिक रूप से माफी न मांगने के लिए शाह को फटकार लगाई थी और कहा था कि वह अदालत के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। शाह के अधिवक्ता के. परमेश्वर ने तर्क दिया था कि मंत्री ने सार्वजनिक रूप से माफीनामा जारी किया है, जिसे ऑनलाइन साझा किया गया था और इसे अदालत के रिकॉर्ड में रखा जाएगा। शीर्ष अदालत ने तब कहा था कि ऑनलाइन माफी क्या होती है? हमें उनकी मंशा और ईमानदारी पर संदेह है। आप माफी को रिकॉर्ड पर रखें। हमें इसे देखना होगा। उसने मंत्री के बयानों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को 13 अगस्त 2025 तक रिपोर्ट देने को कहा था। एसआईटी का एक अधिकारी रिपोर्ट लेकर अदालत में पेश हुआ। पीठ ने कहा था कि शाह के बयानों के बजाय उन लोगों के बयान दर्ज किए जाने चाहिए थे जिनकी भावनाएं आहत हुई थीं।

गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा व डिलीवरी इन टेन मिनट को घोषित करें अपराध

जयपुर, एजेंसी

- देश में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक ढाई करोड़ पहुंचने की संभावना
- अर्थशास्त्रियों ने एप से होने वाली डिलीवरी पर उपकर का दिया सुझाव

देश में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक ढाई करोड़ तक पहुंचने की संभावना के बीच अर्थशास्त्रियों ने उन्हें सामाजिक सुरक्षा देने और डिलीवरी इन टेन मिनट के चलन को अपराध घोषित करने की मांग रखी। 19वें जयपुर साहित्योत्सव में द गिग इकॉनामी सत्र में प्रख्यात अर्थशास्त्री, वरिष्ठ नीति निर्माता और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य राकेश मोहन ने गिग वर्कर्स की समस्याओं का जिक्र करते हुए कि देश में 2021 में गिग वर्कर्स की संख्या 77 लाख थी जो 2025 में एक करोड़ 40 लाख हो चुकी है और 2030 तक इसके बढ़कर ढाई करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने डिलीवरी कंपनियों द्वारा डिलीवरी इन टेन मिनट की अवधारणा को अपराध घोषित करने के साथ ही गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा मुहैया देने के लिए एप से होने वाली सामान की डिलीवरी पर उपकर लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि उपकर से प्राप्त इस धनराशि पर पूरी तरह गिग वर्कर का अधिकार होगा और यह राशि राष्ट्रीय पेंशन जैसी किसी योजना के तहत खाते में जमा कराई जा सकती है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले दिनों कहा था कि डिलीवरी कंपनियों ने 10 मिनट में डिलीवरी का वादा खत्म कर दिया है।

सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) के मानद अध्यक्ष राकेश मोहन ने कहा कि यह आज देश का प्रमुख रोजगार सृजक क्षेत्र बनकर उभरा है और न केवल विकासशील देशों में बल्कि विकसित देशों में बड़ी संख्या में गिग वर्कर्स हैं। मोहन ने इन कामगारों को यूनियनों द्वारा सशक्त बनाने से पहले इन्हें संगठित करने पर कहा कि गिग वर्कर्स के लिए कामकाज के न तो घंटे तय हैं, न शिकायत निवारण तंत्र है और असुरक्षित माहौल के बावजूद इनके लिए दुर्घटना बीमा या सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था न होना चिंताजनक है। शहरी अर्थव्यवस्था और विकास पर तीन किताबें लिख चुके मोहन ने कहा कि इन गिग वर्कर्स के पास सेवा से इन्कार करने की स्वतंत्रता भी छीन ली गई है। ओटीपी प्लीज नामक पुस्तक की लेखिका वंदना वासुदेवन ने कहा कि शिकायत निवारण तंत्र न होने से गिग के साथ उपभोक्ता को भी बड़ी परेशानियां हो रही हैं।

परिवार की मदद का बहाना कर संभावित आत्मघाती हमलावर साजिश से पीछे हटा

नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी

लाल किला विस्फोट

- मास्टरमाइंड डॉ. उमर-उन-नबी दूसरे आत्मघाती हमलावर की भर्ती की कर रहा था कोशिश
- श्रीनगर पुलिस और एनआईए ने नबी के संचालित समानांतर आतंकी मॉड्यूल का किया पर्दाफाश

लाल किले के पास हुए कार बम धमाके के बाद पकड़े गए सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल की जांच में सामने आया है कि साजिश का मास्टरमाइंड डॉ. उमर-उन-नबी एक दूसरे आत्मघाती हमलावर की भर्ती करने की कोशिश कर रहा था। हालांकि वह इसमें सफल नहीं हो सका, क्योंकि संबंधित व्यक्ति ने सेब की पैदावार के मौसम में अपने परिवार की मदद की जरूरत का हवाला देते हुए इस आतंकी साजिश से पीछे हटने का फैसला कर लिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

श्रीनगर पुलिस और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने नबी द्वारा संचालित समानांतर आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। नबी वही व्यक्ति था जो 10 नवंबर को लाल किले के पास विस्फोटकों से लदी गाड़ी चला रहा था। इसमें 12 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। गिरफ्तार संदिग्धों से पूछताछ के दौरान डॉक्टर से आतंकी बने व्यक्ति द्वारा अपनाई भर्ती की रणनीतियों का खुलासा हुआ है। इन्हीं जानकारियों के आधार पर एनआईए ने शोपियां निवासी यासिर अहमद डार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि नबी ने डार को एक संभावित आत्मघाती हमलावर के रूप में सफलतापूर्वक कट्टरपंथी बना दिया था, लेकिन पिछले साल अगस्त में हुई एक मुलाकात के दौरान उसने आखिरी समय में इस साजिश से पीछे हटने का फैसला किया। उसने इसके लिए "सेब की पैदावार का मौसम" और घर में मरम्मत का काम होने को कारण बताया। अधिकारियों के अनुसार, डार 2023 से नबी के संपर्क में था। उसने स्वीकारा कि नबी का डॉक्टर होना उसके प्रभाव में आने का कारण बना।

ईडी ने ऑनलाइन सट्टा एप मामले में दाखिल किया आरोप पत्र

पाकिस्तानी कर रहा था संचालन

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइट के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है, जिसके पाकिस्तानी निदेशक संयुक्त अरब अमीरात में रहते हैं। संघीय एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। मैजिकविन मामले में कुल 14 व्यक्तियों और कंपनियों को आरोपी बनाया गया है। भारत ने 2025 में वास्तविक धन वाले ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने इसे एक वित्तीय और सामाजिक खतरा बताते हुए कहा कि इसमें उपयोगकर्ताओं, विशेष रूप से युवाओं की मेहनत से कमाए गए धन बर्बाद हो जाते हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि अभियोजन शिकायत (जो आरोप पत्र के समकक्ष है) 15 जनवरी को गुजरात के अहमदाबाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में दाखिल की गई। ईडी के मुताबिक धनशोधन का यह मामला अहमदाबाद साइबर अपराध पुलिस द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें पोर्टल पर आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के मैच की अनधिकृत मेजबानी, स्ट्रीमिंग और प्रसारण के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

जब तक धर्म मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा

मुंबई, एजेंसी

- आरएसएस प्रमुख भागवत बोले- भारत को अपने पूर्वजों से समृद्ध आध्यात्मिक धरोहर विरासत में मिली

राष्ट्रवादी स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया के दूसरे हिस्सों में नहीं पाया जाता।

भागवत ने एक कार्यक्रम में कहा कि धर्म ही पूरे ब्रह्मांड को चलाता है और सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों से समृद्ध आध्यात्मिक धरोहर विरासत में मिली है और साधु-संतों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। दुनिया के पास इस तरह का ज्ञान नहीं है क्योंकि उसमें आध्यात्मिकता की कमी है। यह हमारे पूर्वजों की विरासत है, जो हमें मिली है। भागवत ने कहा कि चाहे वह नरेन्द्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और, हम सभी को एक ही शक्ति चला रही है। यदि वाहन उस शक्ति से चले, तो कभी कोई दुर्घटना नहीं होगी। वह चालक धर्म है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि की उत्पत्ति हुई, तो वह नियम जो उसकी कार्यप्रणाली को नियंत्रित करते थे, वही धर्म बने। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है।

भागवत ने कहा कि धर्म केवल धार्मिकता तक सीमित नहीं है और प्रकृति में हर किसी का अपना नैतिक कर्तव्य व अनुशासन होता है। राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, लेकिन कोई भी मानव या कोई भी सृष्टि धर्म रहित नहीं हो सकती। पानी का धर्म है बहना, आग का धर्म है जलाना। पुत्र का कर्तव्य है, शासक का कर्तव्य है और आचार-व्यवहार के नियम होते हैं। हमारे पूर्वजों ने इन नियमों को आध्यात्मिक शोध और महान प्रयासों के माध्यम से समझा।

भेदभाव खत्म करने को जाति मिटाने की जरूरत

छत्रपति संभाजीनगर। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अगर जातिगत भेदभाव को खत्म करना है तो सबसे पहले मन से मिटाना होगा। भागवत ने जन संगोष्ठी में कहा कि पहले जाति का संबंध पेशे और काम से था, लेकिन बाद में इसने समाज में पैठ बना ली और भेदभाव का कारण बनी। यह संगोष्ठी आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर हुई थी, जिसमें उन्होंने जनता से संवाद किया। भागवत ने जातिवाद पर बात करते हुए लोगों से अपील की कि वे इसे मन से निकाल दें। उन्होंने कहा कि इस भेदभाव को खत्म करने के लिए, जाति को मन से मिटाना होगा। यदि इसे ईमानदारी से किया जाता है, तो 10 से 12 वर्षों में जातिवाद समाप्त हो जाएगा। भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत को इसका सर्वोत्तम गौरव दिलाना है, साथ ही समाज को भी साथ में लेकर चलना है। संघ व्यक्ति के चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है और यह कोई प्रतिक्रिया के रूप में स्थापित संस्था नहीं है, न ही यह किसी से प्रतिस्पर्धा करता है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत और पूरे समाज को उसके सर्वोत्तम गौरव तक ले जाना है।

अवैध निर्माण को लेकर 2024 में चिह्नित किया गया था नाइट क्लब

पणजी, एजेंसी

गोवा सरकार ने विधानसभा में कहा है कि राजस्व अधिकारियों ने 2024 में नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन को अवैध निर्माण के सिलसिले में चिह्नित किया था। उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित इस नाइट क्लब में पिछले महीने आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई लोग झुलस गए थे।

राज्य के राजस्व मंत्री अतानासियो मॉनसेराटे ने शुक्रवार को सदन में लिखित उत्तर में ऐसे दस्तावेज पेश किए, जिनसे पता चलता है कि साल्ट पैन के भीतर स्थित पारंपरिक 'स्लूइस गेट (बांध)' को ध्वस्त कर तथा भूमि को अवैध रूप से

- आग लगने की घटना पर गोवा सरकार ने दी विस में जानकारी

परिवर्तित करके क्लब का निर्माण किया गया था।

संपत्ति के मूल मालिक प्रदीप घड़ी अमोनकर और सुनील दिवकर ने 21 दिसंबर 2023 को बारदेज तालुका के मामलतदार (राजस्व अधिकारी) के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। यह शिकायत तत्कालीन 'मैजोन लेक व्यू रिजॉर्ट' (जिसे बाद में सौरभ और गौरव लूथरा भाइयों को पट्टे पर दिए जाने के बाद बिर्च बाय रोमियो लेन के नाम से जाना जाने लगा) के खिलाफ दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ताओं ने रिसॉर्ट के मालिक सुरिंदर खोसला के साथ बिक्री के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उनकी शिकायत में विशेष रूप से उल्लेख किया गया था कि भूमि रूपांतरण और जोन परिवर्तन किए बिना निर्माण किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि किराए पर ली गई भूमि पर निर्माण किया गया और पारंपरिक स्लूइस गेट को ध्वस्त कर दिया गया। यह भी बताया गया कि प्रतिष्ठान से बागा नदी में कचरा बहाया जा रहा था।

ठंड में सड़कों पर अदृश्य हत्यारा

कोहरे की सफेदी

सर्दियों की दस्तक के साथ ही उत्तर भारत सहित दुनिया के कई हिस्से एक सफेद चादर में लिपट जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से कोहरा केवल ज़मीन के करीब तैरते पानी के सूक्ष्म कणों या बादलों का एक रूप है, लेकिन सड़कों पर यह एक अदृश्य हत्यारा बन जाता है। आए दिन हादसों में लोगों की मौतें होती हैं। जब तापमान गिरता है और हवा में नमी का स्तर बढ़ जाता है तो जलवाष्प संघनित होकर छोटी बूंदों में बदल जाती है, जिससे दृश्यता शून्य तक गिर सकती है। कोहरा केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं है, यह परिवहन तंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती है। हर साल ठंड के महीनों में घने कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं, रेलगाड़ियों की देरी और हवाई उड़ानों के रद्द होने की खबरें आम हो जाती हैं। बढ़ते प्रदूषण ने इसे स्मॉग में बदल दिया है। स्मॉग, जो धुएं और कोहरे का मिश्रण है, न केवल दृश्यता कम करता है बल्कि फेफड़ों के लिए भी घातक होता है।

प्रमुख हादसे

- यमुना एक्सप्रेसवे (भारत) : 2023 और 2024 की सर्दियों में कई बार 20-30 वाहनों की आपस में भिड़ंत हुई, जिसमें दर्जनों लोग हताहत हुए।
- ह्यूस्टन, अमेरिका (2012) : घने कोहरे के कारण थैंक्सगिविंग डे पर 140 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए थे।
- चीन (2022) : झेंग्झौ में पीले नदी पुल पर कोहरे के कारण 200 से अधिक वाहन टकराए, जो हाल के वर्षों की सबसे बड़ी शृंखला दुर्घटना थी।
- बटिंडा, पंजाब (2026) : दृश्यता कम होने से 5 पर्यटकों की मौत हो गई। मानसा रोड पर दो बसों-अन्य वाहनों की टक्कर में कई घायल हुए।
- असम, गोलाघाट (2024) : कम दृश्यता के कारण एक पिकअप और ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।

बचाव के उपाय

- **गति कम रखें :** आपकी गति इतनी होनी चाहिए कि दृश्यता के भीतर वाहन रोक सकें।
- **लो-बीम हेडलाइट्स का प्रयोग :** कभी भी हाई-बीम का प्रयोग न करें, वह कोहरे से परावर्तित होकर आंखों को चुंधिया सकती है।
- **वाइपर-डिफॉगर :** शीशे से नमी को हटाने को वाइपर और हीटर/डिफॉगर चालू रखें।
- **दूरी बनाए रखें :** आगे चल रहे वाहन से सामान्य से दोगुनी दूरी रखें।

यातायात नियम

- **ओवरटेकिंग पर पाबंदी :** घने कोहरे में ओवरटेक करना कानूनी अपराध है।
- **इंडिकेटर :** मुड़ने से काफी पहले इंडिकेटर दें। पार्किंग के लिए हजार्ड लाइट्स का उपयोग तभी करें जब गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी हो।
- **नो-स्टॉपिंग जोन :** एक्सप्रेसवे पर बीच सड़क या किनारे पर बिना कारण गाड़ी खड़ी करना प्रतिबंधित है।

सरकारी प्रबंध

- स्मार्ट साइनेज : एक्सप्रेसवे पर डिजिटल बोर्ड लगाए गए हैं जो रियल-टाइम दृश्यता की जानकारी देते हैं।
- एंटी-फॉग लाइट्स : प्रमुख जंक्शंस और ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष (एम्बर) रंग की लाइटें लगाई जा रही हैं।
- कैट्स आइज (रोड स्टड्स) : सड़कों पर रिफ्लेक्टिव स्टड लगाए जाते हैं जो रात और कोहरे में चमकते हैं।
- रेलवे में फॉग सेफ्टी डिवाइस : भारतीय रेलवे लोको-पायलटों को जीपीएस आधारित डिवाइस देती है, जो आने वाले सिग्नल की दूरी बताता है।

वर्ल्ड ब्रीफ

सर्बिया में हजारों छात्रों ने रैली निकाली

नोवी साद। सर्बिया में छात्रों ने देश के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक के कार्यकाल के खिलाफ अपने संघर्ष के एक नए चरण की घोषणा की और हजारों लोगों ने रैली निकाली। छात्रों ने पिछले एक साल में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए हैं, जिनसे देश में वुसिक की निरंकुश सरकार हिल गई है। नोवी साद में प्रदर्शनकारियों ने चोर के नारे लगाते हुए सरकार पर व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। उनका मानना है कि भ्रष्टाचार के कारण ही उत्तरी शहर में नवंबर 2024 में रेलवे स्टेशन हादसा हुआ जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई और बदलाव के लिए देशव्यापी आंदोलन शुरू हुआ।

फोर्ड के 3 लाख वाहनों को वापस मंगाया

ओटावा। कनाडा में परिवहन विभाग ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने के खतरे के कारण फोर्ड की 300,000 से ज़्यादा गाड़ियों को वापस मंगाने की घोषणा की है। कनाडा के परिवहन विभाग ने कहा कि अलग-अलग फोर्ड मॉडल की कुछ गाड़ियों में इंजन ब्लॉक हीटर से कूलेंट लीक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ऐसा होता है, तो प्लग लगाने पर ब्लॉक हीटर में शॉर्ट सर्किट हो सकता है। फोर्ड मालिकों को सलाह दी गई है कि वे प्रभावित गाड़ियों को डीलरशिप पर ले जाएं ताकि ब्लॉक हीटर को बदला जा सके।

रिश्वत देने में ताइवान में पत्रकार गिरफ्तार

ताइपे। ताइवान में एक पत्रकार को मुख्यभूमि चीन के लोगों को सैन्य जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सेना के अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोपों में शनिवार को हिरासत में लिया गया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब स्वशासित द्वीप ताइवान चीन की संभावित घुसपैठ के खिलाफ सख्ती बढ़ा रहा है। ताइवान के कियाओतौ जिला अभियोजक कार्यालय ने कहा कि एक जिला अदालत ने लिन उपनाम वाले टीवी रिपोर्टर और सेना के पांच वर्तमान व सेवानिवृत्त अधिकारियों की हिरासत का आदेश दिया है। बयान में पत्रकार की पहचान उजागर नहीं की गई।

पाकिस्तान के मॉल में आग से तीन की मौत

कराची। पाकिस्तान के कराची में शनिवार देर रात एक बहुमंजिला शॉपिंग मॉल में भीषण आग लग जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 12 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस और बचाव अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकलकर्मी और बचावकर्मी स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजे गुल प्लाजा पहुंचे।

ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर लगाई रोक

ग्रीनलैंड विवादः अमेरिका द्वारा शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद उठाया कदम

- संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर कोई भी समझौता संभव नहीं

ब्रुसेल्स, एजेंसी

ग्रीनलैंड मामले में अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी है। ईयू ने यह कदम डेनमार्क और संघ के कई देशों पर अमेरिका द्वारा आयात शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद उठाया है। ईयू के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ये आयात शुल्क संघ और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। साथ ही, उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता ऐसे सिद्धांत हैं जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

गौरतलब है कि जुलाई 2025 में प्रस्तावित समझौते को आयात शुल्क कम करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया था। हालांकि ग्रीनलैंड पर ट्रंप के रुख और आयात शुल्क लगाने की उनकी चेतावनी के बाद संघ ने इस प्रस्तावित समझौते के अनुमोदन को रोकने का आह्वान किया है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में धमकी दी है कि यदि ग्रीनलैंड को पूरी तरह से अमेरिका को नहीं बेच दिया जाता, तो एक फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो 1 जून से बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा।

ट्रंप ने ग्रीनलैंड के रणनीतिक स्थान और खनिज संसाधनों को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए चेतावनी दी कि एक फरवरी 2026 से, उपर्युक्त सभी देशों द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा।

ट्रंप के विरोध में ग्रीनलैंड, डेनमार्क में हुए प्रदर्शन

कोपेनहेगन। ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने के अमेरिकी प्रयासों और बयानों के विरोध में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के कई शहरों में विशाल विरोध प्रदर्शन हुए हैं। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के सिटी हॉल स्क्वायर पर शनिवार को भारी भीड़ जमा हुई, जिसने अमेरिकी दूतावास तक मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे। इस बीच ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में भी लोगों ने ग्रीनलैंडवासियों का है ग्रीनलैंड के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक निल्सन भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक इनुइट गीत गाए और कई लोग मेक अमेरिका गो अवे लिखी हुई टोपियां पहने नजर आए। ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य के भीतर एक स्वशासी क्षेत्र है, जिसकी रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क सरकार के नियंत्रण में है।

स्थिरता को छीनती है ट्रंप की टैरिफ घोषणा

यूरोपियन पीपल्स पार्टी के उपाध्यक्ष सिगफ्राइड मूरसन और अन्य यूरोपीय अधिकारियों ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह घोषणा उस स्थिरता को कमजोर करती है, जिसे सुनिश्चित करने के लिए यह व्यापार समझौता किया गया था। मूरसन ने कहा, पिछले साल अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच हुए व्यापार समझौते से स्थिरता ही एकमात्र लाभ होता। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई ईयू सदस्य देशों पर नए आयात लगाने की आज की घोषणा उस स्थिरता को छीन लेती है। यही कारण है कि उस व्यापार समझौते के अनुसमर्थन को स्थगित करना उचित है। मूरसन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमें पिछले जुलाई के ईयू-यूएस व्यापार समझौते को बहुत जल्द अनुमोदित करना था।

श्रीलंका जाने वाले पर्यटकों में सबसे ज्यादा भारतीय

कोलंबो। साल 2025 में कुल 23 लाख पर्यटकों ने श्रीलंका की यात्रा की, जिनमें सबसे अधिक संख्या भारतीयों की रही। पर्यटन प्राधिकरण के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण (एसएलटीडीए) द्वारा शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारत निर्विवाद रूप से अग्रणी स्रोत बाजार बना हुआ है, जहां से 531,511 पर्यटक आए। यहां आए भारतीयों की संख्या दूसरे स्थान पर रहे देश से आए पर्यटकों की संख्या के दोगुने से भी अधिक है।

यह पिछले वर्ष की तुलना में 1,14,000 से अधिक पर्यटकों की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।" बयान में कहा गया कि इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें कहा गया है कि दूसरे स्थान पर ब्रिटेन रहा जिसके 21,227 पर्यटकों ने श्रीलंका की यात्रा की। भारतीय यात्रियों के आगमन की औसत दर प्रति माह औसतन 23 प्रतिशत से अधिक रही और दिसंबर में सबसे अधिक 56,715 यात्री आए। फरवरी में सबसे कम 35,000 भारतीय यात्री आए। इसमें कहा गया कि दिसंबर में कुल 2,58,928 यात्री श्रीलंका आए जो इस वर्ष का सबसे अधिक आंकड़ा है।

दोष साबित होने से पहले जमानत प्राप्त करना हर नागरिक का अधिकार

जयपुर, एजेंसी

- पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ बोले-दोष सिद्धि तक कोई भी आरोपी निर्दोष

छात्र नेता उमर खालिद की जमानत नामंजूर किए जाने की पृष्ठभूमि में देश में उदारवादी मूल्यों के खतरे में पड़ने की चिंताओं के बीच देश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने रविवार को यहां कहा कि दोषसिद्धि से पहले जमानत प्राप्त करना एक नागरिक का अधिकार है। इसके साथ ही पूर्व सीजेआई ने उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित कॉलेजियम व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और न्यायपालिका में आम नागरिक के भरोसे की बहाली और मजबूती के लिए नागरिक संस्थाओं से भी विशिष्ट व्यक्तियों को शामिल किए जाने का सुझाव दिया।

यहां 19वें जयपुर साहित्य महोत्सव में आइडियाज ऑफ जस्टिस सत्र में वरिष्ठ पत्रकार वीर सांघवी द्वारा शुरूआत में ही उमर खालिद की जमानत का मुद्दा उठाए जाने पर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) चंद्रचूड़ ने कहा कि दोषसिद्धि से पूर्व जमानत अधिकार का मामला है। हमारा कानून एक प्रकल्पना पर आधारित है और वह प्रकल्पना यह है कि कोई भी आरोपी व्यक्ति, अपराध सिद्ध होने तक निर्दोष है। विभिन्न मामलों का उदाहरण देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अगर आरोपी के समाज में लौट कर फिर से अपराध को अंजाम देने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या जमानत का फायदा कानून के शिकंजे से भाग निकलने के लिए किए जाने की आशंका है, तो आरोपी को जमानत देने से इंकार किया जा सकता है।

यदि ये तीनों आधार नहीं हैं, तो जमानत देनी ही होगी। मुझे लगता है कि जहां राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है, वहां अदालत का कर्तव्य है कि वह मामले की गहराई से पड़ताल करे। अन्यथा लोग वर्षों तक जेलों में बंद रहते हैं।

बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यापारी की हत्या

ढाका, एजेंसी

- पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया

बांग्लादेश के गाजीपुर में केले को लेकर हुए विवाद के बाद एक हिंदू व्यवसायी को तीन लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। खबरों के मुताबिक आरोपी एक ही परिवार के सदस्य हैं। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि गाजीपुर जिले के कालीगंज इलाके में शनिवार को हुई घटना का संबंध बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हाल ही में हुई हिंसा की घटनाओं से है या नहीं।

द डेली स्टार की खबर के अनुसार, पीड़ित की पहचान लिटन चंद्र घोष (55) के तौर पर हुई है जो बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। कालीगंज पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी जाकिर हुसैन के अनुसार, एक परिवार के तीन सदस्यों स्वपन मियां (55), उसकी पत्नी माजेदा खातून (45) और उनके बेटे मासूम मियां (28) को हत्या में संलिप्त होने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मासूम केले के बागान का मालिक है और उसमें से केले का एक गुच्छा गायब हो गया था। तलाश के दौरान उसने केले लिटन के होटल में देखे और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। पुलिस ने बताया, आरोपी ने लिटन को घूंसे और लात मारे।

एआर रहमान ने कहा, मेरे इरादों को गलत समझा गया

नई दिल्ली। हिंदी फिल्म उद्योग के बारे में हालिया टिप्पणियों पर उठे विवाद के बीच ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो संदेश जारी कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि संगीत हमेशा से भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने, उसे सम्मान देने और उसका उत्सव मनाने का माध्यम रहा है। वीडियो में रहमान ने कहा कि भारत उनके लिए प्रेरणा, गुरु और घर है।

उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि कई बार इरादों को गलत समझ लिया जाता है, लेकिन मेरा उद्देश्य हमेशा संगीत के जरिए लोगों को सशक्त करना, सम्मान देना और सेवा करना रहा है। मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं रहा। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय होना उनके लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि यह उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बहुसांस्कृतिक आवाज़ों का उत्सव मनाने का अवसर देता है। रहमान ने अपने हालिया प्रोजेक्ट्स का भी उल्लेख किया, जिनमें प्रधानमंत्री के समक्ष वेव समिट में प्रस्तुत जाला पहल, युवा नागा संगीतकारों के साथ मिलकर स्ट्रिंग ऑर्केस्ट्रा का गठन आदि शामिल हैं।

सीरिया में अमेरिका ने अल कायदा नेता को मार गिराया

वाशिंगटन, एजेंसी

- शीर्ष आतंकवादी नेता था मारा गया हसन अल जासिम

अमेरिका द्वारा सीरिया में किए गए जवाबी हमलों के तीसरे दौर में अल-कायदा से जुड़े एक नेता की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, इस नेता का उस इस्लामिक स्टेट (आईएस) सदस्य से सीधा संबंध था जो पिछले महीने सीरिया में घात लगाकर किए गए हमले का जिम्मेदार था।

घात लगाकर किए गए इस हमले में अमेरिका के दो सैनिकों और एक दुभाषिए की मौत हो गई थी। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में किए गए हमले में बिलाल हसन अल-जासिम मारा गया। उसका दावा है कि वह एक शीर्ष आतंकवादी नेता था, जो हमलों की साजिश रचता था और 13 दिसंबर को हुए उस हमले से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था, जिसमें सार्जेंट एडगर ब्रायन टोरेस-टोवार, सार्जेंट विलियम नथानियल हॉवर्ड और अमेरिकी असैन्य दुभाषिया अयाद मंसूर सकात मारे गए थे। अमेरिकी कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा, तीन अमेरिकियों की मौत से जुड़े एक आतंकवादी के सफाए से यह स्पष्ट होता है कि हमारे बलों पर हमला करने वालों का पीछा करने के प्रति हमारा संकल्प अडिग है। अमेरिकियों पर हमले करने वालों का कहीं सुरक्षित ठिकाना नहीं है।

भुवनेश्वर में शराबी ने रोकी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन

भुवनेश्वर। रंगापानी-नागरकोइल अमृत भारत एक्सप्रेस को रविवार को उस समय कुछ देर के लिए रोका गया, जब यह ट्रेन स्थानीय स्टेशन में प्रवेश कर रही थी और नशे में धुत एक व्यक्ति पटरी पर बैठ गया। अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्मीसागर इलाके के निवासी पी. अप्पन्ना राव (38) लोको पायलट द्वारा बार-बार हॉर्न बजाए जाने के बावजूद ट्रैक से नहीं हटा। ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीआर) ने एक बयान में कहा कि लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और ट्रेन को पूरी तरह से रोक दिया। रेलवे सुरक्षा बल के जवान और ट्रेन के साथ चल रहे कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे तथा उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि वह शराब के नशे में पाया गया और उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जनवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 20 जनवरी 02.14 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शिशिर।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराषाढ़ा 11.52 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष आज विदेश से नौकरी के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे।

वृष आज आपकी वाणी में मिठास रहेगी। अध्यात्मिक विषयों में रुचि लेंगे। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रकल्पों को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

मिथुन आज भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। यात्रा के दौरान बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। शरीर में थकावट महसूस होगी। अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। धैर्यवान होकर सभी कार्य करें।

कर्क आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। अपनी कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार कर लेंगे। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा।

सिंह आज पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। उच्च अधिकारी आपको चुनौतियों वाला काम सौंप सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सुबह मन व्यथित हो सकता है, लेकिन शाम तक आप अत्यंत शांत मूड में आ जाएंगे।

कन्या आज दिन काफी अच्छा रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए दिन अच्छा है। दर्शन और साहित्य के प्रति आप अत्यंत आकर्षित रहेंगे।

तुला आज विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कानूनी मामलों में उलझने की आशंका है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिंतित रहेंगे। नई तकनीक को सीखने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन धन की कमी के कारण आपके काम रुक सकते हैं।

वृश्चिक आज नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए।

धनु आज आप लोगों की सहायता करने के लिए उधार दे सकते हैं। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिए।

मकर आज आपको नौकरी में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। जीवनसाथी आपकी निष्ठा से बहुत प्रभावित होगा। किसी मांगलिक समारोह की योजना बना सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहेगा।

कुंभ आज व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। बढ़ते खर्चों को नियंत्रित करने के लिए आप काम करेंगे। कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। अनुशासनहीनतापूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिए।

मीन आज आप अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है। इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं।

सुडोकू-36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8			7		4		1
3				6	5	7		
	7		4				8	
6			7		3			8
	1						9	
5			1		8			2
	9				4		7	
		3	2	8				4
8		4		1			3	

सुडोकू - 35 का हल

5	9	1	3	2	7	4	8	6
7	8	3	4	6	1	9	5	2
6	2	4	5	8	9	3	7	1
1	3	8	2	4	6	5	9	7
2	5	7	9	1	3	8	6	4
4	6	9	8	7	5	2	1	3
8	1	5	6	3	4	7	2	9
3	7	2	1	9	8	6	4	5
9	4	6	7	5	2	1	3	8

साइक्लिंग सभी उम्र के लोगों के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। यह कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी मदद करती है। हम सभी को एक साथ आना चाहिए और रेगुलर साइक्लिंग करनी चाहिए।

डॉ. मनसुख मांडविया, खेल मंत्री

स्टेडियम

अयोध्या, सोमवार, 19 जनवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

वानखेड़े स्टेडियम का इंतजार कर रहे अमेरिकी गेंदबाज नेत्रवलकर

नई दिल्ली। मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब वह सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ अपनी टीम के टी20 विश्व कप के पहले मैच में मैदान पर उतरेंगे। यह वही मैदान है जहां से एक क्रिकेटर के रूप में उनके करियर की शुरुआत हुई थी। इसके बाद वह अपना करियर बनाने के लिए अमेरिका चले गए और वहां की नागरिकता हासिल करने के बाद उसकी राष्ट्रीय टीम के सदस्य बन गए। इस 34 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2013 में सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों के साथ मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट भी खेला था, लेकिन 2010 में अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद वह सीनियर टीम में जगह नहीं बना पाए।

एथलीट कमीशन के सदस्य बने विजेंदर

नई दिल्ली। बीजिंग ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट विजेंदर सिंह को एशियाई बॉक्सिंग एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया गया है, जबकि राजेंद्रन रविंद्रन को रेफरी और जज कमीशन सदस्यों का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। ये नियुक्तियां एशियाई बॉक्सिंग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एशियाई बॉक्सिंग संविधान और उसके गवर्नेंस ढांचे के अनुसार प्रभावी समन्वय, तकनीकी देखरेख और आने वाले कार्यक्रमों और चैंपियनशिप को पूरा करने में सहायता के लिए की हैं।

श्राची बंगाल टाइगर्स ने एसजी पाइपर्स को 3-2 से हराया

भुवनेश्वर। श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को यहां पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पूल चरण के अपने आखिरी मैच में एसजी पाइपर्स को 3-2 से हराकर खुद को शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। एसजी पाइपर्स ने दिलराज सिंह के चौथे मिनट में और टॉमस डोमेन के 31वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बनाई हुई थी। लेकिन श्राची बंगाल टाइगर्स के लिए जुगराज सिंह ने 45वें मिनट, अभिषेक ने 45वें मिनट और अफ्फान यूसुफ ने 48वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को वापसी कराकर जीत दिलाई।



महिला सिंगल्स विनर साउथ कोरिया की एन से यंग। एजेंसी

लिन चुन यी और आन से यंग बने चैंपियन

नई दिल्ली, एजेंसी

चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार को यहां 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया। महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त

इंडिया ओपन

लिन चुन यी। एजेंसी

और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झियी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। युगल स्पर्धा में लियू शेंगशु और टैन निंग की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 58 मिनट तक चले महिला युगल फाइनल में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त युकी फुकुशिमा और सायका मात्सुमोतो पर 21-11, 21-18 से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। चीन के लियांग वेइकिंग और वांग चांग की जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में जापान के हिरोकी मिडोरिकावा और क्योहेई यामाशिता की दुनिया की 22वें नंबर की जोड़ी को 17-21 25-23 21-16 से हरा दिया। मिश्रित युगल का ताज थाईलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान को मिला।



मिक्स्ड डबल्स विनर थाईलैंड के सुपिस्सारा पेवसम्प्रान और डेचापोल पुआवरानुक्रोह (दाएं), रनर-अप डेनमार्क के एलेक्जेंड्रा बोजे और मैथियास क्रिस्टियनसेन। एजेंसी

विराट शतक के बावजूद भारत वनडे सीरीज में हारा

न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, मिचेल और फिलिप्स ने खेलीं शतकीय पारियां

इंदौर, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (124 रन) का 54वां वनडे शतक भी भारतीय टीम के काम नहीं आ सका जिससे न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (137 रन) और ग्लेन फिलिप्स (106 रन) के शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां तीसरे और अंतिम क्रिकेट मैच में 41 रन की जीत से श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

न्यूजीलैंड के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि उसने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मुकाबलों के लिए भारत का दौरा शुरू किया था लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती थी। इस जीत से उसने 37 साल बाद भारत में श्रृंखला जीतने का इंतजार खत्म किया। भारत के तेज गेंदबाजों के शुरुआती झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड ने मिचेल के लगातार दूसरे शतक और फिलिप्स के तूफानी सैकड़े से आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कोहली (108 गेंद) का दबाव में खेला गया शानदार और जुझारू शतक भारतीय टीम के काम नहीं आ सका जिससे टीम जवाब में 46 ओवर में 296 रन पर ढेर हो गई। इससे भारत को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंडसे पहली द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में हार का मुंह देखना पड़ा। दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे लेकिन कोहली डटे रहे और पारी के अंत में आउट हुए। न्यूजीलैंड के लिए जैकरी फोक्स ने 77 रन देकर तीन और क्रिस्टियन क्लार्क ने 54 रन देकर तीन तीन विकेट झटके। वहीं जेडन लेनोक्स ने 42 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

मिचेल और फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए 188 गेंद में 219 रन की साझेदारी करके पारी की पूरी तस्वीर बदल दी। मिचेल (131 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) ने संयम और नियंत्रण के साथ पारी को संभाला जबकि फिलिप्स (88 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) ने आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई जिससे सतर्क शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड की पारी का रूख ही बदल गया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 71 रन पर चार विकेट खो दिए थे। फिर कोहली और नीतिश कुमार रेड्डी (53 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 88 गेंद में इतने ही रन की साझेदारी निभाई।

जीत का जश्न मनाते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी। एजेंसी

भारत

337/8 (50 ओवर)

- कॉनवे का रोहित बो हर्षित राणा 05
- हेनरी निकोल्स बो अर्शदीप 00
- विल यंग का जडेजा बो हर्षित राणा 30
- मिचेल का कुलदीप बो सिराज 137
- फिलिप्स का राहुल बो अर्शदीप 106
- माइकल ब्रेसवेल नाबाद 28
- मिचेल हे पगबाधा बो कुलदीप 02
- फॉक्स का कुलदीप बो अर्शदीप 10
- क्रिस्टियन क्लार्क बो हर्षित राणा 11
- काइल जैमीसन नाबाद 00

गेंदबाजी : अर्शदीप 10-1-63-3, हर्षित राणा 10-0-84-3, मोहम्मद सिराज 10-0-43-1, नीतिश कुमार रेड्डी 8-0-53-0, कुलदीप यादव 6-0-48-1, रविंद्र जडेजा 6-0-41-0

न्यूजीलैंड

296/10 (46 ओवर)

- रोहित शर्मा का क्लार्क बो फोक्स 11
- शुभमन गिल बो जैमीसन 23
- कोहली का मिचेल बो क्लार्क 124
- अय्यर का फोक्स बो क्लार्क 03
- राहुल का फिलिप्स बो लेनोक्स 01
- नीतिश कुमार का यंग बो क्लार्क 53
- रविंद्र जडेजा का यंग बो लेनोक्स 12
- राणा का निकोल्स बो फोक्स 52
- मोहम्मद सिराज का हे बो फोक्स 00
- कुलदीप यादव रन आउट 05
- अर्शदीप सिंह नाबाद 04

गेंदबाजी : काइल जैमीसन 9-0-58-1, जैकरी फोक्स 9-0-77-3, क्रिस्टियन क्लार्क 9-0-54-3, जेडन लेनोक्स 10-0-42-2, डेरिल मिचेल 1-0-10-0, ग्लेन फिलिप्स 8-0-54-0

कोहली ने जड़ा 54वां वनडे शतक

इंदौर। भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में रिकॉर्ड 54वां वनडे शतक लगाया। यह सुपरस्टार वडोदरा में श्रृंखला के पहले वनडे में 93 रन पर आउट हो गया था और इस उपलब्धि से चूक गया था। उन्होंने 40वें ओवर की आखिरी गेंद पर जैकरी फोक्स की गेंद पर एक रन लेकर 91 गेंद में अपना शतक पूरा किया जिसमें आठ चौके और दो छक्के जड़े थे। न्यूजीलैंड के आठ विकेट पर 337 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके बाद कोहली एक छोर पर डटे रहे और शतक पूरा किया।

हर्षित राणा ने कुछ बंधाई उम्मीद

हर्षित राणा की 43 गेंद में 52 रन की छोटी सी पारी ने कुछ समय के लिए उम्मीदें जगाईं, लेकिन जरूरी रन रेट बहुत ज्यादा था। कोहली के आउट होने से स्कोर नौ विकेट पर 292 रन था जिन्हें क्लार्क ने आउअ किया जिससे भारत की हार पक्की हो गई। कुलदीप यादव के आउट होते ही न्यूजीलैंड ने भारतीय सरजमीं ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। इससे पहले भारत एक समय पूरी तरह हावी था और उसने मेहमान टीम के 58 रन पर तीन विकेट झटक लिए थे। लेकिन मिचेल और फिलिप्स ने संभलकर खेलते हुए पारी को संभाला। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले दो ओवर में पांच रन पर पहले दो विकेट गंवा दिए थे।

सौराष्ट्र को हराकर विदर्भ ने जीता खिताब

बेंगलुरु, एजेंसी

विजय हजारे ट्रॉफी

अथर्व तायडे (128) की शतकीय और यश राठौड़ (54) की अर्धशतकीय पारियों के बाद यश ठाकुर और नचिकेत भूटे (तीन-तीन) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत रविवार को विदर्भ ने फाइनल में सौराष्ट्र को रनों से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

318 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की पूरी टीम 48.5 ओवरों में 279 रन ही बना सकी और मुकाबला 38 रनों से हार गई। सौराष्ट्र की शुरुआत खराब रही और उसने 30 के स्कोर अपने दो विकेट गंवा दिए।

कप्तान हार्विक देसाई (20) और विश्वराज जडेजा (नौ) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद प्रेरक मांकडे और समर गज्जर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में दर्शन नालकंडे ने समर गज्जर (25) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। पारस्वराज राणा (दो), प्रेरक मांकड़ (88) रन बनाकर आउट हुये। प्रेरक मांकड़ ने अपनी पारी में 10 चौके लगाये। चिराग जानी ने 63 गेंदों में 64 रन बनाये।

रूचि अहीर (21) और चेतन साकरिया 11 रन बनाकर आउट हुये। सौराष्ट्र के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। विदर्भ के लिए यश ठाकुर और नचिकेत भूटे (तीन-तीन) विकेट लिये। दर्शन नालकंडे को दो विकेट मिले। हर्ष दुबे ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

मुंबई मैराथन में महिला एलीट वर्ग की विजेता येशी कलायू चेकोले। एजेंसी

इथियोपियाई धावकों का दबदबा बरकरार

मुंबई, एजेंसी

मुंबई मैराथन

- **अबाते ने पुरुष और येशी ने महिला खिताब जीता**

मुंबई मैराथन में एक बार फिर इथियोपियाई धावकों का दबदबा देखने को मिला जिसमें ताडु अबाते देमे और येशी कलायू चेकोले ने क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग के खिताब अपने नाम किए। अबाते ने पुरुष एलीट वर्ग में दो घंटे नौ मिनट 55 सेकंड का समय लेकर जीत दर्ज की, जबकि उनकी हमवतन येशी ने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। मुंबई मैराथन में 21 चरणों में यह सातवीं बार है जब इथियोपियाई धावकों ने पुरुष और महिला दोनों खिताब एक साथ जीते हैं। पुरुष एलीट रेस में कीनिया के लियोनार्ड किपरोतिच लंगाट (2:10:10) दूसरे और इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे वेल्डेमारियम (2:10:22) तीसरे स्थान पर रहे।

महिला एलीट रेस में इथियोपियाई धावकों ने क्लीन स्वीप किया। किडसान अलेमा गेब्रेमेधिन (2:27:35) दूसरे और गोज्जाम त्सेगाये एनीयू (2:28:27) तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष व महिला एलीट वर्ग के शीर्ष तीन धावकों को क्रमशः 50000 अमेरिकी डॉलर, 25000 अमेरिकी डॉलर और 15000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गई। भारतीय पुरुष वर्ग में कार्तिक ने 2:19:55 के समय के साथ जीत दर्ज की। गत चैंपियन अनिश थापा (2:20:08) दूसरे और प्रदीप चौधरी (2:20:49) तीसरे स्थान पर रहे।

एरिगैसी ने प्रज्ञानानंद को हराया, गुकेश ने सिंदारोव से ड्रॉ खेला

विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञानानंद को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव हो हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के अनीश गिरी को पराजित किया। पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

एरीना सबालेंका।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन रिकॉर्ड बनाकर हारीं वीनस विलियम्स, मेलबर्न पार्क में पहले दिन रिकॉर्ड 100,763 दर्शक पहुंचे मैच देखने

अल्कराज और सबालेंका की शानदार शुरुआत

मेलबर्न, एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और एरीना सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकार्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को जीत के करीब पहुंचने के बावजूद पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा।

मेलबर्न पार्क में पहले दिन 100,763 दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे जो नया रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया के एडम वाल्टन ने दूसरे सेट में अल्काराज को चुनौती दी। यह सेट टाईब्रेकर तक खिंचा लेकिन स्पेन का दिग्गज खिलाड़ी जल्द ही संभल गया। अल्काराज ने आखिर में यह मैच 6-3, 7-6 (2), 6-2 से अपने नाम किया।

सबालेंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल करके तियांतसोआ राकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे। वीनस वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 45 साल की उम्र में महिला एकल का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है लेकिन उन्हें तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा डैनलोविच से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस तीसरे सेट में एक समय 4-0 से आगे चल रही थी लेकिन इसके बाद डैनलोविच ने शानदार वापसी की। वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रिकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा। पिछले साल के उपविजेता और पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी गैब्रियल डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार 10वें साल ऑस्ट्रेलिया ई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा को 6-1, 6-2 से हराया।

कार्लोस अल्काराज।

> मुझे आज के अपने प्रदर्शन पर वास्तव में गर्व है क्योंकि मैं हर अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन कर रही हूं। अभी मैं केवल अपने खेल को और बेहतर बनाने पर ध्यान दे रही हूं।
>
> **-वीनस विलियम्स**
>
> सच कहूं तो जब मैंने ड्रॉ देखा तो मैं बिल्कुल भी खुश नहीं था। पहले सेट में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मैं सोच रहा था कि इससे बुरा तो कुछ भी नहीं हो सकता। इसके बाद मैंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। डियालो युवा है, बहुत प्रतिभाशाली है।
>
> **-ज्वेरेव**

माउटेट ने अंडर आर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान खींचा

मेलबर्न। कोरेंटिन माउटेट ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को यहां मैच प्वाइंट पर अंडरआर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। किआ एरिना में मौजूद दर्शकों ने उनकी हूटिंग भी की, लेकिन 32वीं वरीयता प्राप्त माउटेट विचलित नहीं हुए। फ्रांस के इस खिलाड़ी ने बाद में कहा कि उन्होंने ट्रिस्टन स्कूलकेट पर 6-4, 7-6(1), 6-3 की जीत हासिल करने के लिए जो करना था, वह किया। उन्होंने कहा कि सर्विस करने का उनका यह तरीका योजनाबद्ध होने के बजाय सहज प्रवृत्ति पर आधारित था। माउटेट ने कहा मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अंक हासिल कर सकता हूं और आखिर में मैं अंक हासिल करने में भी सफल रहा।